आज रामनवमी

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, रविवार, 6 अप्रैल 2025 | शुक्ल पक्ष-नवमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-10 अंक- 347 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

सबके प्रभु श्रीराम : घुमका के साकिर हुसैन मालगुजार से बन गए रामगुजार

अब तो मज़हब कोई ऐसा भी चलाया जाए, जिस में इंसान को इंसान बनाया जाए। जिस की ख़ुश्बू से महक जाए पड़ोसी का भी घर, फूल इस क़िस्म का हर सम्त खिलाया जाए। सुप्रसिद्ध साहित्यकार व कवि गोपालदास नीरज की ये चंद पंक्तियों की प्रासंगिकता आज भी है, जो सांप्रदायिक सौहार्द्र और गंगा-जमुनी तहजीब मिसाल बनकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अक्षुण्य है। इस भाव को चरितार्थ करते हुए छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में घुमका गांव के हिंदू-मस्लिम भाइयों ने मिसाल की कायम की। इस गांव में करीब 70 साल पहले मालगुजार साकिर हुसैन ने श्रीराम मंदिर की स्थापना की थी। उनके द्वारा रखी गई आपसी-सौहार्द्र की नींव की परंपरा के संवाहक बनते हुए गांववालों ने श्रीराम के मंदिर को भव्य रूप दिया है। ये दीगर है कि देश में धर्म के नाम पर तमाम बहस चल रही हो, लेकिन यहां आपसी भाईचारे के अटूट रिश्ते ने यह बता दिया कि हम वसुधैव कुटुंबकम के अनुयायी है। आइए, आपको ऐसी ही हकीकत से रूबरू कराते हैं, जो छत्तीसगढ़ में आपसी सौहार्द्र के स्मारक के रूप में प्रभु श्रीराम का मंदिर विद्यमान है। महाकवि श्री तुलसीदास जी कहते हैं...तुलसी रामहु तें अधिक, राम भगत जियें जान। रिनिया राजा राम में, धनिक भए हनुमान।

घुमका में है ऐसा राम मंदिर जिसकी स्थापना साकिर हुसैन ने की थी

- मंडली के टीकाकार रहे साकिर हुसैन ने किल्लेकोड़ा से मंगवाई थी एकाश्म पत्थर में बने राम, सीता और लक्ष्मण की मूर्तियां

सुप्रीत शर्मा

- गंगा-जमुनी तहजीब की गौरव गाथा
- रामायण मंडली की प्रस्तुति के बाद मिलने वाली दान की राशि से हुआ था मंदिर का निर्माण
- आज भी याद करते हैं लोग साकिर हुसैन की राम भक्ति को
- हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल है यह गांव और मंदिर

बालोद/नवप्रदेश। आज रामनवमी के अवसर पर हम बालोद जिले के एक ऐसे राम मंदिर से आपको परिचित करवा रहे हैं जो हिंदू और मुस्लिम भाइयों की एकता का मिसाल है। खास बात यह है कि इस मंदिर की मूर्ति की स्थापना एक मुसलमान मालगुजार साकिर हुसैन ने की थी। इतना ही नहीं उक्त मुसलमान गांव घुमका में रामायण मंडली के टीकाकार भी थे। जिन्होंने विभिन्न मंचों पर प्रस्तुति देकर राम नाम की गाथा दुनिया भर में फैलाई। आज भी उक्त मुसलमान मालगुजार की राम भक्ति की चर्चा गांव में होती है। आज उनके द्वारा स्थापित राम मंदिर हिंदू और मुस्लिम एकता का प्रतीक बन चुका है। घुमका में एक अलग ही सद्भावना पूर्ण माहौल देखने को मिलता है। जहां धार्मिक सद्भावना और एकता आज की पीढ़ी को भी प्रेरित करती है।

रामनवमीं के अवसर पर हमने यहां के कुछ बुजुर्गों, ग्रामीणों के जरिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यहां विराजमान हैं मूंछ वाले श्रीराम-लक्ष्मण

- पंडरिया में अनोखा मंदिर जहां जगत के पालन हार श्रीराम का मूंछ वाला मंदिर

जीतेन्द्र नामदेव

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के अंतर्गत विकासखंड पंडरिया में श्री रामचंद्र जी का एक ऐसा मंदिर है जहां भगवान श्री राम जी के प्रतिमा में मूंछ है । यह मंदिर 200 सौ वर्ष से भी पुराना बताया जा रहा है । भगवान राम और माता सीता की कई मूर्तियां देखी होंगी । लेकिन

छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में श्री राम की एक ऐसी अनोखी प्रतिमा है जिसके बारे में शायद ही आपने सुना होगा । आइए जानते हैं क्या है इस मंदिर की विशेषता ।

भगवान श्रीराम से जुड़ी एक रोचक जादेश प्रदेश में तो लोगों ने भगवान राम-लक्ष्मण और माता जानकी की कई प्रतिमा देखे हैं. तीनों की पूजा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

जिस देश में सड़ी-सड़ी बातों को लेकर राजनीति होती रही है वहां वक्फ बिल को लेकर भला वोटों के सौदागर सियासत करने से कैसे बाज आ सकते हैं? बिहार में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं। वहां वक्फ बिल को लेकर नीतीश कुमार को निशाने पर लिया जा रहा है। तेजस्वी यादव एंड कंपनी को लग रहा है कि उनकी टिमटिमाती लालटेन अब हजार वॉट के बल्ब की तरह जगमगाएगी। वे यह भूल गये हैं कि नीतीश बाबू ने कच्ची गोलियां नहीं खेली हैं। वे तीर निशाने पर लगाना जानते हैं। बिहार में 70 प्रतिशत पासमांदा हैं।

नक्सली मुख्यधारा में जुड़े : शाह

बड़ा एलान- जो गांव नक्सली सरेंडर कराएगा, उसे एक करोड़ की राशि देंगे

- बस्तर का युवा सबसे आधुनिक शिक्षा प्राप्त करें
- अगले चैत्र नवरात्रि तक हमारा बस्तर खुशहाल हो

दंतेवाड़ा /नवप्रदेश। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नक्सलियों से मुख्य धारा में जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि आप हमारे 'अपने' हैं। कोई भी नक्सली मारा जाता है, तो किसी को आनंद नहीं होता है लेकिन इस क्षेत्र को विकास चाहिए।

शाह ने बस्तर पंडुम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पचास साल में विकास नहीं हुआ वह हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन पांच साल में इस बस्तर को सब कुछ देना चाहते हैं। पर यह तभी हो सकता है, जब बस्तर के अंदर शांति हो, बच्चे स्कूल जाएं, माताओं की स्वास्थ्य की चिंता हो, आदिवासी युवा कुपोषण से पीड़ित न हो, पढ़ाई-लिखाई से वंचित न हो, तहसील में अस्पताल हो, जिला केंद्र में हर रोग का इलाज हो और हर घर में सात किलो चावल मुफ्त में पहुंचे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बड़ी सफलता : 86 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

कोठागुडेम/नवप्रदेश । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच नक्सल मोर्चे से एक बड़ी खबर सामने आई है। तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में 86 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से अधिकांश छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने कोठागुडेम के हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर मल्टी जोन-1 के आईजी चंद्रशेखर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में 66 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल हैं। ये सभी माओवादी लंबे समय से आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग, हत्या और ठेकेदारों से वसूली जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे हैं। आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने बताया कि इन सभी ने तेलंगाना सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चेयुथा' के तहत आत्मसमर्पण किया है। सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की है। बताया जा रहा है कि यह आत्मसमर्पण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गोलियों की जगह सुनाई दे रही घंटियों की आवाज : साय

सीएम ने कहा कि अमित शाह के आशीर्वाद से आज बस्तर के उन इलाको में जाना संभव है, जहां कभी नक्सलवाद का कब्जा था। अब पूरे प्रदेश में कोने-कोने तक स्कूल पर अस्पताल खोले जा रहे हैं। हम बंद पड़े स्कूलों को अब खोल रहे हैं, नियत नेल्लनार योजना से 100 गांव को विकसित किए हैं, पहले जहां गोलियों की आवाज आती थी, आज वहां स्कूल के घंटियों की आवाज सुनाई देती है। मैं सभी को बधाई देता हूं।

श्रीलंका के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे गए पीएम मोदी

- अब तक 22 देशों ने किया सम्मानित

कोलंबो/वार्ता। श्रीलंका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से नवाजा। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने उन्हें यह सम्मान दिया। यह किसी विदेशी राष्ट्र की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया 22वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान है। पीएम मोदी ने कहा आज राष्ट्रपति दिसानायके की ओर से 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया जाना मेरे लिए गौरव की बात है। यह सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत और श्रीलंका ने रक्षा सहयोग सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायका के बीच कोलंबो में शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग पर अपने पहले सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के साथ ही त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर भी हस्ताक्षर किये हैं। रिपोर्ट के मुताबिक श्रीलंका के रक्षा सचिव संपत थुयाकोंथा ने कहा कि सहमति पत्र के तहत की जाने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अयोध्या में रामनवमीं की व्यापक तैयारी चप्पे-चप्पे में सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद

अयोध्या (आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रामनवमी की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्रीराम

जन्मोत्सव पर देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या में रामनवमी को लेकर सुरक्षा की सारी तैयारियां जोरों पर हैं। हर महत्वपूर्ण जगह सीसीटीवी लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिए कई जगह कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है।

खड़गे-राहुल ने जगजीवन राम को किया नमन

नयी दिल्ली(वार्ता) । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्व उपप्रधानमंत्री और

दिग्गज नेता रहे बाबू जगजीवन राम की 118वीं जयंती पर उनकी समाधि समता स्थल पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। खड़गे तथा गांधी ने समता स्थल पर जगजीवन राम की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वहां जगजीवन राम की पुत्री तथा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार सहित कई अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे। इस दौरान वहां सर्व धर्म सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वर्गों की लोगों ने हिस्सा लिया।

केन्द्र ने आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लिए 1280 करोड़ की सहायता मंजूर की

नयी दिल्ली (वार्ता)। केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष बाढ़, आकस्मिक बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी के लिए 1280.35 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति की शनिवार को हुई बैठक में यह मंजूरी दी गयी।

गृह मंत्रालय ने बताया है कि उच्चस्तरीय समिति ने राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से तीन राज्यों को 1247.29 करोड़ रुपये और एक केंद्रशासित प्रदेश को 33.06 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी, जो राज्य आपदा मोचन निधि में उपलब्ध वर्ष के लिए प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अंतर्गत है। अभी जारी कुल 1280.35 करोड़ रुपये की राशि में से बिहार के लिए 588.73 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 136.22 करोड़ रुपये, तमिलनाडु के लिए 522.34 करोड़ रुपये और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के लिए 33.06 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

यह अतिरिक्त सहायता केन्द्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष और केंद्रशासित प्रदेश आपदा मोचन कोष में जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईएनएस सह्याद्रि कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा

कोलंबो (वार्ता)। भारतीय नौसेना का जहाज सह्याद्रि कोलंबो बंदरगाह पहुंचा, जहां श्रीलंका की नौसेना ने उसका गर्मजोशी से स्वागत किया। 'डेली मिरर' की शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, आईएनएस सह्याद्री 143 मीटर लंबा फ्रिगेट है, जिस पर 320 लोगों का दल है और जहाज की कमान कैप्टन रजत कुमार के हाथ में है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएनएस सह्याद्री के चालक दल अपनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए श्रीलंका की नौसेना की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

संकट के समय म्यांमार के लिए देवदूत बना भारत

- क्वाड देशों के साथ मिलकर दी 20 मिलियन डॉलर की सहायता

नई दिल्ली (ए.)। म्यांमार में 7.7 की तीव्रता से आए भीषण भूकंप के चलते 3000 तीन हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। साथ ही उससे कही ज्यादा लोगों को विस्थापित होना पड़ा। हालांकि इस आपदा के समय में एक अच्छे पड़ोसी होने के नाते भारत ने अपना फर्ज निभाया और म्यांमार में राहत समाग्री भेजकर हरसंभव मदद की।

इतना ही नहीं इस आपदा के समय क्वाड के देश भी म्यांमार और थाईलैंड के साथ खड़े दिखे। भारत और अन्य क्वाड देश, जिनमें भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने 28 मार्च को म्यांमार में आए भूकंप के बाद म्यांमार और थाईलैंड के लोगों के साथ अपनी एकजुटता दिखाई है।

राजनाथ ने दो हजार करोड़ की परियोजना का उद्घाटन किया

नयी दिल्ली(वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर दो हजार करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया।नौसेना के प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के पहले चरण में हिस्सा लेने आये रक्षा मंत्री ने भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत नौसेना बेस कारवार में बुनियादी ढांचे की एक विस्तृत परियोजना श्रृंखला का उद्घाटन किया।

गरमा-गरम

व्यापार सौदा ... ट्रंप ने सभी आयातों पर 10 प्रतिशत बेस टैरिफ लगाने वाले आदेश पर हस्ताक्षर किए

ट्रंप ने भारत सहित तीन देशों के साथ टैरिफ वार्ता शुरू की

वाशिंगटन (वार्ता) । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वियतनाम, भारत और इजरायल के प्रतिनिधियों के साथ आयातित वस्तुओं पर हाल ही में लगाए गए टैरिफके संबंध में बातचीत की है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि ट्रंप अलग-अलग व्यापार सौदों पर बातचीत करने के लिए देशों के प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं, जिससे अगले सप्ताह की समय-सीमा से पहले प्रस्तावित टैरिफ में नरमी लाई जा सके।

गौरतलब है कि बुधवार को, ट्रंप ने पांच अप्रैल से अमेरिका में सभी आयातों पर 10 प्रतिशत बेस टैरिफ लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जबकि जिन देशों और

क्षेत्रों के साथ अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा है, उन पर उच्च, पारस्परिक टैरिफ नौ अप्रैल से लागू होंगे।

कुछ देशों ने टैरिफ वृद्धि के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के अपने इरादे पहले ही घोषित कर दिए हैं, जिसमें चीन ने कहा है कि वह 10 अप्रैल से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंदी की ओर बढ़ रहा अमेरिका, भारत पर लगाया 27 % रेसिप्रोकल टैरिफ

नई दिल्ली/वार्ता। वैश्विक ब्रोकरेज और अर्थशास्त्रियों ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा घोषित रेसिप्रोकल टैरिफके प्रभाव को ध्यान में रखते हुए भविष्य में अमेरिका में मंदी के आने की चेतावनी दी है। जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी के अनुसार, हम टैरिफके भार के तहत वास्तविक जीडीपी अनुमान में कटौती की उम्मीद करते हैं और पूरे वर्ष के लिए अब वास्तविक जीडीपी वृद्धि -0.3 प्रतिशत की उम्मीद करते हैं, जो पहले 1.3 प्रतिशत थी। बैंक के मुख्य अमेरिकी अर्थशास्त्री माइकल फेरोली ने ग्राहकों को लिखे एक नोट में कहा कि आर्थिक गतिविधि में अनुमानित कमी से हायरिंग में कटौती की जा सकती है और समय के साथ बेरोजगारी दर 5.3 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी।

चीन अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा

बीजिंग/वार्ता। अमेरिकी सरकार ने चीन से आयातित वस्तुओं पर 'पारस्परिक टैरिफ' लगाने की घोषणा की। अमेरिका की कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों के अनुरूप नहीं है, चीन के वैध अधिकारों और हितों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाती है और एकतरफा धौंस-धमकी की एक विशिष्ट कार्रवाई है। चीन लोक गणराज्य के टैरिफ कानून, चीन लोक गणराज्य के सीमा शुल्क कानून, चीन लोक गणराज्य के विदेश व्यापार कानून और अन्य कानूनों और विनियमों और अंतर्राष्ट्रीय कानून के बुनियादी सिद्धांतों के अनुसार और चीन के राज्य परिषद की मंजूरी के साथ, राज्य परिषद टैरिफआयोग 10 अप्रैल, 2025 को 12 बजकर 01 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रेलवे ने कबाड़ से कमाए 7 सौ करोड़

नई दिल्ली(ए.) भारतीय रेलवे के उत्तर रेलवे जोन ने वित्त वर्ष 2024-25 में कबाड़ बेचकर 781.07 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक कमाई की है। जो भारतीय रेलवे के सभी जोनो व उत्पादन इकाइयों में सबसे अधिक है। उत्तर रेलवे ने कबाड़ से आई इस रकम को यात्रियों को सुविधा व सुरक्षा के क्षेत्र में भी लगाने की तैयारी कर रहा है।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा के मुताबिक, यह स्क्रैप निपटान एक मिशन की तरह चलाया गया है। जिसका उद्देश्य केवल कमाई करना नहीं था, बल्कि रेलवे परिसरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित व सुरक्षित बनाना भी था। अब इस कमाई का उपयोग स्टेशन सुविधाओं के विस्तार, यात्री प्रतीक्षालयों के आधुनिकीकरण, नए प्लेटफॉर्म निर्माण, बेहतर लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरे और अन्य सुरक्षा उपकरणों के लिए किया जाएगा।

देश के कई इलाकों में चलेगी लू... 42 तक पहुंचेगा तापमान

नई दिल्ली। देश भर में तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है. इसके कारण लोगों को परेशानी होने लगी है. धूप तेज और तेज होती जा रही है, जिसके कारण दोपहर में सड़कों पर कुछ दूरी तक चलना भी मुश्किल हो रहा है. ऐसे में आगामी दिनों में गर्मी का अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है. मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भीषण गर्मी का अनुमान जताया है. इसने आम लोगों को परेशान कर दिया है. दरअसल, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में देश के अलग-अलग राज्यों के लिए अधिकतम तापमान में इजाफे का अनुमान जताया है. साथ ही दिल्ली सहित कुछ राज्यों में लू का प्रकोप भी देखने को मिल सकता है. विभाग ने अनुमान जताया है कि कुछ जगहों पर अगले कुछ दिनों में तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है. मौसम विभाग ने हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश को लेकर लू चलने का अनुमान जताया है. जल्दी गर्मी आने की शिकायत कर रहे लोगों के लिए लू की चेतावनी और ज्यादा परेशान करने वाली है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को अगले छह दिनों तक दिल्ली में लू चलने का पूर्वानुमान जताया है. साथ ही कहा है कि इस दौरान पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आईएमडी द्वारा जारी छह दिवसीय पूर्वानुमान के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में लू चलने की स्थिति रहेगी और अधिकतम तापमान 39 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा. इसके अलावा अगले 5-6 दिनों के दौरान देश के विभिन्न इलाकों में तापमान बढ़ने का भी अनुमान है. मौसम विभाग ने बताया कि देश के विभिन्न इलाको में 2 से 4 डिग्री सेल्सियत तक अधिकतम तापमान में इजाफा हो सकता है।

ये है मौसम विभाग का अनुमान

- उत्तर पश्चिमी भारत के इलाकों में अगले 5 से 6 दिनों के दौरान लू चल सकती है।
- दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ स्थानों पर अगले तीन दिनों के दौरान गरज के साथ बिजली और छिटपुट जगह पर भारी बारिश हो सकती है।
- पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, सौराष्ट्र कच्छ, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली के आसपास के इलाकों में 38 से 42 डिग्री देखने को मिल सकता है।

बारिश की संभावना देश के केरल, तमिलनाडु, दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक में कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही उत्तर पूर्वी राज्यों में असम, मेघालय के साथ ही अरुणाचल प्रदेश में भी कुछ जगहों पर भारी बारिश का अनुमान जताया है। बारिश, ओलावृष्टि, बिजली कड़कने और तूफान को लेकर असम और मेघालय के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

ताजमहल सबसे ज्यादा कमाई करने वालों की सूची में सबसे ऊपर

नई दिल्ली। मुगलकालीन ताजमहल टिकट बिक्री में सबसे अधिक कमाई करने वाला एएसआई संरक्षित स्मारक बन गया है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, ताजमहल ने पिछले पांच वर्षों में 297 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। प्रश्न पूछा गया था कि पिछले पांच वर्षों में प्रवेश टिकटों की बिक्री से किन स्मारकों ने सबसे अधिक राजस्व अर्जित किया। इसके जवाब में मंत्री ने जानकारी दी। 'ताजमहल' पिछले पांच वर्षों से इस सूची में शीर्ष स्थान पर है। ताजमहल का निर्माण सम्राट शाहजहाँ ने 17वीं शताब्दी में करवाया था। 2019-20 में आगरा किला और दिल्ली में कुतुब मीनार क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर थे। वित्तीय वर्ष 2020-21 में तमिलनाडु के मामल्लपुरम और कोणार्क के सूर्य मंदिर दूसरे और तीसरे स्थान पर थे।

राजकीय सम्मान के साथ हुआ मनोज कुमार का अंतिम संस्कार

मुंबई(वार्ता)। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्मकार-अभिनेता मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन हो गए हैं।मुंबई में जुहू के पवन हंस श्मशान घाट पर शनिवार को उनके परिजनों, मित्रों और प्रशंसकों की उपस्थित में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अभिनेता के पार्थिव शरीर को उनके पुत्र कुणाल गोस्वामी ने मुखाग्नि दी।

पुलिस की एसटीएफ ने हथियार डीलर को गिरफ्तार किया

कोलकाता। कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने हावड़ा रेलवे स्टेशन से एक हथियार डीलर को गिरफ्तार किया, जिसके पास से पिस्तौल और कारतूस बरामद किये गये. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि आरोपी मुर्शिदाबाद जिले का निवासी है और वह चेन्नई भागने की फिराकमें था. शुक्रवार को उसे रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया, 'गिरफ्तार आरोपी एसटीएफ पुलिस थाने में दर्ज मामले में वांछित मुख्य हथियार डीलरों में से एक है. उसे हावड़ा स्टेशन से गिरफ्तार किया गया और हमने उसके पास से एक 7.65 एमएम की पिस्तौल, एक मैगजीन और 10 कारतूस बरामद किए हैं.' उन्होंने बताया कि इसके अलावा उसके कब्जे से चार अर्धनिर्मित हथियार और चार पिस्तौल की 'बैरल' भी जब्त की गई हैं. स्थानीय अदालत ने आरोपी को 17 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

कर्नाटक में मिनी बस और खड़े ट्रक में टक्कर, 5 की मौत

कलबुर्गी। कर्नाटक में कलबुर्गी जिले के जेवर्गी तालुक में नेलोगी क्रॉस के पास शनिवार तड़के एक मिनी बस के खड़े ट्रक से कथित तौर पर टकरा जाने से 13 वर्षीय एक किशोरी समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि सभी यात्री बगलकोट के रहने वाले थे और वे कलबुर्गी जिले में एक दरगाह जा रहे थे, इसी दौरान तड़के करीब साढ़े तीन बजे यह दुर्घटना हो गई. कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक ए श्रीनिवासुलु ने बताया कि दुर्घटना इतनी भयानक थी कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री घायल हो गए। प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि कथित तौर पर तेज गति से चल रही मिनी बस का चालक नींद में था और उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिसके कारण बस खड़े ट्रक से टकरा गई. उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शुरुआत में उसे लगा कि मिनी बस का चालक दुर्घटना के बाद मौके से भाग गया होगा, लेकिन बाद में उसे खून से लथपथ सड़क पर पड़ा पाया गया. उसका अस्पताल में इलाज हो रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

अल्पसंख्यकों को परेशान करने के लिए विधेयक तैयार किया : खड़गे

संसद में पारित वक्फ संशोधन विधेयक की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

■ असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ संशोधन विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

नई दिल्ली/आईएएनएस। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन विधेयक की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। उन्होंने याचिका में दावा किया कि यह विधेयक संविधान के प्रावधान का उल्लंघन करता है। इस विधेयक को गुरुवार को लोकसभा और शुक्रवार को राज्यसभा ने मंजूरी दे दी थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार ने अल्पसंख्यकों को परेशान करने के लिए यह विधेयक तैयार किया है। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने इस याचिका में कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक में वक्फसंपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाए गए हैं। इससे मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता कमजोर होगी।

नीतीश कुमार को झटका

जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी के पांच नेताओं - नदीम अख्तर, राजू नैयर, तबरेज़ सिद्दीकी अलीग, मोहम्मद शाहनवाज़ मलिक और मोहम्मद कासिम अंसारी - ने पार्टी द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करने के बाद पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। राजू नैयर ने कहा है कि जनता दल (यूनाइटेड) ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया। इसको लेकर जनता में गहरी नाराजगी है और इसी जनभावना को ध्यान में रखते हुए मैंने पार्टी छोड़ दी है।

मुसलमानों के अधिकारों पर हमला

यह विधेयक मुसलमानों के अधिकारों पर हमला है। कोई भी व्यक्ति हिंदू, जैन और सिख धार्मिक समूहों को धन दान कर सकता है। लेकिन आपने वक्फ में बदलाव कर दिया। यह अनुच्छेद 15 और 21 का उल्लंघन है।

अन्याय और भ्रष्टाचार का युग होगा समाप्त

संसद में वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी मिलने से अन्याय और भ्रष्टाचार का युग समाप्त हो गया है तथा न्याय और समानता का नया युग शुरू हुआ है। वक्फ बोर्ड के कार्यों का भी ऑडिट किया जाएगा।

महिलाएं और बच्चे बिल के खिलाफ सड़कों पर

संसद से वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने के बाद शुक्रवार को देश के कुछ राज्यों में इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और असम में मुसलमान केंद्र सरकार के विरोध में सड़कों पर उतर आए। इस प्रदर्शन में महिलाओं और बच्चों ने भी भाग लिया। पुलिस कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले रही है।

संविधान के सिद्धांतो पर हमला - मल्लिकार्जुन खड़गे

सरकार संविधान के सिद्धांतों और प्रावधानों पर हमला कर रही है और कांग्रेस इसके खिलाफ लड़ेगी। विधेयक में खामियां हैं और इसका विरोध भी हो रहा है। विरोध के बावजूद विधेयक पारित कर दिया गया।

सोनिया गांधी को माफी मांगनी चाहिए : भाजपा

सोनिया गांधी के बयान का विरोध करते हुए भाजपा सांसदों ने शुक्रवार को हंगामा किया। भाजपा ने सोनिया गांधी से माफी की मांग की। इसके कारण सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सोनिया गांधी ने कहा था कि वक्फ संशोधन विधेयक संविधान पर सीधा हमला है और यह समाज को लगातार ध्रुवीकृत करने की भाजपा की रणनीति का हिस्सा है।

यह मुसलमानों के खिलाफ जयराम रमेश

विपक्षी दलों ने लोकसभा और राज्यसभा में बहस के दौरान वक्फ विधेयक की आलोचना करते हुए कहा कि यह मुसलमानों के खिलाफ है और असंवैधानिक है। हम वक्फ अधिनियम के खिलाफ अदालत में अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद

विपक्ष को वक्फ संशोधन विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती जरूर देनी चाहिए, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को भड़काना नहीं चाहिए।

भारत-श्रीलंका के बीच अटूट बंधन

कोलंबो में राष्ट्रपति दिसानायके के साथ व्यापक और उपयोगी वार्ता

कोलंबो(आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-श्रीलंका संबंधों के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की सराहना की। दोनों नेताओं ने शनिवार को कोलंबो में राष्ट्रपति सचिवालय में आयोजित द्विपक्षीय चर्चा के दौरान सुरक्षा, व्यापार, कृषि, आवास, संस्कृति सहित अन्य क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, ÷कोलंबो में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ व्यापक और उपयोगी वार्ता हुई। उन्होंने राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना था। अब मुझे पहला विदेशी नेता होने का सम्मान मिला जिसकी मेजबानी उन्होंने की। यह भारत-श्रीलंका संबंधों और हमारे देशों के बीच मौजूद अटूट बंधन के प्रति उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पीएम मोदी ने कहा, राष्ट्रपति दिसानायके की भारत यात्रा के बाद से काफी प्रगति हुई, खासकर ऊर्जा, सौर ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में। आज की हमारी बातचीत में हमने सुरक्षा, व्यापार, कृषि, आवास, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को और गति देने के तरीकों पर चर्चा की।

द्विपक्षीय वार्ता के बाद रक्षा सहयोग और त्रिंकोमाली को ऊर्जा केन्द्र के रूप में विकसित करने सहित कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इससे पहले श्रीलंका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से नवाजा।

राष्ट्रपति दिसानायके ने उन्हें यह सम्मान दिया। यह किसी विदेशी राष्ट्र की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया 22वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान है।

पीएम मोदी ने कहा, ÷आज राष्ट्रपति दिसानायके की ओर से 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया जाना मेरे लिए गौरव की बात है। यह सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं है, बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंधों और गहरी मित्रता का सम्मान है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि श्रीलंका सरकार ने उन्हें (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को) श्रीलंका का सर्वोच्च सम्मान-श्रीलंका मित्र विभूषण प्रदान करने का निर्णय लिया प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मान के पूर्णतः हकदार हैं; यह हमारा दृढ़ विश्वास है।

छिंगमिंग फेस्टिवल की छुट्टियों के पहले दिन हजारों लोग हांगकांग पहुंचे

बीजिंग(आईएएनएस)। छिंगमिंग त्योहार की छुट्टियों का शुक्रवार को पहला दिन था। चीन के हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की सरकार के आव्रजन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 4 अप्रैल को 12 लाख 70 हजार से अधिक लोगों ने समुद्री, भूमि और वायु नियंत्रण स्टेशनों के माध्यम से हांगकांग में प्रवेश किया और बाहर गए। बाहर जाने वाले यात्रियों की दृष्टि से, लुओहु पोर्ट पर सबसे अधिक 1,40,000 यात्री आए। लोकमाचो स्पर लाइन पोर्ट और शनचन-बे पोर्ट पर क्रमशः लगभग 1,26,000 और 96,000 यात्री थे, हांगकांग-चुहाई-मकाओ ब्रिज से लगभग 78,000 यात्री गुजरे और हांगकांग अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 68,000 यात्री गुजरे। उधर, आने वाले यात्रियों की संख्या के संदर्भ में, लुओहु पोर्ट और लोकमाचो स्पर लाइन पोर्ट में क्रमशः लगभग 1,28,000 और 1,18,000 यात्री थे, शनचन-बे पोर्ट में लगभग 85,000 यात्री थे और हांगकांग हाई स्पीड रेल वेस्ट कॉव्लून स्टेशन में लगभग 67,000 यात्री थे।

नाइजीरिया में बंदूकधारियों के हमलों में 52 की मौत

अबुजा(वार्ता)। मध्य नाइजीरिया में संदिग्ध बंदूकधारियों ने इस सप्ताह के दौरान कम से कम 52 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बुधवार रात से हुए हमलों ने प्लेट्यू राज्य के बोक्कोस स्थानीय सरकार क्षेत्र में समुदायों में दहशत पैदा कर दी है।

एआई केवल तकनीक नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम भी : मोहन यादव

नई दिल्ली/भोपाल/नवप्रदेश। दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में शनिवार को 'सोशल इंप्लीकेशंस ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद शामिल हुए। सीएम मोहन यादव ने बदलते दौर में एआई की बढ़ती हैसियत पर बात की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बताया कि आज के समय में यह अत्यंत प्रासंगिक विषय है जिस पर विस्तार से चर्चा की गई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम जन कल्याण और सुशासन के लिए विज्ञान आधारित प्रणालियों का उपयोग करने की दिशा में काम कर रहे हैं, साथ ही आवश्यक सावधानियां भी सुनिश्चित कर रहे हैं। ऐसे महत्वपूर्ण विषयों को सामने लाना सराहनीय है। मैं इस पहल के लिए बधाई देता हूं। सीएम यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस कार्यक्रम की झलकियां साझा कीं। जिसमें से एक में वे एआई को लेकर फैले भ्रम पर बात करते दिखे। उन्होंने कहा, ÷जब कंप्यूटर और इंटरनेट आए, तो लोगों को डर था कि नौकरियां चली जाएंगी और घर बर्बाद हो जाएंगे। हर चीज में अच्छी और बुरी बातें होती हैं। वैसे ही, एआई में भी अच्छाई और बुराई दोनों हैं। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इसका उपयोग कैसे करते हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया।

देश के समुद्री इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार कर रही काम: पीएम मोदी

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सरकार देश के समुद्री क्षेत्र और बंदरगाहों को मजबूत करना जारी रखेगी, जो भारत की प्रगति और समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'राष्ट्रीय समुद्री दिवस' के अवसर पर अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा, हम भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास और राष्ट्र निर्माण में इस क्षेत्र द्वारा निभाई गई भूमिका को याद करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत पहले के समय में एक मान्यता प्राप्त समुद्री शक्ति था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद के दौर में समुद्री क्षेत्र की अनदेखी की गई।

समुद्री क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल

हालांकि, पिछले 10 वर्षों के दौरान न्यू इंडिया ने समुद्री क्षेत्र में कई नई उपलब्धियां हासिल की हैं और सरकार देश के समुद्री इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में देश के प्रमुख बंदरगाहों की कार्गो हैंडलिंग क्षमता दोगुनी हो गई है और बंदरगाहों तक कनेक्टिविटी में सुधार के लिए हजारों किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि सरकार के समृद्धि के लिए बंदरगाह और प्रगति के लिए बंदरगाह के मंत्र के साथ समुद्री क्षेत्र में बड़े बदलाव लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा उत्पादकता के लिए बंदरगाह के नए मंत्र को समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए भी आगे बढ़ाया गया है। पीएम मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार 'कोस्टल शिपिंग' को विकसित करने के लिए कई नए कदम उठा रही है। यह बयान गुरुवार को लोकसभा द्वारा अनुमोदित 'कोस्टल शिपिंग बिल' की पृष्ठभूमि में दिया गया।

कोस्टल शिपिंग के रेगुलेशन

इस विधेयक का उद्देश्य भारतीय तटीय जल (कोस्टल वॉटर) के भीतर व्यापार में लगे जहाजों को रेगुलेट करना है। इस विधेयक का उद्देश्य कोस्टल शिपिंग के रेगुलेशन से संबंधित कानून को कंसोलिडेट और संशोधित करना, तटीय व्यापार (कोस्टल ट्रेड) को बढ़ावा देना और घरेलू भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। विधेयक यह सुनिश्चित करेगा कि भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और वाणिज्यिक जरूरतों के लिए देश के नागरिकों के स्वामित्व और संचालन वाले तटीय बेड़े (कोस्टल फ्लीट) से लैस हो।

टैरिफ स्ट्राइक ... | रूस का 'टैरिफलिस्ट' से बाहर होना बहुत हैरानी की बात नहीं

व्हाइट हाउस में दूसरी बार एंट्री के बाद से ट्रंप, रूस को लेकर बेहद नरम रुख अपना रहे

वाशिंगटन(आईएएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को दुनिया भर के 184 देशों पर व्यापक टैरिफ लगाया। भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया, जबकि चीन और अन्य देशों पर इससे भी अधिक शुल्क लगा। लगभग सभी देशों को अब 10 प्रतिशत के बेसलाइन टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। हालांकि रूस समेत कुछ अन्य देशों को इससे बाहर रखा गया ? आखिर इसका कारण क्या है?

व्हाइट हाउस ने जब से 'टैरिफलिस्ट' जारी की तभी से इसमें बेहद अहम देश रूस की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी हुई है। इसे लेकर व्हाइट हाउस की तरफसे सफाई भी जारी की गई। हालांकि रूस का 'टैरिफ लिस्ट' से बाहर होना बहुत हैरानी की बात नहीं है। व्हाइट हाउस में दूसरी बार एंट्री के बाद से ट्रंप, रूस को लेकर बेहद नरम रुख अपना रहे हैं। यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर भी उन्होंने कीव को लगातार निशाने पर लिया जबकि मॉस्को का बचाव किया।

अमेरिकी आउटलेट एक्सियोस के मुताबिक व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि रूस को इसलिए (टैरिफलिस्ट से) बाहर रखा गया क्योंकि वह पहले से ही अमेरिकी प्रतिबंधों के अधीन है, जो क्रेमलिन और वाशिंगटन डीसी के बीच 'किसी भी सार्थक व्यापार को रोकते हैं। रूस ने ट्रंप से अमेरिका की मध्यस्थता वाली यूक्रेन युद्ध विराम वार्ता के तहत कुछ प्रतिबंधों को हटाने के लिए कहा है। हालांकि लेविट का कहना है कि रूस को अभी भी 'अतिरिक्त कड़े प्रतिबंधों' का सामना करना पड़ सकता है। बता दें ट्रंप ने हाल ही में रूस को तेल पर सेकेंडरी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। यूएस प्रेसिडेंट के मुताबिक वह यूक्रेन के बारे में की गई रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की टिप्पणियों से 'नाराज' हैं।

यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण लगाए गए प्रतिबंधों के कारण अमेरिका-रूस व्यापार का मूल्य 2021 में लगभग 35 बिलियन डॉलर से घटकर पिछले वर्ष 3.5 बिलियन डॉलर रह गया। अमेरिका अभी भी मॉरीशस या ब्रुनेई जैसे देशों की तुलना में रूस के साथ अधिक व्यापार करता है, जो ट्रंप की टैरिफ सूची में शामिल हैं। रूस के अलावा क्यूबा, बेलारूस और उत्तर कोरिया को भी टैरिफ लिस्ट से बाहर रखा गया है। लेविट का कहना है कि इन देशों पर मौजूदा शुल्क और प्रतिबंध पहले से ही बहुत अधिक हैं। कनाडा और मैक्सिको को भी इस टैरिफलिस्ट में शामिल नहीं किया गया। लेविट ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि ट्रंप ने पहले ही दोनों पर 25% टैरिफ लगा दिया था।

रामलला का दर्शन करने 1008 दर्शनार्थी अयोध्या रवाना

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने दिखाई हरी झंडी, श्रीराम की जयघोष के साथ राममय हुआ शहर

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस मैदान से आज 1008 रामभक्तों का जत्था अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सभी दर्शनार्थी पीले वस्त्रों में पुलिस ग्राउंड पहुंचे। जय श्री राम के उद्घोष से पुलिस ग्राउंड गूंज उठा। दर्शनार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, अटल श्रीवास्तव, सभापति विनोद सोनी, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान सहित कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी प्रवीण झा उपस्थित थे। बसों को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बसों की रवानगी के पहले श्री रामलला की विधि-विधान से पूजा कर आरती की गई। सभी श्रद्धालु इस दौरान उपस्थित रहे। रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाने वाले दर्शनार्थी दो घंटे पहले ही पुलिस ग्राउंड पहुंच गए। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा आई कार्ड सहित सभी जरुरी दिशा निर्देश इन्हें दिया गया। बस तय सीमा में जय श्री राम के नारे के साथ अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुई। श्री झा ने बताया कि प्रत्येक बसों में आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित हैं, जिससे यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा होने पर इसकी जानकारी दे सके। अपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था व चिकित्सक भी यात्रा के दौरान रहेंगे। पुलिस ग्राउंड में भगवा वस्त्र धारण किए हजारों की भीड़ देखी जा रही थी। दर्शन के लिए जा रहे एसके साहू ने बताया कि दो से तीन बार उन्होंने अयोध्या यात्रा की योजना बनाई, लेकिन किसी न किसी वजह से ये यात्रा पूरी नहीं हो पा रही थी। आयोजन समिति को धन्यवाद देता हूं। इनकी वजह से रामनवमीं के पावन अवसर पर रामलला के दर्शन होंगे।

प्रत्येक बस में स्वयं सेवक मौजूद

स्वयं सेवक रौशन ने बताया कि यात्रा को सफल बनाने के लिए तैयारी व्यवस्थित तरीके से की गई है। भोजन, जलपान, विश्राम स्थलों की व्यवस्था भी पूर्व निर्धारित हो गई है। स्वयं सेवकों द्वारा वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सभी जानकारी दर्शनार्थियों तक पहुंचाई जा रही है। इसके साथ ही स्वयं सेवक प्रत्येक बस में मौजूद रहकर दर्शनार्थियों की सुविधा का ध्यान रख रहे हैं। सभी जरूरी दिशा निर्देश स्वयं सेवकों द्वारा दर्शनार्थियों को दी जाएगी। कल प्रातः 5 बजे बस प्रयागराज पहुंचेगी। यहां सभी दर्शनार्थी गंगा स्नान करने के बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए आगे बढ़ेंगे। कल रात्रि को अयोध्या से बिलासपुर की वापसी यात्रा शुरु होगी।

हनुमान जी पहली सीट पर हुए विराजमान

यात्रा शुरु होने के पहले हनुमान चालीसा का पाठ व आरती करके समिति द्वारा हनुमान लला को यात्रा को सफल बनाने के मंगल कामना करते हुए बस के पहली सीट पर बिठाया गया। पूरे यात्रा के दौरान यह सीट भगवान हनुमान के लिए सुरक्षित किया गया है, जिन्हें समय-समय पर भोग लगाया जाएगा।

न्यूज गैलरी

लोन दिलाने के नाम पर 19 लोगों से 6 लाख की ठगी, महिला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बैंक से लोन दिलाने के नाम पर 19 लोगों से 6 लाख रुपए ठगी करने वाली महिला आरोपी को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 4 अप्रैल को प्रार्थीया मीरा मानिकपुरी पति गणेश दस मानिकपुरी उम्र 28 साल पता देवरीखुर्द तोरवा बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आरोपिया प्रियंका राय पिता संजय राय उम्र 30 साल पता देवरीखुर्द तोरवा बिलासपुर के विरुद्ध बैंक से लोने दिलाने के नाम पर प्रार्थीया सहित कुल 19 लोगों से 597450 रूपये लेकर धोखाधड़ी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई गई जिस पर से आरोपिया के विरुद्ध धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जिसकी जानकारी तत्काल जिले के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह भापुसे को दी गई जिनके द्वारा तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए जिसके परिपालन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल और नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अक्षय प्रमोद सबद्रा भापुसे के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी तोरवा के नेतृत्व में टीम गठन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपिया प्रियंका राय को पकड़ा गया।

अपने जोन के सभी वार्डों में योजनाबद्ध तरीके से होंगे कामः रंगा नादम

वार्ड 33 की पेयजल समस्या दूर करना इस कार्यकाल की पहली प्राथमिकता

बिलासपुर/नवप्रदेश। वार्ड नंबर 33 गांधीनगर से निर्वाचित भाजपा पार्षद रंगा नादम अपने वार्ड से दूसरी बार जीत कर पार्षद बने हैं। पार्षद श्री नादम ने बताया कि उनके वार्ड में पेयजल की समस्या गंभीर है। इस समस्या को इन पांच वर्ष के कार्यकाल में पूरी तरह से समाप्त करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए शहर विधायक से बात कर बजट तैयार किया गया है।

श्री नादम ने आगे बताया कि पिछले पांच सालों में कांग्रेस सरकार होने की वजह से वार्ड को किसी भी तरह का बजट नहीं दिया गया है, जिस वजह से मूलभूत समस्याएं भी वार्ड में हैं। पार्षद के साथ ही जोन अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी दी गई है, जिसे मैं पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ पूरी करुंगा। वार्ड में जगह-जगह नालियां खुली पड़ी है जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। इन नालियों को स्लैब से कवर किया जाएगा, जिससे गाड़ी पार्किंग के लिए भी वार्ड में जगह बनेगी। इसके साथ ही वार्ड के सभी मुख्य जगहों पर पार्षद निधि और शहर विधायक की मदद से सीसीटीवी लगाने की योजना है, जिसका डीवीआर मेरे कार्यालय में लगा रहेगा। पार्षद श्री नादम ने बताया कि पिछले कार्यकाल में कांग्रेस सरकार से किसी तरह का बजट नहीं मिलने के बावजूद पार्षद निधि से अपने वार्ड में बहुत से कार्य किए। वार्डवासियों ने मेरी परेशानी को देखा है और मुझे सहयोग भी दिया। इसी के फलस्वरुप दूसरी बार मुझे जीताकर वार्ड की जिम्मेदारी दी गई है। पिछले कार्यकाल में भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, सीसी रोड जैसे कार्य वार्ड में हुए हैं। इस कार्यकाल में 2011 के हुए सर्वे सूची का नवीनीकरण कराने के लिए विधायक से निवेदन करुंगा जिससे जिस जरुरतमंद लोगों का नाम इसमें नहीं जुड़ पाया है उन्हें एक और मौका मिल जाएगा। वार्डवासियों को वृद्धा पेंशन, महतारी योजना से जोड़ने के साथ ही महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिए प्रयास किया जाएगा।

स्ट्रीट लाइट में टाइमर जरुरी

वार्ड के स्ट्रीट लाइट में टाइमर लगवाया जाएगा, जिससे एक निश्चित समय के बाद स्ट्रीट लाइट बंद हो जाए। 24 घंटे जलने की वजह से स्ट्रीट लाइट में बहुत जल्दी खराबी आ जाती है। पानी बचाओ अभियान को ध्यान में रखते हुए अपने वार्ड के सभी टूटे-फूटे पाइप लाइन की मरम्मत, जिन नल में टोंटी न हो उसमें टोटी लगाकर पानी के व्यर्थ बहाव को रोका जाएगा। श्री नादम ने कहा कि कांग्रेस सरकार अगर पिछले कार्यकाल में मदद करती तो वार्ड में इस तरह की जो समस्याएं बनीं हुई हैं उसका निराकरण पहले ही हो जाता।

पेंड्रीडीह बाईपास के आसपास से 26 बेजा कब्जा हटाए गए

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट बिलासपुर में दाखिल जनहित याचिका के पालन में कलेक्टर बिलासपुर के निर्देशानुसार रायपुर रोड पर पेंड्रीडीह बायपास के इर्द गिर्द किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 26 व्यक्तियों का अतिक्रमण हटाया गया। नायब तहसीलदार बोदरी की टीम ने आज पुलिस टीम के साथ सुबह 10 बजे से पेंड्रीडीह बायपास पास पहुंची, जहां पर अलग अलग किए किए गए कुल 26 लोगों का अतिक्रमण हटाया गया है। उनके द्वारा सड़क मद और घास भूमि में बेज़ा कब्जा कर दुकान, मकान और ठेला लगा लिया गया था, जिनके खिलाफ कार्रवाई हुई, उनमें पुरुषोत्तम, सुधाराम,महेश साहू, कृष्ण कुमार, सुल्तान, रामप्यारी, मिलउराम, हसन अंसारी, कन्हैयालाल, मनीष गढ़वाल, रामप्रसाद, दसरू पाल, राहुल नाग, संजू सिंह, तितरा, राजू, अशोक श्रीवास, प्रताप,कुंज बिहारी, नरेंद्र कुमार, धनीराम साहू, दुकालू और प्रेम साहू शामिल हैं।उक्त अतिक्रमण उच्च न्यायालय बिलासपुर के जनहित याचिका क्रमांक 58/2019 संजय रजक विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य और अन्य में पारित किए गए आदेश के परिपालन में कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, एनएचएआई एवं स्थानीय पंचायत की टीम उपस्थित थे।

नशे में बाइक से गिरकर युवक की मौत, दूसरे ने सदमे में लगाई फांसी

■ **एक ही रात में दो दोस्तों की मौत से गांव में मातम**

तखतपुर/नवप्रदेश। रात में एक साथ गाड़ी में बैठकर शराब की पार्टी कर साथ घर जा रहे युवक की गिरने से मौत होने पर उसके साथी युवक ने भी पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह पूरा मामला तखतपुर थाना अंतर्गत ग्राम गुनसरी की है। घटना की जानकारी लगते ही गांव में शोक के लहर छाई हुई है। तखतपुर थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय मरकाम पिता स्व राधेलाल मरकाम उम्र 33 वर्ष निवासी रानीगांव रतनपुर अपने पिता के साढ़ू अशोक मरकाम के यहां अपनी शादी के लिए लड़की देखने के लिए आया हुआ था। तभी गांव के ही होरीलाल गोड़ के साथ 4 मार्च के रात्रि 9 बजे दोनों गांव के डेम में शराब पी रहे थे। शराब पीने के बाद वापस घर जा रहे थे तभी डैम के पास ही होरीलाल शराब ज्यादा पीने के कारण नीचे गिर गया जहां उसके सर व अन्य हिस्से में गंभीर चोटे आई वही 108 के आते तक होरीलाल गोड़ की मौत हो गई। इस बात की जानकारी लगते ही साथी विजय मरकाम सदमे में आ गया और दोस्त की मौत से व्यथित होकर विजय मरकाम गांव से दूर जाकर अपने गमछे से खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुबह जब इस बात की जानकारी गांव वालों को हुई तब सूचना तखतपुर थाना में दिया गया जहां तखतपुर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मृतक विजय मरकाम का पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। नवरात्रि के अष्टमी का उत्सव जहां गांव वाले धूमधाम से मना रहे थे। तभी एक ही गांव के दो युवकों की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोग व रिश्तेदार गांव पहुँच गए ।

शादी के लिए लड़की देखने आए थे युवक

मृतक विजय मरकाम अपने पिता के साढू के घर अपनी शादी के लिए लड़की देखने आया था। शादी के लिए लड़की देखने से पहले ही युवक फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। एक तरफ़ उसके घर वाले उसके शादी के लिए तैयारी में जुटे हुए थे लेकिन घर वालों को क्या पता था की युवक की शादी से पहले ही मौत हो जाएगी।

तलवार दिखाकर डराने वाले आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। इंदु चैक के पास तलवार की नोक पर दहशतगर्दी फैलाने वाले आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक नग लोहे का धारदार तलवार जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार इंदु चैक के पास अपने हाथ में लोहे का तलवार लहराते मार्ग में आने जाने वाले राहगीर आमजन को डरा धमका कर भय पैदा कर रहा था। मौके पर त्वरित घेराबंदी कर बदमाश से एक लोहे का धारदार तलवार को जप्त कर बरामद किया गया।

विधायक-जिपं सदस्यों ने किया देवी दर्शन, ग्रामीणों ने किया सम्मानित

सीपत /नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर विधायक दिलीप लहरिया ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खोंधरा, कनई, जेवरा, नवापारा, बिटकुला में जोंत-जवांरा कार्यक्रम में शामिल होकर माता रानी जी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्र पर्व में माता रानी सबको सुख शांति समृद्धि और संपत्ति प्रदान करें द्य मन से की गई मां की अराधना से मां सब की मनोकामना पूर्ण करती है द्य नवनियुक्त जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने भी लोगों को संबोधित किया और कहा कि मां की भक्ति से शक्ति संपत्ति धन ऐश्वर्य मिलती है सच्चे मन से की गई प्रार्थना को मातारानी स्वीकार करती है द्य इस दौरान ग्रामीणों ने श्री धीवर को निर्वाचित होने के बाद प्रथम आगमन पर उनका सम्मान भी किया। राजेन्द्र ने कहा कि आपके हर उम्मीदों पर खरा उतरकर आपके विश्वासों के अनुरूप क्षेत्र का विकास करूंगा। वनांचल ग्रामो में भी हर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी ताकि आपको परेशानियों से निजात मिल सके। इस दौरान मस्तूरी विधायक लहरिया ने ग्राम खोंधरा में 05 लाख रूपये, ग्राम कनई में 05 लाख रूपये, ग्राम बिटकुला में 05 लाख रूपये की राशि विकास कार्य के लिए घोषणा किया। इस अवसर पर राजेंद्र धीवर जिला पंचायत सदस्य बिलासपुर प्रमोद जायसवाल पूर्व जनपद सदस्य घनश्याम नेताम, धनीदास, नारायण, बुटन पाटनवार दिलीप वर्मा उमेश कश्यप सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मकान से लैपटॉप व नकदी 15 हजार चोरी, दो नाबालिग सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

बिल्हा पुलिस ने की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। मकान का रेकी कर नकबजनी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी सहित दो नाबालिग को बिल्हा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मकान अंदर से लैपटॉप व नकदी रकम की चोरी की थी। आरोपी से घटना में प्रयुक्त पेचकस, प्लास, छिनी, पाईप व नकदी 14400 रूपए जब्त किया है। आरोपी व नाबालिग बालको को न्यायिक रिमाण्ड भेजा गया है। पुलिस के अनुसार रूपेश शर्मा निवासी बिल्हा द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरूध्द घर के आलमारी मे रखे लैपटॉप व नक दी रकम चोरी करने के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर घटना के हालात से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (/शहर ग्रामीण) क्रमशः राजेंद्र जायसवाल व अनुज कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा अनिता प्रभा मिंज से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर टीम गठित कर संदेहियो पर नजर रखी जा रही थी इसी क्रम मे 5 अप्रैल को फारेन्सिक टीम से प्राप्त सहयोग के आधार पर संदेही आनंद राठौर को थाना लाकर कडाई से पूछताछ करने पर अपने नाबलिग साथयों के साथ मिलकर प्रार्थी के घर मे चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के निशादेही पर विधि से संघर्षरत् बालको को पूछताछ कर घटना मे प्रयुक्त पेचकस, प्लास, छिनी, पाईप व घटनास्थल के पास से लैपटाप, नक़दी 3500 रूपये व आरोपी से नक़ दी 14400 रूपये जप्त कर विधिवत् गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना से वारिसान को अवगत कराकर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिल्हा निरीक्षक उमेश कुमार साहू उप निरीक्षक जी.एल. चन्द्राकर, प्र.आर. 844 रूपेश तिग्गा, प्र आर 1412 बलराम विश्वकर्मा आरक्षक सुमन कश्यप की अहम भूमिका रही।

बिलासपुर/नवप्रदेश। महामाया मंदिर गणेशनगर में नवरात्रि पर्व पर मंदिर उत्सव समिति एवं अन्य लोगों के द्वारा करीब 3 सौ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए।

मांग नवरात्र में विघ्न बाधा पहुंचाने के प्रयास में लिप्त असामाजिक तत्व ने किया पीतांबरा पीठाधीश्वर पर हमला

आचार्य दिनेश चंद्र महाराज पर हमले की संत समाज ने की निंदा, प्रशासन से की सुरक्षा की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा सुभाष चौक स्थित त्रिदेव मंदिर श्री पीतांबरा पीठ में भी रजत जयंती उत्सव का आयोजन किया गया है, यहां देवी भागवत कथा के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं, जिसमें देशभर से संत समाज भी सम्मिलित हो रहे है। शनिवार को स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज, भक्ति पीठाधीश्वर बृजघाट हापुर उत्तर प्रदेश, श्री 108 श्री स्वामी अभेदानंद सरस्वती महाराज परमार्थ ज्ञान मंदिर हरिद्वार उत्तराखंड और पीतांबर पीठाधीश्वर, अखिल भारतीय संत समिति धर्म समाज छत्तीसगढ़ प्रमुख डॉक्टर दिनेश चंद्र महाराज बिलासपुर प्रेस क्लब पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि मां बगलामुखी का यह दिव्य मंदिर जिस गली में स्थित है उस गली में रहने वाले असामाजिक तत्व लगातार धार्मिक क्रिया कलाप में बाधा उत्पन्न करते हुए पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश चंद्र जी महाराज और उनके परिजनों पर हमले कर रहे हैं। इस गली में रहने वाले युवक ने आचार्य दिनेश चंद्र जी महाराज के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन पर हमला किया। इस वर्ष ऐसा ना हो इसके लिए पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश चंद्र महाराज ने इसी गली में रहने वाले अधिवक्ता को आमंत्रित कर उनसे इस आयोजन में सहयोग करने का आग्रह किया लेकिन इसका विपरीत प्रभाव नजर आया। गुरुवार को छत्तीसगढ़ के राजकीय अतिथि का दर्जा प्राप्त श्री 1008 मनमोहन दास जी महाराज श्री राधे राधे बाबा अखिल भारतीय संत समिति राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री के समक्ष ही गली में रहने वाले निखिल पांडे नामक युवक ने मेरे पिता से मेरी शिकायत करते हो कहते हुए 3 अप्रैल सुबह 10 बजे गाली गलौज करते हुए आचार्य दिनेश जी महाराज को धक्का देकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

डीजे बजाने शासन से ली है अनुमति

आचार्य दिनेश ने बताया कि उन्होंने विधिवत शासन से ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने की अनुमति ली है और शासन ने उन्हें 75 डेसीबल की सीमा के अंदर ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने की अनुमति दी है जबकि उनके द्वारा मात्र 20 डेसीबल का ही इस्तेमाल कर भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है लेकिन निखिल पांडे द्वारा बार-बार पुलिस को भी गुमराह करते 112 पर कॉल कर गली में डीजे बजने की मिथ्या सूचना दी जा रही है। इस मिथ्या सूचना पर कई बार पुलिस पहुंची जिसने आरोपो को मिथ्या पाया। कुल मिलाकर निखिल पांडे हर प्रयास से धार्मिक अनुष्ठानों में विघ्न उत्पन्न करने की कुचेष्टा कर रहा है। उसके द्वारा मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ भी दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

सुनो भाई उधो

गांजाकली

परमानंद वर्मा

माते रहिबे, माते रहिबे, माते रहिबे गा,
तंय हा माते रहिबे गा अलबेला मोर,
गांजाकली ला पी के माते रहिबे,
हां तंय माते रहिबे रे संगवारी मोर,
गांजाकली ला पी के माते रहिबे।।

अहा... हा... हा... हा..., कतेक सुगहर माघ, फागुन के मस्त महीना। चारों डाहर महर... महर... टेसू, पलाश के फूल, आमा के मंजरी के महक, ओकर खुशबू, ऊपर ले महुआ के फूल के मस्त... मस्त, मद मात हवा के झोंका जेकर नाक मं परत हे अपने-अपन आधा नइते एक पौव्वा के नशा बिन पीये चढ़ जात हे, 'मन झुमर जा रे पड़की झुमर जा कस नाचे गाये ले धर लेथे।

नशा तो नशा होथे, कई परकार के नशा होथे। ए बात ला नशेड़ी मन बने ढंग ले जानथे।

शराब, गांजा, भांग, अफीम, हेरोइन ये सबले बड़े नशा हे। जउन हा भोरहा मं या जाने-अनजाने मं एकर चक्कर मं परगे तेन ला फेर जान लौ, उबर नइ सकय। करोड़ों, अरबों के गांजा, शराब, भांग, हेरोइन के वैध, अवैध बयपार होवत हे ये देस मं। कोन कोती ले माल आवत हे, जावत हे तेकर गम नइ पावय सरकार के मुलाजिम मन हा।

सब मात गे हे, पूरा संसार मातगे हे नशा मं। ओ नशा ले बड़े हे आजकल एक ठन दूसर नशा के चलन, फैशन धड़ल्ले ले चलत हे। पहिली तो लुक-छुप के चलत रिहिसे अब खुलेआम होगे हे।

गर्ल फ्रेंड, ब्वाय फ्रेंड बनाय के नशा। एकर आड़ मं सरी करम होवत हे। कोनो बेटी, बहिनी, भउजी,ननद, देवर, देवरानी, नता-गोता के कांही चिनहारी नइ हे। सब मातगे हे,काला काय कहिबे, बरजत हस तब अपजस के भागी बनत हस। छोटे-बड़े लइका, सियान सब एकमई होगे हे। ये अलकरहा नशा जीव के जंजाल बनत जात हे।

नशा धन के घला होथे। ओ गीत के लाइन हे ना- 'चार पइसा का मिले खुद को समझ बैठे खुदा। नशा रूप, विद्या, सत्ता अउ जवानी के घला होथे. नशा कोनो गलत नो हे फेर सबके अपन-अपन सीमा होथे।

घोड़ा के लगाम अपन हाथ मं रखे ले कोनो नुकसान नइ होवय। जहां बेलगाम होइस तहां ले जान लौ चार सौ चालीस वोल्ट के खतरा।

ये सब 'नशा पुरान के रामकथा सुनावत ओ दिन हरिकिशन महाराज बताथे- अरे ये नशा के बात ला तो सुन डरेव, असली 'नवा ब्रांड के नशा के बात सुनो।

फकीरचंद अउ सुकालू पूछथे- ओ कोन ब्रांड हे, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शराब के आठ-दस ठन नवा ब्रांड के शराब पियक्कड़ मन बर जारी करे हे तउन हरे का?

- अरे ओ ब्रांड के शराब मं ओ नशा, मजा नइहे जउन मंय बतायवत हौ तेमा आथे।

- तब ये का तोर कम्पनी के बने शराब हे महाराज, मउहा के ताजा-ताजा उतारे हस?

-अरे चुप कर रे लपरहा, अब्बड़ फल्लरहा हस। मंय जउन शराब के बात करथौं ओकर सामने महुआ के घला फेल हे।

- बता ना महाराज, उही ला पीबो।

हरिकिशन महाराज बताथे- सारी अउ समधिन... ये नवा ब्रांड के शराब हे। जेकर करा ये दूनो बोतल हे, ओहर बिन पिये ओमन ला, ओकर रूप, रंग, चढ़ती जवानी... अहा... हा... हा... का बतावौं देख-देख के नशा चढ़ जथे, झुमरे ले धर लेथे।

फकीरचंद पूछथे- तब तंय होली के दिन कोन बोतल सारी ते समधिन के ला चढ़ाय रेहे?

- झन पूछ फकीरचंद, लुड़हार के सारी ला बारी मं लेगेंव, बाल्टी मं रंग ला पहिली ले घोर के रखे रेहेंव, अउ ओला अइसे रंग गुलाल मं बोथेंव के झन पूछ। तन-बदन एक कर देंव। चुनरी ला रंगेंव अउ चोली के तो बारा बजा देंव।

ओहर चिल्लावत रहिगे... आह, उह, इह... बचा दीदी, ये तोर देवर के चाल ला तो देख, कतेक बदमाश हे, मोर बारा गत करके रख दीस।

पिचकारी मं रंग भर के लानत रेहेंव, ओकर पहिली मउका पाके उहां ले भाग गे।

फकीरचंद हांसत कहिथे- वाह महाराज, असली रंग, भंग के मजा तो तही उठाय होली मं। ओ समधिन के नांव का हे?

- गांजाकली नांव हे ओकर, गजब के सुंदर हे रे मोर समधिन हा, ओकर रूप, रंग, जवानी के आघू मं गांजाकली अउ महुआ के नशा कांही नइहे?

राम का नाम ही जीवन का आधार है

उमा मेहता त्रिवेदी

जब चारों ओर अशांति और भ्रम का वातावरण है,भगवान राम का नाम ही एकमात्र सहारा है यह नाम हमें शांति, शक्ति और सही मार्ग दिखाता है। राम नाम का जाप करने से हमारे अंदर की नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जीवन में राम को प्रेरणा बनाए क्योंकि भगवान राम का जीवन हमें सिखाता है कि हमें हमेशा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए।

वे धैर्य, साहस और त्याग की मूर्ति हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि हमें हर परिस्थिति में शांत और स्थिर रहना चाहिए। हमारे जीवन में राम नाम का बहुत ही महत्व बताया गया है इस नाम का जाप करने मात्र से हमारे मन को अपार शांति मिलती है।

यह हमें तनाव और चिंता से मुक्ति दिलाता है। राम नाम हमें सही निर्णय लेने में मदद करता है और हमें जीवन के मुश्किल समय में शक्ति देता है।राम नाम का जाप करने के कई तरीके हैं।

आप इसे जोर से या धीरे से कर सकते हैं। आप इसे चलते-फिरते, काम करते हुए या सोते समय भी कर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप इसे श्रद्धा और विश्वास के साथ करें जिसके नाम मात्र से ही मन को शांति तनाव और चिंता से मुक्ति मिलती है सही निर्णय लेने में भी मदद मिलती है जीवन के मुश्किल समय में शक्ति मिलती है नकारात्मकता दूर होती है सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है कलियुग में, जब चारों ओर अशांति और भ्रम का वातावरण है, भगवान राम का नाम ही एकमात्र सहारा है। राम नाम का जाप करने से हमें शांति, शक्ति और सही मार्ग मिलता है। हमें अपने जीवन में राम को प्रेरणा बनानी चाहिए और उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।

ढ़ाई आखर प्रेम का

मुकेष ऋषि

राम का नाम ढ़ाई आखर का है। इस ढ़ाई आखर के राम के नाम के प्रेम का संचार है। जीवन को जीवंत बनाने के लिए अमरतत्व कार्यों के लिए इस नाम को जानने और प्रेम करने की आश्यकता जन-जन के लिए कल्याणकारी हितकारी सिद्ध होती है। जो भी व्यक्ति राम के नाम से प्रेम किया है, वही व्यक्ति राम को जाना है और वही राम को अपने स्वयं के जीवन में अपनाया है। इस दुनियां में अपना कुछ नहीं है। सिर्फराम ही अपना है। नश्वर को अपना बनाना, नश्वर से प्रेम करना जीवन के लिए मुक्तिदायक नहीं है, वह तो बंधन में बांधने वाला तथा अशांति, दुःख संताप को जीवन में आमंत्रण देना होता है। व्यक्ति अज्ञान के कारण ही नश्वरता के प्रेम करते हैं और क्षणिक कृत्रिम सुख शांति को ही जीवन के मूल उद्देश्य की प्राप्ति की भूल व मूर्खता कर बैठते हैं। जो ज्ञान सम्मत विवेक सम्मत बात नहीं है क्योंकि राम से प्रेम करना ही भक्ति कहलाती है और प्रभु श्री राम की भक्ति के लिए भक्त हनुमान की तरह श्रद्धा, विश्वास, समर्पण की आवश्यकता होती है। लोभ, मोह, अहंकार, कामना, वासना, द्वेष, दुर्भाव, मद-मत्सर को प्रभु श्रीराम के श्री चरणों में समर्पित करने की पुरूषार्थ, पराक्रम, साहस जुटानी पड़ती है। व्यक्ति ईश्वर से संबंध है, ईश्वर का अंश हैं। जीव राम का अंशरूप है, जीव माया, मोह, परिवार, पुत्र, पत्नी, पुत्री का अंशधर नहीं है। सभी के अंदर उसी राम का अंश स्वरूप विद्यमान है ऐसी दृष्टि को विकसित करना ही राम से प्रेम करना भक्त की भक्ति की सार्थकता तथा ज्ञान की प्राप्ति कही जाती है। राम से ही सारा जहान है। जहान से नहीं है। यही ज्ञान व भक्ति हैं प्रभु श्रीराम की भक्ति और प्रेम से भूल अज्ञानता को नष्ट करता है और अज्ञानता के नष्ट होने पर हृदय में रामतत्व देवत्व को प्रकाश अंतःकरण को आलोकित, प्रकाशित, आनंदित, प्रफुल्लित, उल्लासित, हर्षोल्लित कर देता है। अज्ञान के नष्ट होने पर ही हृदय भगवान की भक्ति और प्रेम में निमग्न होने के लिए राजी हो पाता है और राम को जानकर जीवन की भ्रम, भ्रांतियां पगडंडियां प्राप्त हो जाती हैं और भक्ति का राजपथ भ्रम, भ्रातियों की जड़ तो अज्ञानता ही है और इसी अज्ञानता की वजह से अधर्म, असत्य, असुरता, अत्याचार, अनाचार की वृद्धि होती है और राम का जन्म अज्ञान पाप, असुरता, असत्य, अधर्म को सभूल नष्ट करके ज्ञान, पुण्य, सज्जनता, सत्य, धर्म की स्थापना का उद्देश्य है। इस लिए इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए भक्त हनुमान की भूमिका का निर्वहन करते हुए सर्वत्र राम राज्य की स्थापना देवत्व की अभिवृद्धि, रामत्व को धारण करने पुण्य प्रेरणा जन-जन तक पहुंचाने का प्रबल भगवत, पुरूषार्थ पराक्रम संकल्प ही रामनवमीं पर्व की मूल उद्देश्य व अभिप्राय है। राम को जाने बिना कोई भक्त राम के उद्देश्य के शिक्षण से सदा सर्वदा वंचित ही रहता है और भक्त हनुमान की तरह जब व्यक्ति अपने हृदय में राम-सीता को धारण कर लेता है तो दुनियां को अपने हृदय चीरकर सर्वत्र दिखाता है कि राम भक्त हनुमान के हृदय में प्रेम के कारण ही वास करते हैं। इसलिए हृदय में ढ़ाई आखर प्रेम का राम नाम धारण करना ही राम भक्त की पहचान है, राम को जानता है, देवत्व को धारण करना है, असुरता को खड़ेदना है, रावण वृति का वध करना है इसीलिए नाम सत्य है, शाश्वत है। जिसकी प्राप्ति के लिए जीव का जीवन प्राप्त होता है। सत्य को धारण किए बिना जीवन की सार्थकता नहीं सिद्ध होती है। राम को जाने बिना रामत्व को धारण करना संभव नहीं है और राम ही पांडित्य का मूल हैं। अतः रामनवमी पुण्य प्रेरणा जन-जन के लिए हृदय में प्रेम नाम, आनंददायी नाम राम नाम धारण करने का मूल उद्देश्य व अभिप्राय है। स्वयं को जाने के लिए राम को जानना जरूरी है। राम को जानने से ही जीवन की सार्थकता है। वह राम अपने अंदर ही स्थित है। जिसे सिर्फप्रेम से ही जानना सरल, सुबोध व संभव है। राम ही दुःख हर्ता, मोक्ष मुक्ति दाता जन-जन का अराध्य, इष्ट, कल्याणदाता चर-अचर में व्याप्त अविनाशी, अंतर्यामी सर्वाधार सत्ता हैं। जिसे हनुमान बनकर ही जाना जा सकता है। क्योंकि हनुमान की भक्ति में गहराई है, तो विश्वास व सच्चाई भी है। जिसकी शक्ति भक्त के लिए प्रिय, हितकारी कल्याणकारी है। जो साधुता के त्राण, पापों को नष्ट करने, असुरता अधर्म को नष्ट करने में समर्थ व शक्तिशाली अमृत सुधा, औषधि हैं।

राम से बड़ा राम का नाम

नीलम महेंद्र

वो त्रेता युग का समय थाजब सूर्यवंशी महाराज दशरथ के घर कौशलनन्दन श्रीराम का जन्म हुआ था। समय कहां रुकता है भला तो वह अपनी गति से चलता रहा। आज हम द्वापर से होते हुए कलियुग में आ गए हैं। लेकिन इतने सहस्त्रों वर्षों के बाद भी, इतने युगों के पश्चात भी प्रभु श्रीराम का चरित्र देश देशांतर की सीमाओं से परे, वर्षों और युगों के कालचक्र को लांघकर अनवरत सम्पूर्ण विश्वको आकर्षित करता रहा है। "हरे रामा, हरे कृष्णा" का जाप आज वैश्विक स्तर पर एक अनूठी आध्यात्मिक सन्तुष्टि,परम् आनन्द की अनुभूति एवं मनुष्य को एक अलग हीआनन्दमय लोक में पहुंच जाने का अनुभव दिलाने वाला सर्व स्वीकार्य मंत्र बन चुका है। दरअसल श्रीराम का चरित्र ही ऐसा है। एक आदर्श पुत्र हो या एक आदर्श भ्राता (भाई), एक आदर्श पति हो या एक आदर्श राजा, एक आदर्श मित्र हो या फिर एक आदर्श शत्रु। राम मर्यादाओंमें रहने वाले,पुरुषों में उत्तम,ऐसे मर्यादा पुरूषोत्तम हैं। जिनका जीवन कठिनाइयोंएवं संघर्षों से भरा रहा, किंतु फिर भी मानव रूप में उन्होंने मुस्कुराते हुए सहजरूप से धर्म की राह पर चलते हुए इस प्रकार अपना जीवन व्यतीत किया। इतने वर्षों बाद आज भी वह हमारे पथ प्रदर्शक हैं। कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि प्रभु श्रीराम का चरित्र हमारा वो सनातन इतिहास है, जो इतने वर्षों बाद भी सम्पूर्ण विश्व की मानवता को वर्तमान तथा भविष्य की राह दिखा रहा है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण है कि आज की 21 वीं सदी में भी जब आदर्श प्रशासन की बात की जाती है तो भारत ही नहीं विश्व भर में "रामराज्य" ही उसका प्रतिमान होता है। यही कारण है कि हम यह कामना करते हैं कि, नगरी हो अयोध्या सी,रघुकुल से घराना हो, चरण हों राघव के जहां मेरा ठिकाना हो। कहते हैं कि जब लंका जाने के लिए श्री राम की वानर सेना समुद्र के ऊपर पुल का निर्माण कर रही थी और वानर समुद्र में पत्थर फेंक रहे थे, तो प्रभु श्री राम ने देखा कि वानर समुद्र में पत्थर पर "राम" नाम लिखकर फेंक रहे हैं और पत्थर तैर रहे हैं। उन्होंने सोचा कि जब मेरा नाम लिखा पत्थर तैर रहा है तो यदि मैं कोई पत्थर फेंकूं तो वो भी तैरेगा। यही सोचकर उन्होंने एक पत्थर उठाया और समुद्र में फेंका। लेकिन वो पत्थर डूब गया। वे आश्चर्य में पड़कर सोचने लगे कि ऐसा क्यों हुआ। दूर खड़े हनुमानजी यह सब देख रहे थे। कौतूहल वश श्रीराम ने हनुमानजी से पूछा कि मेरे नाम के पत्थर समुद्र में तैर रहे हैं लेकिन जब मैंने वह पत्थर फेंका तो डूब गया? तब हनुमानजी बोले,प्रभु आपके नाम को धारण करके तो सभी अपने जीवन को पार लगा सकते हैं, लेकिन जिसे आप स्वयं त्याग दें, भला उसे डूबने से कोई कैसे बचा सकता है। इसीलिए कहा गया है कि राम से बड़ा राम का नाम। यह राम नाम की महिमा ही है कि प्रभु श्री राम के चरित्र पर सुनियोजित तरीके से अनेक आक्षेप लगाने के प्रयत्न किए गए लेकिन इसके बावजूद उनके प्रति भक्ति,श्रद्धा, प्रेम और समर्पण के भाव भौगोलिक समेत हर सीमा को लांघते हुए वैश्विक स्तर पर मानव हृदय में समाहित होते चले गए।

भगवान महावीर हैं जीवन की सार्थकता के प्रतीक



महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है इसलिए महावीर बनना जीवन की सार्थकता का प्रतीक है। प्रत्येक वर्ष भगवान महावीर की जन्म-जयंती हम मनाते हैं। समस्त विश्व में जैन समाज और अन्य अहिंसा प्रेमी व्यक्तियों द्वारा बड़े हर्ष और उल्लास के साथ उनकी जयंती मनाई जाती है। उस दिन भगवान महावीर की शिक्षाओं पर गोष्ठियां होती हैं, भाषण होते हैं और कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। भगवान महावीर की शिक्षाओं का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में किस प्रकार समावेश हो और कैसे हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। विशेषतः जैन समाज के लोग एवं अनुयायी ही महावीर को भूलते जा रहे हैं, उनकी शिक्षाओं को ताक पर रख रहे हैं। दुःख तो इस बात का है कि जैन समाज के सर्वेसर्वा लोग ही सबसे ज्यादा महावीर को सबसे अधिक अप्रासंगिक बना रहे हैं, महावीर ने जिन-जिन बुराइयों पर प्रहार किया, वे उन्हें ही अधिक अपना रहे हैं। उस महान क्रांतिकारी वीर महापुरुष की जयंती भी आज आयोजनात्मक होती है, प्रयोजनात्मक नहीं हो पा रही है। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं कर पाते हैं। हम केवल कर्मकांड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं और जो मूलभूत सारगर्भित शिक्षाएं हैं, उन्हें जीवन में नहीं उतार पाते। आज मनुष्य जिन समस्याओं और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है, उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि भगवान महावीर ने हमें जो उपदेश दिए, हम उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है, जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो, जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो, जिसके मन में संपूर्ण प्राणीमात्र के प्रति सह-अस्तित्व की भावना हो, जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो। सदियों पहले महावीर जन्मे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवनभर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे इसलिए वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गए। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवनशैली अपनानी होती है। भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं, बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था, लेकिन इसको अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवाई भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें।

आज का पंचांग

बृह	11	10 सूर्य-शुक्र-शनि	बुध-14 9	8
9	15 राहु		13-15 चन्द्र-केतु	
14 मंगल	3	4	5	6

सूर्योदयः 06:19, सूर्यास्तः 06:34, अयन : उत्तरायणे, ऋतुः वसंत, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी , नक्षत्र : पुष्य , योग : इन्द्र, प्रथम करण : चतुष्पाद (06:13 तक), द्वितीय करण : नाग (16:27 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : मीन, मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम , वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), शनि : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:57 से 12:47, अमृत काल 15:11 से 16:36, विजय मुहूर्त 14:26 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त 18:32 से 18:56, सायाह्न सन्ध्या 18:34 से 19:43, निशिता मुहूर्त 23:58 से 24:44, राहुकाल 16:30 से 18:00, राहुवास पूर्व, यमगण्ड 13:55 से 15:28, दुर्मुहूर्त 06:10 से 06:59, होमाहुति सूर्य, दिशाशूल पूर्व, अग्निवास पाताल, चन्द्रवास उत्तर, शिववास गौरी के साथ (16:27 से श्मशान मे

QUIZ TIME

1) थाईपूसम त्योहार हाल ही में किस राज्य में मनाया गया है?

2) 69 वें फिल्म फेयर अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवार्ड किस फिल्म को मिला है?

3) साहित्य लहरी किसकी रचना है?

4) किसने 1821 में बंगाली समाचार पत्र कौमुदी प्रकाशित करवाना शुरू किया था?

5) बिग बॉस रियलिटी शो के 17 वें सीजन का विजेता हाल ही में किसे घोषित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) तमिलनाडु (2) 12वीं फेल (3) सूरदास (4) राजा राममोहन राय (5) मुनव्वर फारूकी

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज परिस्थितियां विपरीत रहेंगी। स्वास्थ्य लापरवाही के कारण ख़राब होगा।

वृष : आज का दिन शुभ है। स्वास्थ्य की तरफ से निश्चिन्त रहेंगे। आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा कार्यो को बेहतर तरीके से करेंगे।

मिथुन : आज का दिन मिश्रित रहेगा। वर्जित कार्यो की और आसानी से आकर्षित हो जाएंगे।

कर्क : आज के दिन परिस्थितियां अनुकूल बन रही है। सेहत में सुधार आएगा कार्यो में गंभीरता से लगे रहेंगे।

सिंह : आज आप प्रत्येक कार्यो को देख-भाल कर ही करेंगे फिर भी सफलता के प्रति आशंकित रहेंगे एवं मन में डर सा बना रहेगा।

कन्या : आज के दिन आप विरोधियो पर विजय पाएंगे। स्वभाव में दिखावे का क्रोध रहेगा अंदर से दयालु रहेंगे ध्यान रहे अधिक परोपकारी स्वभाव हानि भी करा सकता है।

तुला : आज के दिन आप कार्यो में लापरवाही करेंगे जिससे कार्य में विलम्ब के साथ अन्य लोगो को असुविधा रहेगी।

वृश्चिक : आज के दिन आप अपने मन की ज्यादा सुनेंगे कार्यो में किसी का दखल आपको सहन नहीं होगा नाही आज किसी अन्य पर जल्दी से विश्वास करेंगे।

धनुः आज आप अत्याधिक भावुक रहेंगे आपसी संबंधों में स्वयं को ठगा सा महसूस करेंगे।

मकर : आज के दिन आप धन लाभ की आशा लगा कर रखेंगे परन्तु आशा के अनुसार नहीं होगा। मन कल्पनाओं के संसार में खोया रहेगा।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए शान्तिप्रद रहेगा। आज की दिनचार्य थोड़ी विलम्ब से आरम्भ होगी सुस्ती अधिक रहने से कार्य क्षेत्र पर भी विलम्ब होगा।

मीन : आज का दिन महिलाओं के लिए विशेष शुभ रहेगा निकट संबंधियों से अचानक भेंट होगी मन प्रसन्न रहेगा परन्तु किसी के तानों को अनदेखा करें।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

1		2		■	3		4	5
	■		■	■	■	■	6	
■	7		8	■	9			
■	■	10		11		■	■	■
12	■	■	13			■	14	15
16	17	■	■		■	18		
19		20			■		■	
■	■		■	■	21			
■	22					■	■	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 008का हल

ज	द्दो	जे	ह	द	■	स	पू	त
ल	■	ब	ल	वा	न	■	■	द
म	ह	क	■	खा	म	खां	■	बी
ग्न	■	त	ल	ना	■	स	फ	र
■	म	रा	■	■	■	ना	टा	■
■	हि	■	स	■	■	■	फ	न
■	ला	ज	वा	ब	■	म	ट	र
मां	■	ग	■	सं	त	ति	■	भ
■	मा	त	ह	त	■	■	प	क्षी

जैन महिला लघु व कुटीर उद्योगों के उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

वीर कार्निवाल में महिलाओं-बच्चों ने खेला धार्मिक नाटक और रोचक खेल

रायपुर। दादाबाड़ी में जैन ट्रेड फेयर के चौथे दिन शुक्रवार को समर्पण सखी महिला मंडल की ओर से वीर कार्निवाल का आयोजन किया गया. इसमें रिंग मास्टर में जीवों को पहचानने के लिए पांच मौके, धैर्य की परख के लिए धार्मिक 10 चीजों को बैलेंस करने, व्हील का फॉर्चून जैसे धार्मिक और रोचक खेलों का आयोजन किया गया. आयोजन में भाग लगने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिद्धार्थ डागा और कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा ने बताया कि जैन ट्रेड फेयर में महिला लघु व कुटीर उद्यमियों के आर्थिक सक्षमीकरण का प्रकल्प एवं देशभर की जैन महिला उद्योगों के लघु एवं कुटीर उद्योगों के उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया और ट्रेड फेयर का समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिद्धार्थ डागा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा, समर्पण-सखी महिला मंडल की ओर से मंजू टाटिया, प्रियंका लुंकड़, डॉ. प्रणिता सेठिया, सरिता लुंकड़ मौजूद रहे।

महावीर की गाथा आज

समिति की ओर से स्व. लूनकरण जी पारख एवं विमलादेवी पारख के आत्मश्रेयार्थ महावीर की गाथा का आयोजन 5 अप्रैल को रात 8 बजे जैन दादाबाड़ी में होगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से डिंपल शाह एवं कलाश्री ग्रुप, सूरत की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण कर्णस्वरूप में नवकार मंत्र की प्रस्तुति- मंत्र भलो नवकार, पंचकल्याणक- टाइटल डांस, रुदा रंगीला- कर्ण आधारित 14 स्वप्न, 56 दिककुमारी- अन्य स्टेज ग्रुप के साथ, नगरी ध्यान बनी- प्रभु जन्म, कुमार का संयम, महावीर तेरे ही नाम से हम पहचाने जाते

हैं, जन्म जयंती महोत्सव गीत होंगे। कार्यक्रम प्रभारी आनंद-शालिनी जैन, चित्रांग-निशा चोपड़ा, नितेश-सोनू ओसवाल, प्रणय-वाणी बुरड़, रोमिल-सोनम छाजेड़, रितेश-अंजू तालेड़ा हैं।

फैंसी ड्रेस स्पर्धा में परी चौरड़िया प्रथम

नवकार महिला मंडल की ओर से डीडी नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. स्पर्धा में 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और सभी ने धार्मिक एवं रोचक वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी। स्पर्धा में परी चौरड़िया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शंकर नगर में 21 लोगों ने किया रक्तदान : भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर शंकर नगर स्थित संदीप भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 21 लोगों ने ब्लड डोनेशन किया. समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिद्धार्थ डागा एवं कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा ने बताया कि 15 दिवसीय रक्तदान शिविर में इकट्ठा होने वाले ब्लड यूनिट को ब्लड बैंक, समाजसेवकों और एनजीओ के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा।

फिजियोथेरेपी शिविर में 50 मरीजों का परीक्षण

महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के दौरान कई सामाजिक पहल किए गए, जिनमें मुख्य रूप से चार दिवसीय निशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन डॉक्टर दीपक जैन के मार्गदर्शन में निशुल्क जांच और परामर्श 1 से 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे से रात 8 तक किया जा रहा है। शिविर में अब तक 50 लोगों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया गया. शिविर में कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द, स्लिप डिस्क दर्द, सायटिका, कन्धों का दर्द, मांसपेशियों का दर्द, कोनी का दर्द, ऐडी का दर्द, घुटने बदलने के बाद का दर्द,पोलियो मैलाइटिस, आर्थराइटिस, चेहरे का लकवा, लकवे का इलाज, फेक्चर एवं ऑपरेशन के बाद जोड़ों का जाम होना, प्रगनेन्सी संबंधित दर्द, यूरिन लिकेज की समस्या, हिस्टेरेक्टॉगी, एएनसी/पीएनसी की जांच और परामर्श की जा रही हैं।

प्रभात फेरी में बच्चों ने दिया महावीर का संदेश

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को सुबह 6.30 बजे शंकर नगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। भगवान महावीर स्वामी का संदेश लेकर बच्चे उनके जीवन पर आधारित विभिन्न वेशभूषा धारण किया। प्रभात फेरी श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर शंकर नगर से श्रीचंद्रप्रभ दिगंबर मंदिर होते हुए संदीप भवन शंकर नगर तक निकाली गई।

न्यूज गैलरी

उत्कल गौरव मधुसूदन दास की पुण्यतिथि पर दी पुष्पांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। उत्कल गौरव मधुसूदन दास को पुण्यतिथि पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, जल कार्य विभाग के अध्यक्ष संतोष सीमा साहू सहित विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, आमजनों ने राजधानी शहर के महिला पुलिस थाना चैक के किनारे स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में निगम जोन 4 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर उन्हें आदरांजलि अर्पित की।

रामनवमी पर मांस मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चैबे के निर्देश पर सम्पूर्ण नगर पालिक निगम रायपुर के परिक्षेत्र में रामनवमी पर्व दिनांक 6 अप्रैल 2025 को मांस मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही ने रामनवमी पर्व दिनांक 6 अप्रैल 2025 को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। रामनवमी पर्व दिनांक 6 अप्रैल 2025 को किसी भी दुकान में मांस मटन विक्रय करते पाये जाने पर मांस मटन जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। रामनवमी पर्व दिनांक 6 अप्रैल 2025 को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन स्वास्थ्य अधिकारीगणए जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे और इस हेतु अपने अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों के मांस मटन की दुकानों का सतत निरन्तर पर्यवेक्षण करेंगे और महापौर मीनल चैबे के निर्देश पर प्रतिबंध आदेश का व्यवहारिक पालन करवाने होटलों में उक्त पावन पर्व दिवस पर मांस. मटन विक्रय करने पर जप्ती की कार्यवाही कर सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जाएगी।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने सर्वाधिक लाभ अर्जित करने का बनाया रिकार्ड

- रायपुर को पिछले वित्तीय वर्ष में 216 करोड़ का हुआ लाभ
- सहकार से समृद्धि' की ओर बढ़ रहा है छत्तीसगढ़

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार के नीतिगत फैसलों और केन्द्र सरकार के सहयोग से छत्तीसगढ़ 'सहकार से समृद्धि' की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। सहकारिता विभाग के आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर प्रदेश में सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाला बैंक बन गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर को 216 करोड़ का सकल लाभ अर्जित हुआ है, जो कि विगत वर्ष से 84 करोड़ रूपए अधिक है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास ने कहा कि बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में इस वर्ष का बेहतर लाभार्जन संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि बैंक से संबद्ध हितग्राहियों, किसानों तथा ग्राहकों की सुविधा बैंक के लिए सर्वोपरि है। यही कारण है कि अमानतदारों तथा किसानों के द्वारा बैंक के प्रति विश्वास जाहिर किया गया है। बैंक से संबद्ध 550 सहकारी समितियों के माध्यम से अल्पकालीन कृषि ऋण के अतिरिक्त मध्यकालीन, दीर्घकालीन ऋण तथा ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेशर, तारफेसिंग आदि के लिए ऋण दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में बैंक द्वारा 3.93 लाख किसानों को 1886 करोड़ का ब्याज मुक्त कृषि ऋ्रण का वितरण किया गया।

सीईओ व्यास ने कहा कि बैंक की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ है। बैंक की अमानत राशि 6833 करोड़ तथा कार्यशील पूंजी 8316 करोड़ है। बैंक द्वारा त्वरित बैंकिंग ग्राहक सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक बैंकिंग सेवाएं जैसे एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई की सुविधा प्रदान की जा रही है। खरीफ सीजन 2024-25 में बैंक से संबद्ध 550 पैक्स द्वारा धान खरीदी की राशि माइक्रो-एटीएम के माध्यम से 57 करोड़ रूपए का आहरण किसानों के द्वारा भी किया गया।

डॉ. हेडगेवार के कार्यों को ही कर रहा महाराष्ट्र मंडल : काले

पत्रकार अतुल तारे ने चित्र पर सुतमाला चढ़ाते हुए तिलक लगाया

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जयंती पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने उनकी तस्वीर पर गुलाल का टीका लगाकर व माल्यार्पण किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अतुल तारे ने भी डॉ. हेडगेवार के तेलचित्र पर टीका लगाकर सुतमाला पहनाया।

काले ने डॉ. हेडगेवार के जीवन के प्रसंगों को याद करते हुए कहा कि रायपुर महाराष्ट्र मंडल का ये सौभाग्य रहा है कि डॉ. हेडगेवार मंडल के पांचवे वार्षिकोत्सव में 26 मार्च 1939 को रायपुर आये थे। उस समय उन्होंने 400 लोगों को संबोधित करते हुए आह्वान किया था कि जहां आप निवास करते हो, अपनी संस्कृति व संस्कार के साथ वहीं के मिट्टी में रच बस जाओ और ऐसा कार्य करो कि सभी समाज के लिए अपनी उपयोगिता सिद्ध करो। हेडगेवार के इन्हीं वचनों को रायपुर महाराष्ट्र मंडल ने आत्मसात कर लिया और निरंतरता के साथ दिव्यांग बालिका विकास गृह, संत ज्ञानेश्वर विद्यालय, कामकाजी महिलाओं, छात्राओं के लिए सखी निवास, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये 16 केंद्रों के माध्यम से प्रति माह सामाजिक सांस्कृतिक, स्वास्थगत कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही रायपुर मंडल के साल 1940 के प्रस्ताव के अनुसार डॉ. हेडगेवार का तेल चित्र, छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के साथ ही लगाया जाएगा।

संस्कृति विभाग अध्यक्ष ने कहा-महापुरुषों की मूर्तियों के मरम्मत तत्काल कराएं

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी ने नगर निगम संस्कृति विभाग के अधिकारियों को नगर निगम के सभी जोनों के माध्यम से रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्थित वीरांगनाओं, शहीदों, महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सभी मूर्तियों, प्रतिमाओं के समस्त स्थलों का व्यवहारिक आवश्यकता के अनुरूप मरम्मत करवाकर ससम्मान समुचित संधारण शीघ्र करवाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। संस्कृति

विभाग के अध्यक्ष ने विभाग के अधिकारियों को उक्त कार्य जोनों के माध्यम से समन्वय बनाकर करवाना सुनिश्चित करने कहा है।

मेयर मीनल ने गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्य करवाने कहा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय में महापौर मीनल चैबे ने 15 वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में बी टी, पेवर कार्य, उद्यानों, ड्रेन कवर के कार्यों, 2 डी व 3 डी पेंटिंग कार्य के सभी प्रगतिरत कार्यो की जानकारी प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता

अंशुल शर्मा जुनियर, सहायक अभियंता सोहन गुप्ता, उप अभियंता अर्जिता दीवान,नेहा गुप्ता, रमेश पटेल एवं उपस्थित अन्य संबंधित अधिकारियों से प्राप्त कर उसकी विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी प्रगतिरत कार्यो को तेज गति से कार्य करवाकर तय समयसीमा के भीतर गुणवत्ता सहित प्राथमिकता के साथ जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। महापौर मीनल चौबे ने बैठक में अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, वार्ड पार्षदों को कार्यो की जानकारी देकर उनसे समन्वय बनाकर 15 वें वित्त आयोग मद में सभी प्रगतिरत विकास कार्यो को सतत मॉनिटरिंग करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

निर्वाचित वार्ड समिति अध्यक्ष को मिला प्रमाणपत्र

- महापौर, सभापति ने दी हार्दिक शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 3 की वार्ड समिति के अध्यक्ष पद का निर्वाचन नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा नियुक्त निर्वाचन सह पीठासीन अधिकारी जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे द्वारा निर्वाचन सह पीठासीन अधिकारी निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय के निर्देशन पर्यवेक्षण में नगर निगम जोन 3 कार्यालय में कराया गया। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने, प्राप्त नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा उपरांत प्राप्त एकमात्र नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थी वार्ड पार्षद

साधना प्रमोद साहू को नाम निर्देशन पत्र सही पाए जाने पर नाम वापसी समय पूर्ण होने उपरांत नगर निगम जोन 3 की वार्ड समिति का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। जोन 3 में साधना प्रमोद साहू को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदत्त किया गया। इस अवसर पर जोन कार्यालय में वार्ड समिति का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित होने पर महापौर मीनल चैबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, पार्षद राजेश कुमार गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि रोहित साहू, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राम प्रजापति, सभी एमआईसी सदस्यों, जोन के तहत वार्डो के सभी नवनिर्वाचित पार्षदगणों, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, निगम सचिव सूर्यकान्त वास्तव, जोन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने वार्ड समिति जोन क्रमांक 3 की नवनिर्वाचित अध्यक्ष साधना प्रमोद साहू को बुके प्रदत्त कर और मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दीं।

हनुमान जयंती पर माहेश्वरी समाज का भव्य आयोजन

- गुढ़ियारी से निकलगी शोभायात्रा, सुंदरकांड पाठ के साथ होगी भजन संध्या

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन करने जा रही है। माहेश्वरी समाज की ओर से मोवा स्थित महेश गार्डन में एक दिवसीय कार्यक्रम में शोभायात्रा, भंडारा, सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या जैसे विभिन्न धार्मिक आयोजन शामिल हैं। गुढ़ियारी हनुमान मंदिर से निकलेगी शोभायात्राः सुबह 7.15 बजे गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ होगी, जो महेश गार्डन, मोवा तक पहुंचेगी। शोभायात्रा के समापन के बाद श्रद्धालुओं के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई है। इसके बाद दोपहर 12.00 बजे पंडरी में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

भजन संध्या और सुंदरकांड पाठ : शाम 6.00 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा, जिसके बाद हाई-टी की व्यवस्था रहेगी. रात्रि 8.00 बजे से भजन संध्या का शुभारंभ होगा. कार्यक्रम का समापन रात्रि 9.30 बजे महाप्रसादी वितरण के साथ होगा।इस भव्य आयोजन के लिए मुख्य संयोजक पवन झंवर और हेमंत तोतला है, जबकि संयोजन समिति में रमेश झंवर, ललित सोमानी और राकेश सोमानी शामिल हैं।

सभापति राठौड़ ने देवेन्द्र नगर में पेवर कार्य का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने राजीव गांधी वार्ड पार्षद एवं वित्त विभाग अध्यक्ष महेन्द्र खोडियार सहित जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जोन 2 के राजीव गाँधी वार्ड के अंतर्गत देवेन्द्र नगर में 15वें वित्त आयोग मद से प्रगतिरत पेवर कार्य का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभापति ने पेवर कार्य की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की

और सम्बंधित अबुबंधित ठेकेदार को नोटिस देकर कार्य को गतिमान करके सतत मॉनिटरिंग कर शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया। सभापति ने पेवर कार्य में एकरुपता बनाये रखकर कार्य करवाने के निर्देश दिए, ताकि कार्य उपरांत पानी निकासी की समस्या ना आये और निकासी सुगमता से हो सके।

बैठक

जोन अध्यक्ष ने जलसंकट से निपटने के लिए अफसरों को दिए दिशा-निर्देश

अध्यक्ष ने कहा-जोन स्तर पर ही पानी टैंकर उपलब्ध कराएं

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू ने कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेन्द्र सहित जलविभाग के अभियंताओं एवं अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रीष्मकालीन पेयजल प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा कर अनेक निर्देश जनहित में दिये ।

जलकार्य विभाग अध्यक्ष ने ग्रीष्मकालीन पेयजल हेतु जोनों से समन्वय बनाकर प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर पहुंचाने की चिन्हित सूची निगम मुख्यालय को देने और उस सूची को निरन्तर गुगल शीट में भी अपडेट करने के निर्देश दिए, ताकि इसकी निगम मुख्यालय

जल कार्य विभाग और नगर निगम रायपुर के उच्चाधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग और समीक्षा की जा सके,वहीं चिन्हित क्षेत्रों में पानी पहुंचाने के कार्य का सत्यापन अभियंता द्वारा किये जाने की व्यवस्था देने के निर्देश दिये हैं। जल कार्य विभाग के अध्यक्ष ने निगम मुख्यालय एवं जोनों से विभागीय टैंकर के अलावा चलने वाले टैंकर को पानी की उपलब्धता पर विधिवत रसीद काटकर दिये जाने और सभी टैंकरों को आवश्यक रूप से तैयार रखवाने के निर्देश दिये हैं।

खदान संचालक का दुस्साहस

आरंग। आरंग के ग्राम निसदा में पत्थर खदान संचालक के ग्राम कोटवार और शिकायतकर्ता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी अशोक यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम निसदा में पत्थर खदान संचालकों ने महानदी में खदान का मलबा डालने और पत्थर खदानों की जांच करने के संबंध में ग्रामीणों के साथ ओमप्रकाश सेन ने शासन से शिकायत की थी। प्रशासन के जांच के बाद पत्थर खदान संचालकों को महानदी से मलबा हटाने का आदेश दिया गया था, जिसके बाद संचालकों ने महानदी में डाले गए मलबे को हटाने का काम शुरू किया। इस बीच शुक्रवार को प्रशासन से अनुमति प्राप्त पत्थर खदान के सीमांकन के लिए पटवारी, कोटवार और शिकायतकर्ता सहित कुछ ग्रामीण पहुंचे थे. इसी दौरान अपने रिश्तेदार का खदान संचालित करने वाला ग्राम घोड़ारी निवासी अशोक यादव शिकायतकर्ता ओमप्रकाश सेन और कोटवार केदारनाथ साहू से उलझ गया, और मारपीट शुरू कर दी। मामले की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी अशोक यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

राज्यपाल रमेन डेका ने बस्तर पंडुम में जनजातीय परिधान और आभूषण देख हुए अभिभूत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल डेका ने बस्तर पंडुम में बस्तर सभी सातों जिले के जनजातीय समुदाय द्वारा लगाए गए स्टॉलों का तन्मयता के साथ अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनजातीय परिधान, वस्त्र, आभूषण सहित साज-श्रृंगार के विविध सामग्रियों को देख अभिभूत हुए और जनजातीय समाज के सदस्यों से रूबरू होकर इन सभी के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने देवी-देवताओं के पूजा-अर्चना सहित वैवाहिक एवं अन्य संस्कारों में उपयोग करने वाले परम्परागत जनजातीय वाद्य यंत्रों ढोल, मांदर, मोहरी, तुहरी इत्यादि सहित जनजातीय समुदाय के जीवन शैली से संबंधित पर्यावर्णीय अनुकूल स्थानीय औजारों एवं कृषि यंत्रों को भी बारीकी से देखा और जानकारी प्राप्त कर जनजातीय समुदाय की समृद्ध संस्कृति को अद्वितीय निरूपित करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

18 दिन से पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, जनकल्याणकारी योजनाएं ठप

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय कोण्डागांव स्थित डीएनके कॉलोनी में 18 मार्च से एक सूत्रीय मांग को ग्राम पंचायत सचिव संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। पंचायत सचिवों के हड़ताल का असर न केवल प्रशासनिक कार्यों पर पड़ा है, बल्कि आम ग्रामीणों की बुनियादी सुविधाएं भी पूरी तरह ठप हो गई हैं।

प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार नेताम ने जानकारी दी कि, वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 146 जनपद पंचायत मुख्यालयों में लगभग 11 हजार पंचायत सचिव नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। सचिवों के कामबंद करने के कारण गांवों में राशन कार्ड बनवाना, पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी जरूरी सेवाएं अटक गई हैं। ग्रामीणों को समय पर लाभ नहीं मिल पाने से नाराजगी भी बढ़ रही है।पंचायत सचिवों की हड़ताल से सबसे ज्यादा परेशानी नव-निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को हो रही है, जिन्हें शासन की योजनाएं लागू करने में सचिवों की आवश्यकता होती है। सचिवों के अनुपस्थित रहने से पंचायत स्तर पर कामकाज पूरी तरह ठप है।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि अगर जल्द ही सरकार द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सचिव संघ ने पहले ही चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय कर ली है। इसके अंतर्गत 7 अप्रैल को कोण्डागांव जिला मुख्यालय में एक रैली का आयोजन किया जाएगा और 20 अप्रैल को दिल्ली के जंतर मंतर मैदान में सचिव संघ द्वारा विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

डोंगरीगुड़ा से पण्डापली को अलग पंचायत बनाने की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

कोण्डागांव/नवप्रदेश। विकास खंड कोंडागांव में स्थित ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा से पण्डापली को अलग पंचायत बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने 4 अप्रैल को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने अपनी मांग में बताया कि ग्राम पण्डापली ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा का आश्रित ग्राम है, लेकिन इसकी अपनी भौगोलिक और सांस्कृतिक पहचान है। गांव की अलग पारंपरिक देव-सीमा है और तीज-त्यौहार भी स्वतंत्र रूप से मनाए जाते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि, वर्तमान पंचायत भवन की दूरी पण्डापली से लगभग 4 किमी है, जिससे वृद्ध, महिला एवं पुरुषों को आवश्यक कार्यों के लिए वहां पहुंचने में काफी परेशानी होती है। इसके अलावा, शासकीय उचित मूल्य की दुकान की दूरी भी अधिक होने के कारण ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई होती हैसाथ ही गांव की जनसंख्या 1285 होने के कारण ग्राम सभा ने भी पण्डापली को अलग पंचायत बनाने की सहमति दी है। ग्रामीणों सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस मांग पर अध्ययन कर आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है।

जिले में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन 7 अप्रैल से

कोंडागांव/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक जिले के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके लिए माहवार तिथि निर्धारित की गई है, जिसके तहत राजस्व पखवाड़ा का आयोजन माह अप्रैल में 07 अप्रैल 2025 से 21 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा।इसी प्रकार मई माह में 13 मई 2025 से 27 मई 2025 तक और जून माह में 16 जून 2025 से 30 जून 2025 तक आयोजित होगा। इस दौरान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत राजस्व प्रकरणों पर समय सीमा में कार्यवाही की जाएगी। इस पखवाड़े में अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, विवादित नामांतरण विवादित खाता विभाजन, अभिलेख त्रुटि सहित अन्य प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। शिविर स्थल पर ही बी वन, खसरा एवं किसान

कूप कटिंग के बाद लकड़ी के चट्टे हुए राख

मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में विभाग की लापरवाही से जली संपदा

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में वन विभाग की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है।बीस दिनों से जंगलों में लगी आग ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले रखा है, लेकिन विभाग न तो सतर्क दिख रहा है और न ही मौके पर कोई ठोस कार्यवाही कर रहा है। इस बार आगजनी से सिर्फ वन क्षेत्र ही नहीं, बल्कि विभाग की मेहनत और सरकार की करोड़ों की संपत्ति भी राख हो गई है।

मामला मनेन्द्रगढ़ वन मंडल अंतर्गत कुँवारपुर परिक्षेत्र के मसौरा बीट का है, जहां जनवरी-फरवरी माह में कूप कटिंग (साइंटिफिक्र तरीके से वन क्षेत्र में चयनित पेड़ों की कटाई) की गई थी। यह प्रक्रिया वन प्रबंधन के अंतर्गत वन संसाधनों के दोहन और पुनरुत्पादन के लिए अपनाई जाती है। कटाई के बाद कक्ष क्रमांक 1232 और 1233 में सैकड़ों घनमीटर लकड़ी को नाप-जोखकर चट्टों के रूप में सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया गया था। लेकिन, विभाग के उच्च अधिकारी के लापरवाही के चलते ये चट्टे अब पूरी तरह जलकर राख हो चुके हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही थीं, लेकिन न तो कोई आग बुझाने का इंतजाम किया गया और न ही अधिकारी मौके पर पहुंचे। हैरानी की बात यह है कि डीएफओ सहित जिम्मेदार अधिकारी फील्ड विजिट तक नहीं कर रहे। जिन कर्मचारियों की फील्ड में मौजूदगी होनी चाहिए, उनकी उपस्थिति सिर्फ कागजों तक सीमित है।

वन प्रबंधन के विशेषज्ञों का कहना है कि कूप कटिंग के बाद लकड़ी चट्टों की सुरक्षा बेहद अहम होती है, क्योंकि ये क्षेत्र बेहद संवेदनशील होते हैं। लेकिन मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में न तो निगरानी टीम सक्रिय है और न ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था। नतीजतन, सरकारी संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई अब मुश्किल होगी।

वन विभाग की इस लापरवाही ने न सिर्फ वन संपदा को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि जैव विविधता और वन्यजीवों के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आग की घटनाएं सामने आने के बावजूद विभाग की निष्क्रियता यह दिखाती है कि जिम्मेदारी की भावना पूरी तरह समाप्त हो चुकी है।

अब सवाल यह है कि क्या वन विभाग अपनी आंखें खोलेगा या फिर जंगल यूं ही धधकते रहेंगे? प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि इस गंभीर चूक की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका : संपत्ति कर, समेकित कर, दुकान किराया जमा करने की अवधि बढ़ी

कोंडागांव/नवप्रदेश। नगर पालिका द्वारा संपत्ति कर, समेकित कर, दुकान किराया और जल शुल्क की जमा करने की अवधि को बढ़ाकर 30 अप्रैल 2025 तक कर दिया गया है। यह निर्णय लोकसभा चुनाव और नगरीय निर्वाचन में हुए व्यस्तता के चलते लिया गया है। शासन द्वारा इस संबंध में सर्कुलर भी जारी किया गया है।नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने आज एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि नगर पालिका ने अब तक 5 करोड़ 5 लाख में से 4 करोड़ 37 लाख रुपये की वसूली की है, जबकि अभी भी लगभग 68 लाख रुपये की राशि वसूल की जानी बाकी है। उन्होंने सभी बकायादारों से अपील की है कि वे 30 अप्रैल तक अपने बकाया कर का भुगतान करें। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो उन पर 6.25त्न ब्याज जोड़ा जाएगा और करीब आठ दुकानों के निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी।

प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा 20 अप्रैल को

कोण्डागांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए प्रयास बालक व कन्या आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 की कक्षा 09वीं में प्रवेश हेतु 20 अप्रैल को आयोजित प्राक्कयन परीक्षा हेतु प्रवेश जारी कर दी गई है। विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/student-admission-Detail पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उक्त परीक्षा 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी, वहीं परीक्षर्थी को परीक्षा के एक घंटे पूर्व प्रातः 9 बजे उपस्थिति देनी होगी। आदिवासी विकास विभाग द्वारा परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे सम्पूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के दो फोटो सहित प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हो जावें। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आईडी प्रूफ जैसे आधार कार्ड, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र इत्यादि परीक्षा दिवस मे परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों केवल नीले या काले बॉलपाईट पेन का उपयोग करेंगे। परीक्षार्थियों को कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, पर्स, पाउच, स्कार्फ अथवा इलेक्टॉनिक्स सामग्री ले जाया जाना पूर्णतः वर्जित है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में कठिनाई होती हैं तो संबंधित जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कलेक्ट्रेट से प्रातः 10 बजे से सायं 05.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

शहीद आरक्षक रामदास कोर्राम की प्रतिमा का हुआ अनावरण

कोंडागांव/नवप्रदेश। नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान रामदास कोर्राम की स्मृति में ग्राम बनजुगानी में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह कार्यक्रम शहीद परिवार और भूतपूर्व सैनिकों के द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार,जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में शहीद जवान की वीरता और अदम्य साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहीद रामदास कोर्राम ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने शहीद परिवार से मिलकर आश्वासन दिया कि यदि उन्हें पुलिस से संबंधित कोई भी सहायता की आवश्यकता हो, तो वे तत्काल संपर्क करें।

भव्य आयोजन, सैकड़ों लोग हुए शामिल

इस मौके पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव रूपेश कुमार, थाना प्रभारी कोंडागांव सौरभ उपाध्याय, प्रआर 227 पन्नालाल देहारी, 90 नरेंद्र देहारी, आर. 757 बुधसन कुलदीप, जीएस योगेश साहू समेत अन्य पुलिसकर्मी, भूतपूर्व सैनिक, ग्राम सरपंच और बन जुगानी के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 400 लोगों ने भाग लेकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी वीरता को नमन किया।

श्रमिकों के पंजीयन हेतु मोबाइल कैम्प का आयोजन

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न विकासखण्डों में श्रम विभाग के द्वारा मोबाइल कैम्प लगाकर श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं का आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया जाएगा।

पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु आवश्यक मूल दस्तावेज आधारकार्ड (परिवार के सभी सदस्यों का), राशन कार्ड, बैंकपासबुक, मोबाईल साथ लायेंगे एवं असंगठित कर्मकार के पंजीयन हेतु आय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रमिक पंजीयन हेतु मोबाईल कैम्प का आयोजन कोण्डागांव विकासखण्ड में 07 अप्रैल 2025 को ग्राम ईदागांव, लेमड़ी और केवटी में, फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत कुल्हाड़गांव, केशकाल विकासखण्ड जागगांव, बड़ेराजपुर विकासखण्ड अंतर्गत चिचाड़ी में, 15 अप्रैल 2025 को माकड़ी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम उलेरा, कोसाहरदुली, कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम चिचपोलंग, फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम जैतपुरी, केशकाल विकासखण्ड के ग्राम अडेंगा, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम पलना में किया जाएगा। इसी प्रकार 21 अप्रैल 2025 को कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम किबईबालेंगा, बनजुगानी, पलारी, फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम सिरसीकलार, केशकाल विकासखण्ड के ग्राम ठाकुरपारा, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम मारंगपुरी में तथा 28 अप्रैल 2025 को माकड़ी विकासखण्ड के ग्राम उडेंगा, जड़कोंगा, कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम बुनागांव, फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम गदराबेड़ा, केशकाल विकासखण्ड के ग्राम प्रधानचर्रा, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम खजरावण्ड में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

गुमास्ता पंजीयन के लिए रिश्वत मांगने पर दो कर्मचारी बर्खास्त

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिला श्रम विभाग में गुमास्ता लाइसेंस पंजीयन के बदले रिश्वत मांगने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। इस भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने पर दो संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया, जबकि श्रम उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही जिला श्रम अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। श्रम विभाग के संविदा कर्मचारी सिंधु नाथ मंडल और उमा शंकर साहू पर आरोप था कि वे गुमास्ता लाइसेंस पंजीयन के नाम पर आवेदकों से 5 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर को प्राप्त हुई थी, जिसके बाद जांच शुरू की गई।

प्रथम पेज का शेष

घुमका में है ऐसा राम मंदिर जिसकी स्थापना...

इस राम मंदिर की खासियत और शुरुआत को लेकर तथ्यों को सामने लाने का प्रयास किया। उक्त मंदिर बालोद से अर्जुंदा मार्ग पर घुमका मुख्य मार्ग पर ही स्थित है। घुमका एक ऐसा गांव है जहां पर 1955-56 में एक मुसलमान मालगुजार साकिर हुसैन द्वारा राम मंदिर की स्थापना की गई है। जहां राम सीता की एक सामूहिक मूर्ति और पृथक से लक्ष्मण की मूर्ति है। उक्त सभी मूर्तियां एकाश्म यानी एक ही पत्थर को तराश कर बनाई गई है। इसमें एक बड़े पत्थर पर राम और सीता की आकृति उकेरी गई है तो दूसरे पत्थर पर लक्ष्मण जी की आकृति है। जो कि उस दौर करीब 70 साल पहले की अद्भुत कलाकारी का प्रमाण है। इस गांव के लोगों में हिंदू मुस्लिम एकता की अनोखी मिसाल देखने को मिलती है और सब मिलकर इस मंदिर का विकास कर रहे हैं। इस मंदिर के विकास के लिए ग्रामीणों ने जमीन और खेत तक दान किया है। जिसका बोर्ड मंदिर के दीवार पर भी लगा हुआ है। जिसमें लिखा है कि रामेशर साहू द्वारा साढ़े 52 डिसमिल जमीन 1965 और गुहलू राम कंवर द्वारा 30 डिसमिल जमीन 1975 में दान दिया है। एक मुसलमान मालगुजार साकिर हुसैन नाम के व्यक्ति ने इस मंदिर की नींव रखी थी। धीरे-धीरे ग्रामीणों ने मिलकर इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया। गांव के लोग बताते हैं कि जो मुसलमान मालगुजार जिन्होंने इस मंदिर की नींव रखी वे रामायण के टीकाकार भी थे।

यानी यहां के मुसलमान में भी राम के प्रति अद्भुत प्रेम देखने को मिलता है। यहां की रामायण और रामलीला मंडली में भी हिंदू और मुसलमान दोनों ही कलाकार अपना अभिनय दिखाते आए हैं, यह भी एक अनोखी बात है। शिव मानस मंडली करती है इसी मंदिर में अखंड रामायण का पाठ : यहां के ग्रामीण रामपाल साहू ने बताया कि वे जमीनदाता परिवार के सदस्य ही हैं। उन्होंने कहा कि 1967 में उनका जन्म हुआ। उसके पहले से ही लगभग 1950-55 के बीच उक्त मंदिर बना। उस समय हमारे गांव में साकिर हुसैन नाम के मालगुजार थे। जिनके द्वारा इस मंदिर का निर्माण किया गया है। इस मंदिर की नींव साकिर हुसैन द्वारा रखी गई थी। जो मुस्लिम समुदाय का होने के बावजूद गांव में हिंदू और मुस्लिम एकता के बेहतर संस्थापक माने जाते थे। वे खुद रामायण मंडली में हारमोनियम बजाते थे और रामायण के टीकाकार थे और पूरे गांव में रामायण आयोजित करके चंदा करके मंदिर का निर्माण कराया गया था और इसके बाद मेरे पिता स्वर्गीय रामेशर साहू ने 75 डिसमिल जमीन/ खेत उस मंदिर के नाम से दान की है। उक्त मंदिर में शिव मानस मंडली के द्वारा तीजा के समय विगत कई वर्षों से अखंड रामायण का पाठ किया जाता है। वही समय-समय पर यहां विविध आयोजन होते हैं। आसपास के बच्चों द्वारा यही पर गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है।

रथ यात्रा का पर्व मनाकर की गई थी राम मंदिर की स्थापना : बुजुर्ग लेपू राम सिन्हा ने भी बताया कि राम मंदिर के नाम से हमारा गांव वर्षों से प्रसिद्ध है। जो हिंदू मुस्लिम की एकजुटता को भी बताता है। जो लगभग 1950-60 के दौर में बना है और इसका निर्माण रामायण पार्टी के कारण हुआ है। रामायण आयोजन के लिए लोग दान करते थे। रामायण के बाद जो चंदा (धन राशि) दान के रूप में आता था, इस राशि से उक्त मंदिर का निर्माण शुरू किया गया। रामायण में मिलें दान राशि से मंदिर बनाया गया। उक्त रामायण मंडली के मैनेजर साकिर हुसैन मालगुजार थे। जिनके द्वारा रामायण से मिले दान और रामायण पार्टी के सदस्यों के सहयोग से उक्त मंदिर का निर्माण हुआ। बड़ी बात ही है कि रामायण पार्टी के जरिए राम मंदिर बनाया गया। यहां की मूर्ति जो एकाश्म पत्थर से बनाई गई है उसे डौंडी ब्लॉक के किल्लेकोड़ा गांव जो कि मूर्तिकारों का गांव कहलाता है, वहां से उसे बनवाकर यहां स्थापित किया गया है। वहां से मूर्ति लाने के बाद गांव में अलग जगह मूर्ति को रखी गई थी। फिर गांव में रथ यात्रा (रथ दूज) का पर्व मनाया गया। गली भ्रमण करते हुए त्यौहार मनाते हुए मंदिर में मूर्ति की स्थापना की गई। अब उस दौर के कई व्यक्ति स्वर्गवासी हो चुके हैं। कुछ ही व्यक्ति अब जीवित है। एक मुसलमान होने के बावजूद साकिर हुसैन हिंदू धर्म का पूरा सम्मान करते थे और रामायण मंडली की पूरी बागडोर संभाला करते थे। साकिर हुसैन मुसलमान होने के बावजूद हिंदू धर्म को बहुत मानते थे। रामायणी स्वभाव के थे। टीकाकार थे। अपने ब्यारा में ब्राम्हण बुलाकर पूजा पाठ करवाते थे। वे अपने मुसलमान और हिंदू धर्म दोनों को लेकर चलते थे।

अद्भुत एकता का प्रतीक है हमारा राम मंदिर : पूर्व जनपद सदस्य शारदा सिन्हा ने भी कहा कि घुमका में अद्भुत राम मंदिर है। जिसकी स्थापना 1955 हुई है और जिसे हमारे गांव के तत्कालीन मालगुजार साकिर हुसैन द्वारा स्थापना की गई है। जहां बहुत ही सुंदर हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक देखने को मिलता है। यहां आए दिन अखंड रामायण, पूजा पाठ अन्य विविध आयोजन होते हैं। रामनवमी पर भी यहां विशेष पूजा होती है। कोई भी धार्मिक कार्यक्रम होता है तो इसी मंदिर में होता है। जो गांव के लिए एक विशेष धार्मिक स्थल भी है और उक्त मुसलमान भी ऐसे थे जो हिंदू धर्म को मानते थे ऐसा हम बुजुर्गों से सुनते आए हैं। आज भी गांव के हिंदू और मुसलमान दोनों ही उनकी रामायण भक्ति को याद करते हैं और यह मंदिर हिंदू मुस्लिम की एकता का प्रतीक बना हुआ है।

यहां विराजमान हैं मूंछ वाले ...

की जाती है. उनके कई मंदिर है, जहां भक्त दर्शन-पूजन के लिए जाते हैं. लेकिन कवर्धा के पंडरिया स्थित राम-जानकी जमात मंदिर के प्रतिमा की बात ही कुछ अलग है।

कवर्धा जिले के पंडरिया में भगवान श्रीराम की दुर्लभ प्रतिमा स्थापित है । यहां भगवान राम की छोटे भाई लक्ष्मण और माता जानकी के साथ तकरीबन 200 साल पुरानी प्रतिमा विराजमान है ।

यह केवल एक सुंदर प्रतिमा नहीं है, इसमें भगवान राम और लक्ष्मण की मूंछे हैं, जो उनकी प्रतिमा को दूसरे जगह की प्रतिमा से अलग करती है. बेहद खुबसूरत इस प्रतिमा के जैसे दूसरी प्रतिमा प्रदेश में कहीं नहीं है. यह अपने आप में अद्भुत है, जिसे देखने के बाद नजर नहीं हटती है।

पंडरिया के श्रीराम-जानकी जमात मंदिर को लेकर सही-सही कोई जानकारी नहीं है। फिर भी लोगों का कहना है कि यह मंदिर 200 से 300 साल पुराना है. यहां भगवान की नयनाभिराम मूर्ति स्थापित है, जिसमें उनकी मूंछे हैं, जो कहीं और नहीं दिखाई देती है इस मंदिर से लोगों की अपार श्रद्वा और आस्था जुड़ी हुई है।

नक्सली मुख्यधारा में ...

शाह ने कहा कि बस्तर में तभी शांति आ सकती है, जब बस्तर के लोग तय करें कि हर गांव को नक्सल मुक्त कराएं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घोषणा की है कि जो गांव हर नक्सली को सरेंडर कराएगा, उस गांव को नक्सल मुक्त घोषित कर एक करोड़ रुपए का राशि देंगे।

बड़ी सफलता : 86 नक्सलियों ने किया ...

ऐसे समय पर हुआ है जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर में नक्सल विरोधी गतिविधियों की समीक्षा कर रहे हैं। यह घटनाक्रम सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, जिससे क्षेत्र में शांति बहाली की उम्मीद और भी मजबूत हो गई है। इससे पहले बीते शुक्रवार को लाखों रुपयों के इनामी तीन पुरुष और एक महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण किया था।

श्रीलंका के सर्वोच्च सम्मान ...

बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंधों और गहरी मित्रता का सम्मान है।

भारत और श्रीलंका ने रक्षा ...

वाली कोई भी सहयोग गतिविधि अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुसार होगी और श्रीलंका अथवा भारत के घरेलू कानूनों और राष्ट्रीय नीतियों के साथ संघर्ष नहीं करेगी।

केन्द्र ने आपदाओं से प्रभावित ...

राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पास है।

ट्रंप ने भारत सहित तीन ...

संयुक्त राज्य अमेरिका से सभी आयातों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जिसके बाद, अमेरिकी शेयर बाजार में दो दिनों में 6.6 खरब डॉलर का नुकसान हुआ, जो इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट है।

चीन अमेरिका से आयातित ...

मिनट से अमेरिका में तैयार आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त टैरिफलगाएगा।

न्यूज गैलरी

अंडर-15 जूनियर फुटबॉल लीग में भुना को हराकर आरकेएम फाइनल राउंड में प्रवेश

नारायणपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर में एआईएफएफ अंडर-15 जूनियर लीग ग्रुप-जे के दूसरा मैच 5 अप्रैल दिन शनिवार को सुबह 7.30 बजे आरकेएम फुटबॉल अकादमी नारायणपुर और भुना फुटबॉल क्लब हरियाणा के बीच अंतिम लीग मैच खेला गया। जिसमें नारायणपुर आश्रम टीम ने भुना को 1 - 0 से हराकर ग्रुप चैंपियन हुआ और फाइनल राउंड प्रतियोगिता में जगह बनाने में सफल रहा है। मैच के प्रथम हाफमें दोनों टीम खेल का प्रदर्शन किया लेकिन कोई भी गोल करने में नाकाम। द्वितीय हाफमें 80 मिनट पर आरकेएम के कमलेश ने एक मात्र गोल कर जीत सुनिश्चित किया। इसी के साथ रामकृष्ण मिशन का टीम ग्रुप-जे में दोनो लीग जीतकर टॉप कर फाइनल राउंड में जगह बनाने में सफल रहा। आपको बता दें कि पूरे भारत में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वावधान में 12 जगह पर अंडर-15 जूनियर फुटबॉल लीग 12 ग्रुप में खेला जा रहा है। लगभग 70 टीम इसमें शामिल हैं। हर ग्रुप से टॉप करने वाले 12 टीम सीधे फाइनल राउंड प्रवेश करेंगे और ग्रुप में द्वितीय स्थान पर रहने वाले 12 टीम फिरसे एक क्वालीफाई राउंड खेलेंगे जिसमें से 4 टीम को फाइनल राउंड में शामिल किया जायेगा। इस प्रकार सुपर सिक्सटीन का फाइनल मुकाबले में 16 टीम खेलेंगे।

छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव डॉ गाँधी, उप-महासचिव श्री मोहनलाल जी, आश्रम के सचिव महाराज, नारायणपुर फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अशोक उसेण्डी एवं अन्य सभी ने बच्चों को और कोच को बधाई और शुभकामनाएं दी।

आमजनता की समस्याओं के निराकरण हेतु ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। जिले की आमजनता की राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं और प्रकरणों का निबटारा करने के लिए कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार सभी अनुभाग में राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे। अपर कलेक्टर एस अहिरवार ने बताया कि इसके लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर, चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर में आगामी 07 अप्रैल से 21 अप्रैल, 13 मई से 27 मई तथा 16 जून से 30 जून तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन शिविरों में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिले की प्रत्येक तहसील के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत सभी राजस्व न्यायालय संबंधी प्रकरण, लोकसेवा गारंटी अधिनियम, अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता, सीमांकन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, विवादित नामांतरण, विवादित खाता, सभी राजस्व न्यायालय, जनहानि, पशुहानि, फसल क्षति तथा भू-अर्जन संबंधी प्रकरण। भू-अभिलेख अंतर्गत वार्षिकी कृषि सांख्यिकीय सारणी तथा ऋतु एवं फसल प्रतिवेदन, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, भूमिस्वामी के खाता में आधार, मोबाईल नंबर, किसान किताब एवं जेण्डर और राजस्व पखवाड़ा संबंधी कार्यक्रम अंतर्गत कोटवारों से मुनादी, प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही ऑनलाईन अपलोड, पंचानामा इत्यादि को मौके पर नोटिस ईश्तहार जारी करना, आय, जाति, निवास इत्यादि संबंधित प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही शिविर स्थल में निराकरण किया जाएगा।

जिला पंचायत की स्थायी समिति का हुआ गठन

कांकेर/नवप्रदेश। जिला पंचायत कांकेर की स्थायी समिति के गठन की कार्यवाही के लिए कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार प्राधिकृत पीठासीन अधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी द्वारा जिला पंचायत के समस्त नवनिर्वाचित सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से 07 स्थायी समितियां गठित की गई हैं। जानकारी के अनुसार सामान्य प्रशासन समिति के लिए किरण नरेटी को सभापति बनाया गया है। इसी प्रकार शिक्षा समिति के लिए ताराबती ठाकुर, कृषि समिति दिपंकर राय, संचार तथा संकर्म समिति हेतु सुनिता मण्डल, सहकारिता और उद्योग समिति हेतु देवेन्द्र कुमार टेकाम, वन समिति हेतु कामनी उसेंडी और स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास समिति लिए तिजेश्वरी सिन्हा को सभापति नियुक्त किया गया है।

साई झूलेलाल की छट्ठी मनाई, रील बनाओ, ईनाम पाओ स्पर्धा हुई पहली बार

जगदलपुर। सिन्धी समाज सदस्यों के इष्टदेव साई झूलेलाल जन्मोत्सव सात दिवसीय मनाया गया। अब छट्ठी भी सिन्धी गुरुद्वारा में मनाई गई। सिन्धी समाज के मुखी मनीष मूलचंदानी ने जानकारी दी साई झूलेलाल जन्मोत्सव के कार्यक्रमो के मध्य पहली बार सिन्धी समाज मे एक रील बनाओ पुरस्कार पाओ प्रतियोगिता की गई जिसमे साई झूलेलाल के भजन होना ही चाहिए। इस प्रतियोगिता के परिणाम साई झूलेलाल जी की छट्ठी के पर्व कर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गुरु संगत गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष सुंदर भोजवानी ने बताया साई झूलेलाल जी की छट्ठी शुक्रवार को देर रात में की गई, जिसमे भजन, आरती, पल्लव, प्रसादी भी किया गया। इस अवसर पर सुरेश पोटानी ने साई झूलेलाल के अवतरण पर प्रकाश डाला साथ ही बताया गया साई झूलेलाल जी के छट्ठी का नाम उदयचंद है। शंकर नानकानी ने 56 भोग की व्यवस्था की। रील इवेंट असिस्टेंट लक्ष्मी नवतानी ने बताया वर्तमान समय सोशल मीडिया से सभी वर्ग जुड़े हुवे है इसे देखते हुवे सिन्धी पंचायत के तत्वावधान में एक आकर्षक प्रतियोगिता की गई साई झूलेलाल सम्बन्धित रील बनाओ पुरस्कार पाओ। इस प्रतियोगिता में 19 सदस्यों ने सहभागिता निभाई, सभी रील शानदार रहे परिणाम निकालने में बहुत कठिनाई हो रही थी।

प्रबंधक संघ के हड़ताल का पहला दिन, 902 प्रबंधक धरना स्थल पर डटे

नियमितीकरण ही विकल्प-कवासी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज संघ अब सरकार के साथ आर-पार की लड़ाई के मूड में दिख रहा है. जिले में लघु वनोपज प्रबंधक संघ ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। संघ ने ये हड़ताल सात सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू की है। प्रबंधक संघ की माने तो उनके प्रतिनिधि ने हड़ताल से पहले राज्य लघु वनोपज संघ के अधिकारियों से मुलाकात की थी। जिसमें लघु वनोपज संघ ने अपनी मांगों को अधिकारियों के सामने रखा था। फिर भी अधिकारियों की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया। इसलिए लघु वनोपज संघ ने हड़ताल पर जाने का फैसला किया। बताया जा रहा है कि यदि हड़ताल लंबी चली तो प्रदेश के 52 लाख लघु वनोपज संग्राहकों पर इसका असर पड़ेगा। प्रबंधक संघ के जिला अध्यक्ष राकेश कवासी ने कहा कि 37 वर्ष बीत गए अब हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं। अब नियमितीकरण के अलावा दूसरा कोई विकल्प हमे मंजूर नहीं है।

क्या है लघु वनोपज संघ की मांग : लघु वनोपज संघ की मांगों में पहली और प्रमुख मांग नियमितीकरण की है. इसके बाद वित्त विभाग से अनुमति मिलने पर भी प्रबंधकों को 7, 8, 9 ग्रेड पे नहीं मिलने से भी छत्तीसगढ़ लघु वनोपज प्रबंधक संघ नाराज है. लघु वनोपज संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामाधर ने बताया कि प्रबंधक पिछले 37 सालों से 14 लाख लघु वनोपज संगठनकर्ता परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं. जिनमें मुख्य रूप से तेंदूपत्ता संग्रहण, भुगतान, बोनस का वितरण,14 लाख परिवारों का बीमा, छात्रवृत्ति, 65 प्रकार के लघु वनोपज का न्यूनतम संग्रहण दर में संग्रहण शामिल हैं.

37 साल पुरानी मांग अधूरी : आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ लघु वनोपज संग्रहण में पूरे देश मे नंबर एक है. लघु वनोपजों के संग्रहण में प्रदेश सरकार को 13 राष्ट्रीय अवार्ड भी मिले हैं. लघु वनोपज संघ के मुताबिक सरकार और अधिकारी 37 साल से प्रबंधकों का शोषण कर रहे हैं. 2016 में प्रबंधकों के लिए सेवा नियम भी लागू किया गया था. जिसमें साफ लिखा है कि एक साल की परिवीक्षा अवधि के बाद प्रबंधक नियमित माने जाएंगे. लेकिन उसे भी अब तक धरातल पर नहीं लाया गया है. यही वजह है कि संघ ने 5 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है.

बस्तर पण्डुम भाजपाइयों का सिर्फ ढोंग हैं : तुलिका कर्मा

- दुर्घटना में घायल हुए ग्रामीणों का जिम्मेदार भाजपा शाषन एवं गृहमंत्री अमित शाह जी है
- जबरन डरा धमका कर गाड़ियों में भरकर ले जाने की वजह से हुआ है यह हादसा
- बस्तर पंडुम का दिखावा कर बैलाडीला के पहाड़ों का आबंटन करने आये है गृहमंत्री

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दन्तेवाड़ा जिले में भाजपाइयों द्वारा आयोजित कार्यक्रम बस्तर पण्डुम सिर्फ एक ढोंग है और जनता के पैसों की बर्बादी है । जिस आयोजन के माध्यम से सरकार बस्तर की संस्कृति और परंपरा का बखान कर रही है और उसी आयोजन से पहले से तो बस्तर की आराध्य देवी दंतेश्वरी माई जी की तस्वीर गायब कर दी गयी और करोड़ो रुपय की बर्बादी करने के बाद हद तो तब पार हो गयी जब बात ग्रामीणों की जान पर बन आई ।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य तुलिका कर्मा ने इस पूरे मामले में बयान जारी करते हुए कहा कि बस्तर पण्डुम सिर्फ दिखावा मात्र है और असली मामला तो बैलाडीला पहाड़ के खदानों के आबंटन से जुड़ा हुआ है । गृहमंत्री अमित शाह जी का यह दौरा बिल्कुल भी बस्तर की परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए नही है बल्कि वे हम आदिवासीयों की जीवन को नष्ट करने यहाँ आ रहे है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण आज उनकी सभा शामिल हो ग्रामीणों के दुर्घटना से मिल चुका है । अमित शाह जी का यह बस्तर दौरा सिर्फ अपने व्यवसायी दोस्त को खुश करने के लिए किया गया और पूरी रणनीति के तहत वे आ के ग्रामीणों से उनका जल -जंगल - जमीन हथियाने की तैयारी में है । जिस तरह से विगत के दिनों में बैलाडीला के पहाड़ों को आबंटन के लिए निकाला गया है और नगरनार स्टील प्लांट का विनिवेशीकरण किया जा रहा है यह निश्चित रूप से एक बड़े अंधकार भरे भविष्य की ओर इशारा कर रही है जिसका खामियाजा हम आदिवासियों को हमारी जल-जंगल - जमीन देकर चुकाना पड़ सकता है, जो कि हम कतई होने नही देंगे और हमारी आखिरी सांस तक हम हमारे संस्कृति और परम्परा को बचाने के लिए लड़ेंगे ।

तुलिका ने आगे कहा कि गृहमंत्री अमित शाह जब भी किसी आदिवासी बहुल क्षत्रों में गए तो सिर्फ विनाश ही लेकर आये है । फिर चाहे वो मणिपुर हो या लद्दाख जैसे राज्य हो या हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश का सरगुजा संभाग । पहले इन्होंने सुनियोजित तरीके से हसदेव की जंगलो को बर्बाद कर वहाँ के आदिवासीयों को नष्ट किया और अब बस्तर दौरे के साथ हमारे दन्तेवाड़ा जिले को बर्बाद करने की तैयारी में है । केंद्र में इनकी सरकार द्वारा पूर्व में भी दन्तेवाड़ा जिले के खदान क्र.13 को एनसीएल के माध्यम से अडानी को दे दिया गया था ग्रामीणों के विरोध के बाद कांग्रेस की सरकार ने मामले को संज्ञान में राज्य सरकार की शक्तियो का इस्तेमाल कर इस आबंटन को रोक रखा था परंतु अब केंद्र और राज्य में इनकी सरकार आते ही फिर से इनका आदिवासी विरोधी चेहरा सामने आने लगा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से सुभाष को मिला अपना आशियाना

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना से खुद के पक्के मकान की सुख सुविधा दे रही है। जिले की भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मुल्ला के निवासी श्री सुभाष कौशिक, जो बीते 15 वर्षों से किराये के मकान में जीवन यापन कर रहे थे, अब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत मिले आवास में अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी रह रहे हैं। भूमिहीन और पेशे से भारी वाहन चालक श्री सुभाष कौशिक की मासिक आमदनी मात्र 10 हजार रुपए होने के कारण वे अब तक स्वयं का घर बनाने में असमर्थ थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने के बाद श्री कौशिक ने ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव के सहयोग से अपना मकान पूर्ण कराया। उन्होंने 30 मार्च 2025 को गृह प्रवेश कर अपने नये आवास में कदम रखा। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जैसे गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।

श्री कौशिक ने बताया कि वे बीपीएल परिवार से हैं और इस योजना ने उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से संबल प्रदान किया है। अब वे अपने नवनिर्मित घर में एक सुखमय जीवन की शुरुआत कर रहे हैं।यह कहानी प्रधानमंत्री आवास योजना की सफलता और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सकारात्मक प्रभावशीलता का जीवंत उदाहरण है।

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में कोरिया जिले से आस्था ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

एमसीबी। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि एम.सी.बी जिले से 30 छात्र/छात्राओं ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त की है। मनेन्द्रगढ़ विकासखंड से 06 विद्यार्थी, खड़गवां विकासखंड से 20 विद्यार्थी एवं भरतपुर विकासखंड से 04 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित की है। जिले से कु. आस्था ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इनके साथ-साथ छाया कुमारी साहू, अर्पित चौहान, आशीष कुमार सिंह, नैतिक सागर, रोहन मरावी, अन्नू, सोहानी मिश्रा, पवन चतुर्वेदी, अनुरुद्ध पाण्डेय, सौम्या, अरुणा, कृष्निका, अनुप्रिया जायसवाल, साक्षी, इशान साहू, आयुष साहू, अन्नया भारती, समीर, शालिनी, लवकुमार, दुर्गावती, अक्षन्त कुमार, संजना, अंश कुमार, प्रतिभा सिंह, सुलजीत, प्रियांशु और बुद्धम् ने भी इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता जिले के विद्यालयों के शिक्षकों के अथक परिश्रम और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।

कचना की बसंती बाई को मिला पक्का घर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण गरीबों के लिए बना वरदान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। धमतरी जिले के कुरुद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कचना निवासी श्रीमती बसंती बाई ध्रुव को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित किया गया है। श्रीमती बसंती बाई को वर्ष 2024-25 में निर्धारित पात्रता के अनुसार आवास बनाने की स्वीकृति मिली। इस संबंध में श्रीमती बसंती बाई बताती हैं कि-पहले उनका मिट्टी और खपरैल से दो कमरे का आवास बना हुआ था, जो बरसात के दिनों में सीड़न होने से अनेक कठिनाइयों से गुजरना पड़ता था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास बन जाने से अब उन्हें इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। साथ ही समाज में जीवन जीने के तौर तरीके के साथ सम्मान बढ़ा। गरीबी के कारण आवास बनाने का सपना अधूरा ही था। पति के गुजर जाने के बाद जैसे तैसे करके शासन से मिलने वाली विधवा पेंशन के भरोसे जीवन की गाड़ी खींच रही थी। उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि सिर्फविधवा पेंशन के भरोसे कभी उनका पक्का मकान का सपना पूरा होगा। श्रीमती बसंती बाई कहती है कि पंचायत की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाने के लिए मुनादी कराई गई थी। इसके बाद उनका नाम सर्वे सूची में आया और उन्हें पक्का घर बनाने के लिए शासन द्वारा सहायता प्रदाय किया गया। उन्हें अब बारिश में छत टपकने और कीड़े-मकोड़ों का डर नहीं सताता। साथ ही कभी सपने में भी नहीं सोच पाने वाला पक्का मकान का सपना भी पूरा हो गया।जीवन में सफलता प्राप्त कर कोई साधारण सी बात नहीं है। इसे केवल धन और भौतिक संपदा की प्राप्ति के द्वारा भी निर्धारित नहीं किया जा सकता है। सफलता का अर्थ है इससे कहीं अधिक गहन है और जो आदमी हर परिस्थिति में प्रसन्न रखने की योग्य बनाती है।

अपार आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, प्राथमिकता के साथ बनाये

बीजापुर। दिनांक 03.04.2025 को विभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर जिला बीजापुर एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर के द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में आज जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया के मार्गदर्शन में पोटा केबिन सण्ड्रापल्ली में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कण्डिक नारायण की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर समस्त प्राचार्य, प्रधान अध्यापक, अधीक्षकों को अपार आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, प्राथमिकता के साथ बनाये जाने युद्ध स्तर प्रयास करने निर्देशित किया। जिन बच्चों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है, वे तहसील कार्यालय से संपर्क माह अप्रेल के अंत तक बनाने को कहा गया। कक्षा 5वीं एवं 8 वीं के बच्चों को दक्ष परीक्षा संपन्न होने तक शाला में शत प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखने, शाला में कमजोर बच्चों को इस महीने रेमेडियल क्लास से उनके स्तर को सुधारने, निपुण बीजापुर कार्यक्रम के तहत शालाओं के स्तर को सुधार करने, प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय शनिवार को शाला परिसर स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर फोटोग्राफ ग्रुप में भेजने, शाला में शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले अभी से शाला की व्यवस्थाओं सुधार करने, कक्षा पहली में आंगनवाड़ी बच्चों को प्रवेश दिलाने, कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को कक्षा छठवीं में, कक्षा 8 वीं में उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को कक्षा नौवीं में, कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को कक्षा ग्यारहवीं में शत प्रतिशत प्रवेश दिलाने, शत् प्रतिशत बच्चों का आधार कार्ड इस माह के अंत तक बनाने, शाला त्यागी बच्चों को निरंतर स्कूल लाने के प्रयास करने निर्देशित किया गया। श्रीनिवास एट्ला सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी भोपालपटनम ने सभी से इन सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा। बैठक में यालम शंकर बीआरसी, दक्ष बीजापुर के नोडल अनिल जाटव, जाति प्रमाण पत्र नोडल अधिकारी नंदकुमार मारकोण्डा, समस्त संकुल प्राचार्य, समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक, प्रधान अध्यापक एवं अधीक्षक उपस्थित रहे।

ग्रामीणों से मिलने अस्पताल पहुंचे छविंद्र सुलोचना कर्मा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बस्तर पंडुम के नाम का ढोंग कर रही भाजपा का खमियाजा स्थानीय ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है । बस्तर की संस्कृति और परंपरा को दिखाने के नाम पर जो जनता के पैसों को बर्बाद किया जा रहा है वो बस्तरवासी देख रहे है । और तो और पैसों की बर्बादी के साथ तो अब जनता को जान-माल की हानि भी उठानी पड़ रही है । भाजपाइयों द्वारा अपने नेताओं को खुश करने के लिए देश के गृहमंत्री अमित शाह को बुलाया गया और उनकी खुशामदी करने भेड़ बकरियों की तरह ग्रामीणों को गाड़ियों में भर कर लाया जा रहा है ।

मामला है अमित शाह के बस्तर दौरे का जिसमे ज़बरदस्ती ग्रामीणों को सभास्थल में ले जाते समय पिकअप वाहन का दुर्घटना हो गया ओर जिसमे तीन दर्जनों से अधिक लोग घायल हो गए । ग्रामीणों के प्रति भाजपाई इतने संवेदनहीन हो कि निगरानी करने अस्साल तक पहुँचना जरुरी नही समझे तो वही मामले की जानकारी मिलते ही छविंद्र और सुलोचना कर्मा तुरन्त अस्साल पहुँच कर ग्रामीणों को उचित स्वास्थ मुहैया करवा कर के 11 घायलों को डिमरापाल रिफर करवाया । छविंद्र कर्मा ने इस पूरी घटनाक्रम में बयान देते हुए कहा कि भाजपा और प्रशासन को बस्तर की जनता से कोई लगाव नही है और उन्हें सिर्फ अपने नेताओं को खुश करना आता है भले ही इसके लिए किसी की जान भी क्यों न चली जाए । तो वही सुलोचना कर्मा ने कहा की भाजपाई संवेदनहीन हो चुके है और बस्तर की संस्कृति के नाम पर ढोंग रचा कर हमारे ही ग्रामीणों की बलि दे रहे है अस्पताल में जिला कांग्रेस कमिटी की तरफ से साथ मे जिला महामंत्री विमल सलाम, अजय मरकाम,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा , भोला मरकाम, पार्षद एन नागराज,मनोज मालवीय,राधा नाग,इंद्रा ठाकुर, जात्यभान जादोन, मनीष ठाकुर ,गायेंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव,त्रिशांक ठाकूर ,उमेश राणा ,आयुष यादव, विवेक कर्मा मौजूद थे ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भंडार विभाग

ई-टेंडर नोटिस न. एन.आई.टी./14/25/13, तिथि-01-अप्रैल-2025

Sr. No.	Tender No.	Description	Tender Closing /Opening Date & Time	Qty.	Publication Date
1	03251490	कट-ऑफ एंगल कॉक विथ वेंट फॉर एयर ब्रेक वैगन	17.04.2025 At 10:30 hrs	15190 नग	28-MAR-25
2	06250109	मैन्युफैक्चर एंड सप्लाय ऑफ 6 मिमी थिक नायलॉन कॉर्ड रिइनफोर्स्ड ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट्स फॉर 60 के.जी. 1 इन 8.5 टर्नआउट	17.04.2025 At 10:30 hrs	1090 सेट	26-MAR-25
3	06251131	इलेक्ट्रिक पॉइंट मशीन (रोटरी लॉकिंग टाईप)	17.04.2025 At 10:30 hrs	130 नग	28-MAR-25
4	01253588	एलिमेंट इंजिन एअर फिल्टर	21.04.2025 At 10:30 hrs	2200 नग	28-MAR-25
5	03252322	के-टाईप कंपोझिशन ब्रेक ब्लॉक फॉर फ्रेट स्टॉक	21.04.2025 At 10:30 hrs	208156 नग	27-MAR-25
6	06250102	गैल्वनाइज्ड प्लेट स्क्रू	21.04.2025 At 10:30 hrs	122450 नग	27-MAR-25
7	06250108	मैन्युफैक्चर एंड सप्लाय ऑफ 6 मिमी थिक नायलॉन कॉर्ड रिइनफोर्स्ड ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट्स फॉर 60 के.जी. 1 इन 12 टर्नआउट	21.04.2025 At 10:30 hrs	1433 सेट	26-MAR-25
8	03251427	नॉन-ऍस्बेस्टोस 'एल' टाईप कंपोझिट ब्रेक ब्लॉक फॉर फ्रेट स्टॉक	22.04.2025 At 10:30 hrs	179542 नग	27-MAR-25
9	06250091B	रेट कॉन्ट्रैक्ट फॉर मैन्युफैक्चर एंड सप्लाय ऑफ इलैस्टिक रेल क्लिप एमके-III	22.04.2025 At 10:30 hrs	5600000 नग	28-MAR-25
10	06250101	गैल्वनाइज्ड प्लेट स्क्रू	22.04.2025 At 10:30 hrs	286862 नग	28-MAR-25
11	02251776	एलआई-सीडी बैटरी सेट (कैपेसिटी 199 एएच सी 5ए, व्होल्टेज 1.2 व्ही/सेल, नंबर ऑफ सेल 78)	28.04.2025 At 10:30 hrs	25 सेट	28-MAR-25
12	06250103	गैल्वनाइज्ड प्लेट स्क्रू	28.04.2025 At 10:30 hrs	126550 नग	27-MAR-25
13	06250113	मैन्युफैक्चर एंड सप्लाय ऑफ इलैस्टिक रेल क्लिप्स-जे कन्फॉर्मिंग	28.04.2025 At 10:30 hrs	480343 नग	28-MAR-25
14	06250115	लिथा प्लेट फॉर 60 के.जी (यू.आय सी) रेल्स कन्फॉर्मिंग	28.04.2025 At 10:30 hrs	28479 सेट	28-MAR-25
15	07241296	हेक्सागोनल हेड बोल्ट्स एंड नट्स	29.04.2025 At 10:30 hrs	74407 के.जी.	01-APR-25
16	07252053	डेसिकाइड फ्लेंस बॉन्डेड पॉलिएस्टर ब्लॉक फॉर यूज इन रेल्वे कोचेस	05.05.2025 At 10:30 hrs	6000 नग	28-MAR-25

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेबर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-II
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/AM/593

South East Central Railway @secrail

दिल्ली पब्लिक स्कूल में दुर्गा अष्टमी पर हुआ भव्य आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। दिल्ली पब्लिक स्कूल मे दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर देशभर में हर्षोल्लास के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है। मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है, जहां माता दुर्गा के आठवें स्वरूप, महागौरी की विशेष पूजा की जा रही है। इस दिन कन्या पूजन का भी विशेष महत्व है, जिसमें नौ कन्याओं को देवी के स्वरूप के रूप में पूजित किया जाता है ।इसी तारतम्य में दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर कवर्धा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें दुर्गा सप्तशती के श्लोकों का पाठ, नृत्य नाटिका, और भक्ति गीतों की प्रस्तुति शामिल रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पित करके की गई। इस अवसर पर दुर्गा अष्टमी के महत्व और नारी शक्ति के प्रतीक रूप में मां दुर्गा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया ।छात्रों द्वारा प्रस्तुत 'महिषासुर मर्दिनी' नाट्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। वहीं, विद्यालय प्रांगण को रंगोली, फूलों और पारंपरिक सजावट से सुशोभित किया गया था। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने मां दुर्गा के आशीर्वाद की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय के नए प्रबंधक शिव अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल एवं विजय गुप्ता के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्रों ने मिलकर भक्ति और उमंग के साथ पर्व को मनाया ।

न्यूज गैलरी

कूप निर्माण से सुभद्रा के घर की स्थिति हुई बेहतर

गरियाबंद/नवप्रदेश। देवभोग विकासखण्ड के ग्राम गाड़ाघाट निवासी सुभद्रा सिंह द्वारा अपने निजी जमीन में कूप निर्माण कार्य की मांग किया गया, जिस पर ग्राम पंचायत गाड़ाघाट द्वारा प्रस्ताव तैयार कर जनपद पंचायत में प्रेषित किया गया। इसके उपरांत उनके प्रस्ताव पर तकनीकी सहायक द्वारा उक्त कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया तथा प्राक्कलन तैयार किया गया। तकनीकी स्वीकृति पश्चात उक्त कार्य की स्वीकृति के लिए जिला कार्यालय प्रेषित किया गया। जिला कार्यालय से स्वीकृति मिलने के पश्चात उनके खेत में निजी कूप निर्माण का कार्य कराया गया। सुभद्रा सिंह ने बताया कि उनके परिवार के सभी सदस्य खेती-किसानी का कार्य करते है। उनके पास कृषि हेतु पर्याप्त जमीन है। किन्तु फसल सिंचाई का साधन नहीं होने के कारण उनको कृषि कार्य करने मे परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जब योजना में स्वीकृत होने वाले कार्य की जानकारी मिली तब उन्होने महात्मा गांधी नरेगा के तहत् कूप निर्माण कार्य स्वीकृति करवाने का फैसला लिया। उसने सरपंच और सचिव के कार्यालय में जाकर कूप निर्माण के लिए आवेदन के साथ जमीन का नक्शा, खसरा प्रस्तुत किया। आवेदन एवं नक्शा, खसरा को ग्राम सभा मे अनुमोदन करने के बाद सचिव द्वारा नक्शा, खसरा प्रस्ताव को जनपद पचांयत देवभोग के मनरेगा शाखा में प्रस्तुत किया। जिस पर कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायक द्वारा सेक्योर सॉफ्ट के माध्यम से प्राक्कलन तैयार तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासकीय स्वीकृति हेतु जिला पंचायत गरियाबंद प्रेषित किया गया। जिसके कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्य स्वीकृत हो गया। स्वीकृति के बाद तकनीकी सहायक द्वारा स्थल में लेआउट कर ग्राम पंचायत क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण कराया गया। सुभद्रा ने बताया कि उनके पास कृषि कार्य करने के लिए सिंचाई का कोई साधन नही था और वे पहले फसल के लिए वर्षा के पानी पर आश्रित थे। खेतों तक पानी मिलना और लगी फसलो और साग-सब्जियों को बचाना मुश्किल हो जाता था। लेकिन अपने खेत में मनरेगा अंतर्गत कूप निर्माण किया गया। जिससे उसे और उसके परिवार को रोजगार भी उपलब्ध हुआ। कूप निर्माण होने से उनके खेतों में सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध हुई।

खनिज राजस्व लक्ष्य 1,110 करोड़ के विरुद्ध प्राप्त की गई 1313.27 करोड़ की राशि

बालोद/नवप्रदेश। खनिज विभाग जिला बालोद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन से प्राप्त खनिज राजस्व लक्ष्य 1,110 करोड़ के विरुद्ध 1313.27 करोड़ की राशि प्राप्त की गई है। जिला खनि अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भडारण पर नकल कसने लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसका परिणाम यह है कि शासन से प्राप्त खनिज राजस्व लक्ष्य 1110 करोड़ के विरूद्ध 1313 करोड़ का राजस्व लक्ष्य प्राप्त की गई है जो कि खनिज राजस्व लक्ष्य का 118 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिजों के अवैध उत्खनन के 36 मामले दर्ज कर राशि 22 लाख 78 हजार 200 रुपये, अवैध परिवहन के 150 मामले दर्ज कर राशि 40 लाख 48 हजार 394 तथा अवैध भंडारण के 12 मामले दर्ज कर राशि 03 लाख 88 हजार 515 रुपये का समझौता शुल्क शासकीय कोष में जमा कराया गया।

विशेष हवन और पूजा-अर्चना का आयोजन

महा अष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवागढ़/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी तिथि पर नवागढ़ शहर सहित क्षेत्र के प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए मंदिरों की ओर उमड़ने लगे। मंदिर परिसर ÷जय माता दी÷ के जयकारों से गूंज उठा। महा अष्टमी के अवसर पर विशेष पूजा, हवन एवं कन्या पूजन का आयोजन श्रद्धा और विधि-विधान के साथ किया गया।

नवागढ़ स्थित प्राचीन माँ महामाया मंदिर में भी भक्तिभाव से हवन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर परम्परानुसार नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने माँ महामाया की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

हवन एवं पूजन कार्यक्रम का विधिवत आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियाँ दी गईं। श्रद्धालुओं ने नारियल, फल-फूल एवं हवन सामग्री अर्पित कर माता रानी से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के उपरांत भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तिरस और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

नगर के अन्य मंदिरों में भी रहा उत्सव का माहौल

माँ महामाया मंदिर के अतिरिक्त लखनी देवी मंदिर, शक्ति मंदिर, भैरव बाबा मंदिर, शारदा मंदिर सहित अन्य देवी स्थलों में भी महा अष्टमी के उपलक्ष्य में अनुष्ठान, हवन व पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही दिनभर बनी रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

महामाया से जुड़ी नगरवासियों की आस्था

इस अवसर पर नगर प्रधान दीवान ने कहा कि माँ महामाया की कृपा से नगर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे – यही हमारी कामना है। माँ के दरबार में श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी उपस्थिति यह दर्शाती है कि आस्था आज भी नगरवासियों के जीवन का आधार है। यह आयोजन नगर को एक आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करता है, जो समाज को जोड़ने में भी सहायक है। साथ में वरिष्ठ नागरिक रोशन धर दीवान भी शामिल हुए।

साथी समूह की मदद से धमतरी को कुपोषण मुक्त जिला बनाने की पहल

■ जनकल्याणकारी कामों को दिशा देने में मिलेगी मदद-कलेक्टर मिश्रा

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में साथी समूह की शुरूआत जिस उद्देश्य को लेकर की गयी है, उसमें सफलता मिलती रही है और आगे भी मिलेगी। साथी समूह की मदद से जनकल्याणकारी कामों को सही दिशा देने में मदद मिलेगी। उक्त बातें कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने तीन मार्च को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साथी समूह के पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कही। कलेक्टर मिश्रा ने जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का परिचय लिया और उनके द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी कामों की जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले में सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से अनेक काम हुए हैं, आगे भी इसी तरह से काम होते रहेंगे। उन्होंने उपस्थित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से इसी तरह सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि धमतरी को सुन्दर, व्यवस्थित बनाने में आप सभी संस्थाओं का सहयोग व सुझावों की अपेक्षा है। उन्होंने जिले के चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण हेतु सामाजिक संस्थाओ को आगे आने कहा। उन्होंने कहा कि जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में कुपोषण एक समस्या है और हम मिलकर इसे दूर करेंगे। इसके लिए जिले की सभी सामाजिक संस्थायें मिलकर कुपोषित बच्चों को गोद ले और निर्धारित समय तक उसकी समुचित देखरेख कर पोषित करें। कलेक्टर मिश्रा ने आगामी बरसात के मौसम में वृक्षारोपण किए जाने के बारे में भी साथी समूह से चर्चा की और इस काम में सहयोग की अपील की। मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले में विभिन्न कला और कलाकार हैं, इन्हें और आगे बढ़ाने तथा धमतरी जिले को पूरे प्रदेश में अव्वल लाने के लिए हम सब मिलकर काम करेंगे।

जल जीवन मिशन के कामों की कलेक्टर ने की समीक्षा

■ सभी लंबित कार्यों को 15 दिन में पूरा करने के दिए निर्देश

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में पानी की निर्बाध रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने जिले के विकासखण्डों में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की बारी-बारी से जानकारी ली।

उन्होंने विद्युत एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत किये गये कामों में कोई भी काम लंबित न रहें। इन कार्यों को 15 दिवस में पूरा करने के निर्देश विद्युत और क्रेडा विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर ने डूबान क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति की समीक्षा की और क्षेत्र में पेयजल संबंधी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डूबान क्षेत्र में पानी की आपूर्ति हेतु सभी समुचित प्रबंध कर लिये जाये, किसी भी परिस्थिति में इन क्षेत्रों में पानी की कमी न हो। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी बनाने से लेकर पाईप लाईन बिछाने और अन्य काम पूरे हो गए हैं, उन गांवों में पानी की आपूर्ति के लिए गांव के एक व्यक्ति को प्रशिक्षण दे।

न्होंने गांवों से मिली पानी की समस्या के निराकरण के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली।

कलेक्टर ने खराब मोटर पम्प-सोलर पम्प की मरम्मत कराने, जल प्रदाय योजनाओं का बिजली बिल समय पर चुकाने, खराब हेण्डपम्पों की मरम्मत कराने, लीकेज पाईपलाईनों की मरम्मत के साथ-साथ जलस्तर नीचा होने पर बोरवेल में राईजर पाईप बढ़ाने की आवश्यकता जैसे कामों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत विभाग, क्रेडा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

दसवीं पास युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

धमतरी/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर की निजी कंपनी में फील्ड ऑपरेशन सुपरवाईजर के तहत डिप्लोमा ऑफ राईडर्स इन रैपीडो-फील्ड जॉब के लिए पांच युवाओं की जरूरत है। यह दसवीं पास युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण डॉ.शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि राजधानी रायपुर स्थित कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने टेक्नोटॉस्क बिजनेस सॉल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड में दसवीं पास युवाओं को रोजगार प्रदाय किया जाएगा।

ग्रामों में सौर ऊर्जा संयंत्र सुचारू रूप से कार्यशील

गरियाबंद/नवप्रदेश। विकासखण्ड मैनपुर के विभिन्न ग्रामों जो कि उदंती सीतानदी अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत स्थित वनांचल ग्राम होने के कारण क्रेडा विभाग द्वारा ग्रामीण विद्युतीकरण एवं डी. डी. जी. योजना अंतर्गत वैकल्पिक तौर पर प्रकाश व्यवस्था के लिए सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना का कार्य किया गया। इन सभी ग्रामों में हितग्राही परिवार संख्या बढ़ने एवं दैनिक उपयोग के उपकरणों जैसे टी.वी., कूलर, पंखे, होम थियेटर, प्रेस इत्यादि का उपयोग किया जा रहा है। क्रेडा विभाग के सहायक अभियंता टी.आर. ध्रुव ने बताया कि फिल्ड के तकनीकी अमलों द्वारा ग्रामों के हितग्राहियों को सौर संयंत्रों के सुचारू संचालन की अपील कर उन्हें समझाईश दिया गया है, किन्तु ग्रामीणों द्वारा अधिक

विद्युत खपत वाले उपकरणों के कर प्रयोग कर रहे है जिसके कारण निर्धारित क्षमता अनुरूप सौर संयंत्रों का पूर्व निर्धारित समय से कम समय तक संचालित हो रहा है। इसके उपरांत भी सभी संयंत्रों का फिल्ड स्टॉफ द्वारा संचालन, संधारण किया जा रहा है। सौर संयंत्र से विद्युतीकृत ग्रामों के सभी सौर संयंत्रों के क्षमता उन्नयन के लिए प्रस्ताव उच्च कार्यालय प्रेषित किये जा चुके है।

रामनवमी पर श्रीराम मंदिर से निकलेगी शोभा यात्रा

खैरागढ़/नवप्रदेश। रामनवमी के पर आज शहर के टिकरापारा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में विविध आयोजन होंगें। शाम को विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के संयोजन में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो नगर के प्रमुख चौंक चौराहों से होकर किल्लापारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में समाप्त होगी। राम नवमी के अवसर पर प्राचीन श्री राम मंदिर में टिकरा पारा वासी व श्री राम मंदिर बर्फीनी धाम ट्रस्ट समिति के सदस्यों के संयोजन में रामधुनी व हवन पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा। जिसके बाद देर शाम महाआरती के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण बग्गी में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगें। संगठन के प्रखंड अध्यक्ष राजीव चंद्राकर ने बताया कि प्रभु श्री राम सामजिक समरसता के प्रतीक थे। इसे चरितार्थ करते हुए समस्त समाज प्रमुखो,सेवा समितियों सहित अन्य सांगठनों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। शोभायात्रा को भव्य रूप देने यात्रा मे पंथी नृत्य, राउत नाचा, और जीवंत झांकी शामिल किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में लोक कलाकार शामिल होंगें। टिकरा पारा स्थित श्री राम मंदिर लगभग 300 वर्षों से अधिक समय से विराजमान है। पुराने दस्तावेजों में मंदिर राजपरिवार की सदस्य सुरैया बाई या गौरी बाई के अराध्य के रूप में दर्ज रहा है। प्रतिमाएं भी काले पत्थर से बनाई गई हैं। मंदिर के इतिहास को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बीते कुछ वर्षों से राम नवमी के अवसर पर शोभायात्रा प्राचीन श्री राम मंदिर से निकाली जा रही है।

शहर से होकर गुजरने वाले पदयात्रियों की संख्या कम

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर से होकर डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियो की संख्या इस बार घट गई। गर्मी और अन्य कारणो से शहर से होकर गुजरने वाले पदयात्री एक्का दुक्का ही रहे। अचानक हूई पदयात्रियो की कमी को लेकर स्थानीय सेवा पंडाल भी नवरात्रि भर सूने पड़े रहे। डोंगरगढ़ जाने के लिए शहर से होकर बड़ी संख्या मे कवर्धा, लोहारा, सिल्हाटी, थान खम्हरिया, बोड़ला, पंडरिया, मुंगेली, लोरमी, धमधा सहित मप्र और अन्य जगहो से पदयात्री गुजरते है। इस साल की नवरात्रि मे भी पदयात्रियो की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर शहर और आसपास के इलाको मे बेहतर इंतजाम किए गए थे। लेकिन इस बार अचानक से पदयात्रियो की संख्या नगन्य हो गई।

सतत मानिटरिंग हो... चेकडेम के माध्यम से आसपास के खेतों में पानी की समुचित आपूर्ति भी हो सकेगा सुनिश्चित

कलेक्टर ने फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट एवं निर्माणाधीन चेकडेम तथा पीडीएस गोदाम का किया निरीक्षण

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज अपने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के प्रवास के दौरान विकासखण्ड मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम संबलपुर में निर्माणाधीन फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट, ग्राम परसाडीह में निर्माणाधीन चेकडेम एवं ग्राम झिटिया में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के निर्माणाधीन गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सभी निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित एसडीएम शिवनाथ बघेल, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्य का सतत् मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर निर्माण कार्य को समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट परिसर में पौधरोपण कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने ग्राम परसाडीह पहुँचकर परसाडीह नाला में जल जतन अभियान के अंतर्गत निर्माणाधीन चेकडेम का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्माण कार्य के प्रगति के अलावा इस चेकडेम के निर्माण कार्य पूरा हो जाने से ग्रामीणों को होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी ली। ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि इस चेकडेम के निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को निस्तारी हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा इस चेकडेम के माध्यम से आसपास के खेतों में सिंचाई हेतु पानी की समुचित आपूर्ति भी सुनिश्चित हो सकेगा। जिससे आसपास के खेतों में ग्रीष्म ऋतु में भी शाक, सब्जी एवं अन्य फसलों का उत्पादन करने में सहुलियत होगी। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लगभग 03 कि.मी. लंबी इस नाले में एक-एक कि.मी. के अंतराल में चेकडेम का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि चेकडेम का निर्माण कार्य 15 मई तक पूरा हो जाएगा। इसके पश्चात् कलेक्टर चन्द्रवाल डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम झिटिया पहुँचकर शासकीय उचित मूल्य की दुकान के निर्माणाधीन गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली।

कुत्ते के हमले से चीतल की मौत

खैरागढ़/नवप्रदेश। गातापार जंगल इलाके मे कुत्ते के हमले मे देशी चीतल कोटरी गंभीर रूप से घायल हो गया । ग्रामीणों ने आनन फानन मे वनविभाग के कर्मचारियो को सूचना देकर पशु चिकित्सको को बुलाकर इसका इलाज कराया लेकिन उसकी मौत हो गई । गातापार जंगल से सटे लिमऊटोला गांव मे जंगल से भटकर कर चीतल गांव के मुहाने तक पहुंच गया । जहाँ उस पर कूत्तो की नजर पड़ गई । कुत्तो ने चीतल को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया । ग्रामीणो को इसकी जानकारी होते ही कुत्तो के हमले से चीतल को बचाकर उसका उपचार शुरू कराया । लेकिन गंभीर रूप से घायल चीतल की जान नही बच पाई । ग्रामीणो की उपस्थिति मे वन अमले ने उसका गांव के छोर मे अंतिम संस्कार किया।

न्यूज गैलरी

सिक्के न लेने पर व्यापारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर, जिले में व्यापारियों द्वारा 1 और 2 के सिक्कों को लेने से इनकार करने की शिकायतें सामने आई हैं। इस विषय में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के जिलाध्यक्ष द्वारा जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है कि कई दुकानदार छोटे सिक्कों को चलन से बाहर मानकर अस्वीकार कर रहे हैं। इस पर जिला कलेक्टर एवं दंडाधिकारी ने जानकारी दी कि 1 व 2 के सिक्के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित हैं और पूरी तरह वैध मुद्रा हैं। ये सिक्के बैंकों के माध्यम से बाजार में लाए जाते हैं, और जब तक इन्हें भारत सरकार द्वारा औपचारिक रूप से बंद घोषित नहीं किया जाता, तब तक इनका लेन-देन बाध्यकारी है। कलेक्टर ने बताया कि किसी भी व्यापारी द्वारा इन सिक्कों को लेने से इंकार किया जाना राजद्रोह के श्रेणी में आता है, इसके लिए भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 124-ए (संशोधित भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 152) के अंतर्गत गंभीर अपराध माना जाएगा। इसमें 3 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है।

रायपुर में होगा खेल अकादमी हेतु चयन ट्रायल

बलरामपुर/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर द्वारा रायपुर जिले में संचालित आवासीय खेल अकादमी में हॉकी (बालक/बालिका), तीरंदाजी (बालक/बालिका) तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 से संचालित की जाने वाली आवासीय खेल अकादमी फुटबॉल (बालक/बालिका) एवं एथलेटिक्स (बालक/बालिका) का खेल अकादमी में खिलाड़ियों के नवीन प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन रायपुर जिले में किया जा रहा है। तीरंदाजी और फुटबॉल खेल का चयन ट्रायल 21 से 23 अप्रैल तथा हॉकी/एथलेटिक्स खेल का चयन ट्रायल 25 से 27 अप्रैल 2025 को होगा।

प्रयास विद्यालय कक्षा नवीं में प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रैल को

बलरामपुर/नवप्रदेश। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग अधिकारी ने जानकारी दी है कि प्रयास बालक कन्या आवासीय विद्यालय में कक्षा नवीं के प्राक्चयन की परीक्षा 20 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसके लिए प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 में कक्षा नवीं में प्राक्चयन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विभाग के वेबसाइट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपलोड कर दिया गया है परीक्षार्थी परीक्षा तिथि तक अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के संबंध में समस्या हो रही है तो कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

संघ के कार्यों की जानकारी ली और समाज हित में उनके योगदान को सराहा

वृद्धजनों के उत्थान के लिए कलेक्टर और एसपी ने किया आनंदाश्रम का दौरा

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़ स्थित आनंदाश्रम में वृद्धजनों से मुलाकात कर शाल, श्रीफल और फलों की टोकरी भेंट की। सियान सदन में वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष और सदस्यों से भी भेंट की। उन्होंने संघ द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और समाजहित में उनके योगदान की सराहना की।

राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने गुरुवार शाम रामगढ़ स्थित आनंदाश्रम का दौरा किया। उन्होंने वहां रह रहे वृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों को रेडियो, शॉल, श्रीफल और फलों की टोकरी भेंट कर उनकी खुशहाली की कामना की। कलेक्टर ने वृद्धजनों से संवाद करते हुए कहा कि रेडियो के माध्यम से वे समाचार, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने सभी से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके अलावा, कलेक्टर ने आनंदाश्रम में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां रहने वाले वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाएं। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सियान सदन में वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष और सदस्यों से भी भेंट की। उन्होंने संघ द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और समाजहित में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस दौरान वनमंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक एपी गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन का आदेश, जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राहुल देव ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संपूर्ण जिले को आगामी आदेश पर्यंत तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए यह आदेश जारी किया है। इस अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानमुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे-लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। कलेक्टर ने जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अतिरिक्त कलेक्टर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है एवं अतिरिक्त कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। नलकूप खनन संबंधी अनुमति हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में दो रूपये की शुल्क जमा कर कार्यालयीन समयावधि में आवेदनकर्ता आवेदन प्राप्त कर सकता है। निर्धारित आवेदन पत्र में आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी सहित संबंधित कार्यालय में कार्यालयीन समय पर आवेदन करना होगा।

मुख्यमंत्री की मंशा और कलेक्टर के मार्गदर्शन में नया विद्युत अधोसंरचना

मुंगेली जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने उठाए गए कदम

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप और कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के ग्राम दशरंगपुर और रामबोड़ में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर चार्ज किया गया है, जिससे इन क्षेत्रों में लो-वोल्टेज और ओवरलोडिंग की समस्या का समाधान होगा। कलेक्टर ने कहा है कि बिजली संबंधी समस्याओं से नागरिकों को निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया है कि आगे भी विद्युत अधोसंरचना संबंधी विकास कार्य जारी रहेंगे, जिससे लोगों को निर्बाध और सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता अंशु वासने ने बताया कि दशरंगपुर उपकेंद्र पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाकर लाइन चार्ज की गई है। इससे किशनपुर, लोहड़िया, बरदुली, धनगांव, पीथमपुर, भठलीकला, भठलीखुर्द, रामपुर, खैरवार, डोमनपुर, ढोठमा, सिलतरा, डाड़गांव सहित 15 ग्रामों को लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। इसी तरह सरगांव वितरण केंद्र के अंतर्गत रामबोड़ उपकेंद्र में भी अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इससे रामबोड़, अण्डा, दौना, टिकैतपेण्ड्री, मोहदी, लुकउकापा, बिरकोनी, धमनी, खम्हारडीह, भकरीडीह, लोहदा और कड़ी सहित आसपास के गांवों को बेहतर और स्थिर विद्युत आपूर्ति मिलेगी।

कलेक्टर के निर्देशानुसार बिजली आपूर्ति की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। यदि किसी भी क्षेत्र में बिजली संबंधित समस्या उत्पन्न होती है, तो नागरिक प्रातः 09 बजे से शाम 06.30 बजे तक जिला प्रशासन के कॉल सेंटर हेल्पलाइन नंबर 9406275514, 8641002203 और 9406275535 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, नजदीकी विद्युत स्टेशन से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि गर्मी के मौसम में अनावश्यक और अघोषित बिजली कटौती नहीं की जाए। कार्यपालन अभियंता ने कहा कि जिले में विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तत्पर हैं, और कहीं भी समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल समाधान किया जाएगा।

मंदिरों सहित घर-घर में कन्या भोज और कन्याओं की पूजा-अर्चना

मुंगेली/नवप्रदेश। सप्तमी एवं अष्टमी में कन्या भोज कराए गए। मंदिरों सहित घर-घर में कन्या भोज कराकर कन्याओं की पूजा अर्चना की गई। कन्याओं को श्रृंगार समाग्री भेंट की गई।

क्षेत्र में नवरात्रि पर्व को लेकर भक्ति-भाव का माहौल बना हुआ है। अष्टमी तिथि में नगर के देवी मंदिर महामाया मंदिर सोनारपारा, पंडरिया रोड स्थित शक्ति माई मंदिर, महामाया मंदिर दाउपारा, जय मां दुर्गे मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, हथनीकला स्थित दुर्गा मंदिर, सेतगंगा स्थित सर्वेश्वरी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालू भक्तजनों की भीड़ लगी रही। अष्टमी में हवन पूजन के पूर्व कन्या भोज कराए गए। देवी मंदिरों में शाम से लेकर रात्रि तक हवन किया जाएगा। घर-घर में कन्या भोज कराकर कन्याओं की पूजा अर्चना की जा रही है। कन्याओं को श्रृंगार सामग्री भेट की गई। मुहूर्त अनुसार मंदिरों में हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन सम्मिलित होंगे।

हितग्राहियों को 23 से 26 अप्रैल तक पुरी-भुवनेश्वर का दर्शन कराएंगे

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत वृद्धजन, विधवा और परित्यक्त हितग्राहियों को 23 से 26 अप्रैल तक पुरी, भुवनेश्वर एवं कोणार्क का दर्शन कराया जाएगा। इसके लिए हितग्राही अपने संबंधित नगर पालिका, जनपद पंचायत या नगर पंचायत में आवेदन कर सकते हैं।

डॉ. महन्त ने देवी दर्शन कर वर-वधू को दिया आशीर्वाद

सक्ती/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त विगत दो दिनों से विधानसभा क्षेत्र सकती एवँ जिला सकती मेंनवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिरों में दर्शन पूजन तथा कई वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ महन्त चंद्रहासिनी देवी चंद्रपुर अष्टभुजी देवी अड़भार में दर्शन पूजन किया ग्राम अमन दुला में विधायक रामकुमार यादव के परिवार में आयोजित विवाह उतसव में शामिल हुए वही विधानसभा क्षेत्र सकती के ग्राम अर्जुनी में गोंडवाना आदिवासी समुदाय देव के सिद्ध स्थल में गुरुमाता तिरुमाय दुलेश्वरी सिदार छाया विधायक की पुत्री शांता देवी के विवाह ऊत्सव में शामिल हुए।

जहां विधानसभा क्षेत्र सकती जिला जांजगीर कोरबा रायगढ़ एवँ उडिसा प्रान्त के आदिवासी समुदाय के लोगों की हजारों की सँख्या में उपस्थिति रही इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त एवँ चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव का बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया सरपंच सपनाईपाली के सरपंच विशाल जांगड़े ने भी स्वागत किया गोंडवाना संमाज की गुरु तिरुमाय गोंडवाना गुरुदेव दुर्गे भगत एवँ गुरुमाता दुलेश्वरी के पुत्री के विवाह बड़ादेव स्थल में विवाह होने के कारण मूल आदिवासी समुदाय की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही इस अवसर पर डॉ महन्त के वर वधु को सुखद दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर डॉ महन्त के अलावा विधायक रामकुमार यादव गुलज़ार सिंह रश्मि गवेल गिरधर जायसवाल पिंटू ठाकुर बी एस मरकाम सरवन सिदार सधेश्वर गवेल जागेश्वर सिंह राज विष्णु तिवारी रथ राम पटेल अमीर अग्रवाल घनश्याम सिंह जगत कमला सिंह जगत लीलाधर सिंह सुशीला सिंह सहित आदिवासी समाज की उपस्थिति रही उसके पश्चात डॉ महन्त सकती के सामुदायिक भवन में अधिवक्ता मनोज जायसवाल के भतीजी के अयोजित विवाह के अवसर पर उपस्थित होकर वधु को आशीर्वाद दिया एवँ परिजनों से मुलाकात की इस अवसर पर घनश्याम पाण्डे गुरुप्रसाद जायसवाल कैलाश जायसवाल ओंकार जायसवाल गिरधर जायसवाल पीयूष राय सचिव पटेल सहित नगर के कॉग्रेस जनो की उपस्थिति रही।

सहायक जिला समन्वयक व लेखापाल रिक्त पद के लिए आवेदन आमंत्रित

बलरामपुर। बलरामपुर-रामानुजगंज जिला में जिला पंचायत अंतर्गत डिस्ट्रीक्ट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट एवं जिला पंचायत संसाधन केंद्र में 1-1 पद कुल 02 पदों की पूर्ति किया जाना है। जिसमें सहायक जिला समन्वयक के 01 एवं लेखापाल के 01 रिक्त पद भरा जाना है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। योग्य अभ्यर्थी अपना आवेदन निर्धारित आवेदन पत्र में भरकर 22 अप्रैल 2025 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुजगंज में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

चालकों को लू से बचाने व्यवस्था करें उद्योग

रायगढ़/नवप्रदेश। गर्मी और लू से जान जाने की आशंका बनी रहती है, खासकर ऐसे ड्राइवर जो दिन भर बड़ी गाड़ियां चलाते हैं। लू से ड्राइवरों को बचाने के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश कलेक्टर ने सभी एसडीएम को देते हुए उद्योग संचालकों और ट्रांसपोर्टरों की बैठक लेने के लिए निर्देशित किया है। उनके निर्देश पर सभी अनुभागों के एसडीएम द्वारा बैठकें ली जा रही हैं।शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी ने बैठक लेकर उद्योग प्रतिनिधियों और ट्रांसपोर्टरों को वाहन चालकों को लू से बचाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहन चालक उनके श्रमिक हैं और उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने वाहन चालकों के लिए पेयजल, छाया और यथासंभव भोजन की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उद्योग प्रतिनिधियों से कहा कि प्लांट के बाहर वाहनों की लंबी कतार से वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान उन्हें पेयजल, छाया और भोजन नहीं मिलने से उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी उद्योग प्रतिनिधियों को प्लांट से बाहर पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को ओआरएस की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार ट्रैफिक डीएसपी और सहायक संचालक खनिज ने दोपहर में वाहन परिचालन से बचने के निर्देश दिए, ताकि लू से बचाया जा सके। उन्होंने कंपनी से कहा कि चालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही लू से बचाव संबंधी पोस्टर लगाने के निर्देश दिए। खरसिया में एसडीएम डॉ. प्रियंका वर्मा ने ली बैठक एसडीएम खरसिया डॉ. प्रियंका वर्मा ने खरसिया अनुभाग के अंतर्गत आने वाले उद्योग प्रबंधकों की बैठक लेकर ग्रीष्म ऋतु के दौरान शीतल पेयजल के लिए स्टॉल लगाने, अग्नि दुर्घटना रोकने के उपाय करने, सड़कों में धूल से बचाव के लिए पानी छिड़काव करने, भारी गड्ढों में स्लैग भराव करने, मजदूरों और ट्रक चालकों को ओआरएस तथा पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

नहीं किया किराया जमा, 4 बड़े बकाएदारों की दुकानें सील

रायगढ़/नवप्रदेश। बड़े बकायादारों पर निगम प्रशासन की राजस्व टीम द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पूर्व में पुराने हटरी के दो दुकानों को सील किया गया था। शुक्रवार को जेल परिसर के डेढ़ लाख से ज्यादा बकाया वाले चार दुकानों को सील किया गया।कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा राजस्व वसूली की लगातार समीक्षा की जा रही है। समीक्षा के दौरान उन्होंने बड़े बकायादार दुकान किराया जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनकी दुकानों को सील करने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के तहत पूर्व में पुराने हटरी चौक के दो दुकानों को सील करते हुए दो दुकान संचालकों को किराया जमा करने के लिए समय दिया गया था। इसी तरह शुक्रवार को जेल परिसर के चार दुकानों को सील किया गया है। इसमें दुकान क्रमांक 53 संचालक श्रीकांत दीक्षित पर बकाया 1 लाख 45 हजार 424 रुपए, दुकान क्रमांक 57 संचालक श्याम सुंदर शर्मा बकाया 1 लाख 45 हजार रुपए, दुकान क्रमांक 59 संचालक दुर्गेश निषाद बकाया 1 लाख 41 हजार 723 रुपए, दुकान क्रमांक 60 संचालक गणेश तिवारी बकाया 2 लाख 12 हजार 160 रुपए इसमें सौरभ जनरल स्टोर, तिवारी ट्रेडर्स चार दुकानों को सील किया गया। सभी दुकानों के ऊपर पिछले कई वर्षों से किराया बाकी है। नोटिस देकर सभी दुकान संचालकों को दुकान किराया जमा करने के निर्देश दिए गए थे। निगम की अपील- समय पर टैक्स और किराया जमा करें निगम प्रशासन द्वारा शहर के समस्त नागरिक एवं दुकान संचालकों से समय पर सभी प्रकार के टैक्स और दुकान किराया जमा करने की अपील की गई है।

भक्ति में डूबे...

श्याम भजन संध्या 'आशीर्वाद' का हुआ भव्य आयोजन, भक्ति रस में सराबोर हुए श्याम प्रेमी

श्याम बाबा का हुआ भव्य व आकर्षक श्रृंगार, श्याम भजनों से झूम उठे श्रद्धालु

सक्ती/नवप्रदेश। नगर की प्रतिष्ठित फर्म मांगेराम मानस अग्रवाल के सौजन्य से उनके निज निवास श्याम कुटीर (जिंदल प्लाजा के पीछे) में श्याम भजन संध्या 'आशीर्वाद' का भव्य आयोजन किया गया।

इस दिव्य क्षण में नगरवासियों भक्तिरस में सराबोर हो गए। इस शुभ आयोजन में महाराज श्री मानवेंद्र सिंह चौहान (मंत्री, श्री श्याम मंदिर कमेटी, खाटू श्याम) का पावन सानिध्य भी प्राप्त हुआ। श्याम प्रेमी मानस अग्रवाल ने बताया कि श्याम कुटीर में 'आशीर्वाद' भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उमड़ पड़े। उन्होंने बताया कि भक्ति और आस्था के महापर्व में भजन संध्या के दौरान मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत से बाबा श्याम का अभिषेक कर विशेष पोशाक पहनाया गया। बाबा का फूलों से आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की गई, जिसमें श्याम भक्तों ने 51 दीपकों से बाबा श्याम की आरती उतारी। इसके बाद बाबा के दरबार के समक्ष अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। गणेश वंदना से भजन संध्या का शुभारंभ हुआ। भजन गायकों के सुमधुर भजनों से श्रद्धालु भजनों पर ताली बजाते हुए झूम उठे। श्याम प्रेमी खड़े होकर भजनों पर जमकर भक्ति नृत्य करने लगे। बाबा का खीर, चूरमे, पंचमेवा आदि का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। बाबा के दरबार में शीश नवाकर श्रद्धालुओं ने उनकी कृपा प्राप्त की। इस दौरान सैकड़ों श्याम प्रेमी मौजूद थे।श्याम भजन संध्या में गूंजी भक्तिरस की स्वर लहरियां ़ भक्तों के हृदय को श्याम रस में सराबोर करने के लिए प्रख्यात भजन सम्राट सक्ती नगर पधारे। राज पारिक, मोनू सुल्तानिया, लव अग्रवाल, राज गुरु (कोलकाता) और आयुष सोमानी (जयपुर) जैसे विख्यात भजन गायकों ने अपने सुमधुर भजनों से बाबा श्याम को रिझा और भक्तों को भक्ति सागर में डूबो दिया।भक्तों ने किए खाटू धाम के दिव्य स्वरूप के दर्शन ़ आयोजकों द्वारा बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार और दरबार खाटू धाम की प्रतिपूर्ति की गई।

कोलकाता, मुंबई, बैंगलोर, पुणे और थाईलैंड से विशेष श्रृंगार सामग्री मंगवाई गई। बाबा का भव्य दरबार कोलकाता से आई 20 सदस्यीय टीम द्वारा अलौकिक स्वरूप में सजाया गया, जिसने पहली झलक में अपने अनुपम सौंदर्य से भक्तों का मन मोह लिया। आयोजन में पहुंचे सभी श्याम प्रेमियों के ठहरने और भोजन प्रसादी की उत्तम व्यवस्था की गई थी।

मिला 5 स्टार रेटिंग, उत्पादन में मुकाबले पिछले वित्त वर्ष से 46 फीसदी की वृद्धि

रायगढ़। रायगढ़ एनटीपीसी की तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना ने बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11 मिलियन टन कोयला उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है। यह पिछले वर्ष के 7.54 मिलियन टन से 46त्न ज्यादा है।

कोयला डिस्पैच भी बढ़कर 10.3 मिलियन टन हो गया, जो पिछले वर्ष के 7.017 मिलियन टन से 47त्न अधिक है। परियोजना की स्थापना से अब तक कुल 22 मिलियन टन कोयला उत्पादन और 20 मिलियन टन कोयला डिस्पैच का आंकड़ा पार हो गया है। खनन क्षेत्र में अच्छी कार्यगुजारी के लिए परियोजना को कोयला मंत्रालय ने 5-स्टार रेटिंग पुरस्कार दिया है। वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में एनटीपीसी तलईपल्ली ने कुल 12 पुरस्कार जीते। परियोजना ने बीते वित्तीय वर्ष में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी कई जरूरी कदम उठाए। सामुदायिक विकास के तहत 20 स्कूलों के 1,700 छात्रों को स्कूल बैग दिए गए और 25 होनहार छात्रों को उत्कर्ष छात्रवृत्ति मिली।

ऑनलाइन बेटिंग एप पर हाईकोर्ट सख्त, कहा- सरकार एप्स पर तत्काल करे कार्रवाई

अब लोग मेहनत से नहीं, शॉर्टकट से पैसा कमाना चाह रहे,जो समाज के लिए है खतरा

बिलासपुर/नवप्रदेश। ऑनलाइन बेटिंग ऐप (सट्टा) को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अब लोग मेहनत से नहीं, शॉर्टकट से पैसा कमाना चाह रहे हैं, जो समाज और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए खतरनाक है। कोर्ट ने सरकार को यह भी याद दिलाया कि वैध और अवैध के बीच की रेखा टूटनी नहीं चाहिए।

हाईकोर्ट ने पूछा कि महादेव सट्टा ऐप के अलावा और कौन-कौन से ऑनलाइन सट्टा ऐप पर कार्रवाई की गई है। राज्य सरकार, गृह विभाग और केंद्र सरकार से शपथपत्र के साथ जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 6 मई तय की गई है। दरअसल ऑनलाइन बेटिंग ऐप को लेकर रायपुर निवासी सुनील नामदेव ने अधिवक्ता अमृतो दास के जरिए याचिका लगाई है। याचिका में कहा गया है कि कई सट्टा एप्स आज भी खुलेआम सक्रिय हैं। आईपीएल जैसे आयोजनों के दौरान सट्टा एप्स के बढ़ते चलन पर भी चिंता जताई गई। इसके साथ ही निगरानी के लिए एक स्थायी तंत्र बनाए जाने की मांग भी की गई है। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता ने कोर्ट में कहा था कि, छत्तीसगढ़ ऑनलाइन सट्टेबाजी पर प्रतिबंध लगाता है और प्रतिवादी राज्य के लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने कुछ दस्तावेज भी पेश किए। जिसमें हाल ही में चल रहे आईपीएल के संबंध में कुछ विज्ञापन शामिल हैं। गृह विभाग के सचिव को मामले में अपना व्यक्तिगत शपथपत्र देने के निर्देश दिए गए थे।

शासन ने कई ऐसी वेबसाइट्स और एप को किया है ब्लॉक

चीफ जस्टिस ने कहा था कि आज का युग अलग है, अच्छे और बुरे लोग दोनों हैं। शासन का यह दायित्व है कि जिस बात की अनुमति दी है। आप यह देखें कि लोग उसका गलत इस्तेमाल तो नहीं कर रहे हैं। हमें भी राज्य में यह देखना होगा कि जो बारीक लाइन है उसे कोई क्रॉस नहीं कर सके। बहस के दौरान चीफ जस्टिस ने इस बात का उल्लेख किया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में विज्ञापनों के गलत दावों पर भी संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविन्द वर्मा की डीबी में हुई सुनवाई में महाधिवक्ता ने कहा कि शासन ने कई ऐसी वेबसाइट्स और ऐप को ब्लॉक किया है जो लोगों को सट्टा लगाने के लिए प्रेरित करते हैं।

सक्रिय एप्स को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई की जाए: कोर्ट

जिस पर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की खंडपीठ में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूछा कि, महादेव ऐप के बाद अब तक कितने एप्स पर कार्रवाई हुई? कितनों को प्रतिबंधित किया गया ? केंद्र सरकार को भी मामले में पक्षकार बनाया गया है। वहीं, एक सक्रिय सट्टा ऐप को भी याचिका में शामिल किया गया है। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इन सक्रिय एप्स को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई की जाए।

■ न्यूज गैलरी

युग क्रांति महाअभियान 9 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। युग उत्थान और विश्व शांति कल्याण के उद्देश्य से 9 अप्रैल से 'युग क्रांति युग पराजय महाअभियान' की शुरुआत होगी। यह अभियान कलिज धर्म कीर्ति देव संस्कृति मंच के तत्वावधान में चलेगा। इस अभियान का नेतृत्व युग प्रवर्तक, युग शांति दूत, युग सृष्टि विजेता, देव पुरुष 'कलिज अनिमेष बिनय वासुदेव यीसुपाल देव' करेंगे। अभियान में कुल 26 लघु अभियान शामिल हैं। ये अभियान राष्ट्रीय और विश्व जनजागरण की श्रृंखला में होंगे। कार्यक्रम उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, गोपेश्वर, चंबा, धर्मशाला, अनंतनाग, मथुरा, हाथरस, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, पानीपत, महाराजगंज, प्रयागराज, काशी, हरदोई, जौनपुर, बलिया, छपरा, आरा, रायबरेली, सम्भल, शिमला, बिलासपुर, मंडी, रुद्रपुर, काशीपुर, गया, बेगूसराय, नालंदा, साहेबगंज, पुरी, कटक, भुवनेश्वर, रायगढ़, सम्बलपुर, चक्रधरपुर, कलकत्ता, हावड़ा, ढाका, किशोरगंज, चुंचुरा, प्लासी, वर्धमान, दिसपुर, कमलपुर, सिलचर, धर्मनगर, गुवाहाटी सहित कई जिलों में गरिमामय रूप से आयोजित होंगे। 9 अप्रैल को बिलासपुर के त्रिवेणी भवन व्यापार विहार में और 15 अप्रैल को रायगढ़ के रामलीला मैदान परिसर सत्तीगुड़ी चौक में विशेष कार्यक्रम होंगे। इन आयोजनों में 'कलिज अनिमेष बिनय वासुदेव यीसुपाल देव' का सत्य और युग सम्मान उपदेश ज्ञान दिया जाएगा।

मैरीगोल्ड से हर्बल उत्पादों के विकास पर केंद्रीय विश्वविद्यालय में कार्यशाला आयोजित

गेंदे के फूल से तैयार किए जाने वाले हर्बल उत्पाद में है असीम संभावनाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सक्षम नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन के विद्यार्थियों को अनुभवजन्य शिक्षा के माध्यम से स्वावलंबी बनाने की प्रक्रिया में मैरीगोल्ड से हर्बल उत्पादों के विकास विषय पर दो दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट गुजरात की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे ने कहा कि मैरीगोल्ड या गेंदे के फूल से तैयार किये जाने वाले हर्बल उत्पाद के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। उद्यमिता एवं स्वावलंबी बनाने वाली इस प्रकार की कार्यशाला में शामिल विषय विशेषज्ञों के अनुभवों से प्रतिभागियों को पेशेवर तरीके से हर्बल उत्पादों के निर्माण एवं विपणन की जानकारी मिल पाती है। कार्यशाला में औषधीय और सुगंधित पौधों के अमूल्य महत्व के साथ ही मैरीगोल्ड से विविध हर्बल उत्पाद तैयार करने, एसेंशियल ऑयल निकालने और अत्याधुनिक उपकरणों जैसे एचपीएलसी, एफटीआईआर, यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर को संचालित करने का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया गया। कार्यशाला की समन्वयक प्रो. चारू अरोरा और आयोजन सचिव डॉ. बी. मोंडल रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आरती श्रीवास्तव ने तथा संचालन डॉ. ज्योति वर्मा ने किया। सत्रों का तकीनीकी संचालन डॉ. अमित खासकलम एवं हर्ष सुदर्शन ने किया। इस दो दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला में देश भर से लगभग 208 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण कराया और सक्रिय रूप से भाग लिया।

देश के जाने-माने विशेषज्ञों ने दिया व्याख्यान

प्रोफेसर गीता तिवारी एवं प्रो. ललित मोहन तिवारी कुमाऊं विश्वविद्यालय, ध्रुव अरोरा, डिप्टी मैनेजर, आरएंडडी, जुबिलेंट फूड वर्क्स, ग्रेटर नोएडा, डॉ. आर. एस. वर्मा, वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीआईएमएपी लखनऊ, प्रो. ए. के. जैन, आईआईएलएम विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा, डॉ. सुचंद्रा चटर्जी वरिष्ठ वैज्ञानिक खाद्य प्रौद्योगिकी प्रभाग भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई एवं दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के डॉ. डी. के. वर्मा ने व्याख्यान दिया।

मेडिकल कॉलेज की छात्रा से छेड़छाड़ सिम्स के प्रोफेसर का अंबिकापुर तबादला

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स मेडिकल कॉलेज के छेड़छाड़ के आरोपी डीन का अंबिकापुर तबादला हो गया है। सिम्स में मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉक्टर पंकज टेंभूर्णीकर के खिलाफ एमडी मेडिसीन का कोर्स करने वाली छात्रा ने छेड़छाड़ और यौन शोषण की एफआईआर दर्ज करवाई थी। प्रकरण सामने आते ही चिकित्सा शिक्षा आयुक्त किरण कौशल ने मेडिसीन विभाग के एचओडी डॉक्टर पंकज टेंभूर्णीकरण के राज्य शासन को अनुशंसा की थी। पर डॉक्टर का तबादला नहीं हो पा रहा था। अब डॉक्टर का ट्रांसफर हो गया और उसे रिलीव भी कर दिया गया। सिम्स में मेडिसीन पीजी करने वाली द्वितीय वर्ष की छात्रा ने पंकज टेंभूर्णीकरण के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। इस मामले में 22 फरवरी को सिटी कोतवाली थाने में शिकायत की गई थी। जिसके आधार पर एफआईआर तो दर्ज की गई पर डॉक्टर की गिरफ्तारी नहीं की गई। उसकी जमानत याचिका भी सत्र न्यायालय से खारिज हो चुकी है। आरोपी डॉक्टर लगातार कॉलेज आता है और गवाहों और साक्ष्यों को प्रभावित करता है। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त किरण कौशल से मिलकर अपनी समस्या रखी थी। तब पीड़िता को चिकित्सा शिक्षा आयुक्त किरण कौशल ने बताया था कि प्रकरण संज्ञान में आने पर पूर्व में ही तबादले की अनुशंसा शासन से की जा चुकी है। अब चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के प्रस्ताव के आधार पर एमडी मेडिसीन डॉक्टर पंकज टेंभूर्णीकर का तबादला सिम्स मेडिकल कॉलेज से शासकीय राज मोहिनी देवी मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर कर दिया गया है।

---

184 छात्रों को सफल एमबीबीएस डिग्री के लिए स्मृति चिन्ह से किया गया सम्मानित

■ सिम्स में एमबीबीएस 2019 बैच के लिए स्नातक दिवस समारोह आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में आज 2019 बैच के छात्रों के लिए निविष्ट-2025 स्नातक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में 184 छात्रों को उनकी सफल एमबीबीएस डिग्री पूरी करने के उपलक्ष्य में स्मृति चिह्न प्रदान किए गए और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर विभिन्न चिकित्सा विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। चिकित्सा, शल्य चिकित्सा (सर्जरी), स्त्री एवं प्रसूति रोग (गायनेकोलॉजी), बाल रोग (पीडियाट्रिक्स), कान-नाक-गला (ईएनटी) और नेत्र विज्ञान (ऑफ्थल्मोलॉजी) में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को यह सम्मान दिया गया। समारोह में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने नए स्नातकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे एक अच्छे डॉक्टर के साथ-साथ एक अच्छे इंसान भी बनें। उन्होंने छात्रों को अपने पेशे में नैतिकता और संवेदनशीलता बनाए रखने की सलाह दी। छात्रों ने कॉलेज और संकाय सदस्यों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और कहा कि इस संस्थान ने उन्हें न केवल एक बेहतर डॉक्टर बनाया, बल्कि उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सिखाया। अभिभावकों ने भी कॉलेज के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

नैतिक चिकित्सा पद्धतियों का पालन करें : डीन

डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने छात्रों को जीवन में महान कार्य करने की प्रेरणा देते हुए सहानुभूति और करुणा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सभी स्नातकों को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और सदैव नैतिक चिकित्सा पद्धतियों का पालन करने की सलाह दी। इस भव्य समारोह में लगभग 1500 लोगों ने भाग लिया, जिसमें 400 से अधिक छात्र, उनके अभिभावक और संकाय सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. भूपेंद्र कश्यप, डॉ. बी.पी. सिंह (एमएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल), डॉ. एस.के. नाइक, डॉ. बेन, डॉ. जोगी, डॉ. सागरिका और डॉ. प्रशांत निगम सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा केंद्र में बदलाव

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 13 अप्रैल को आयोजित की जाने वाली सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा हेतु बिलासपुर के परीक्षा केन्द्र कमांक 1310 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरकंडा में यूपीएससी की एनडीए की परीक्षा आयोजित होने के कारण सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र बनाया जाना संभव नही है।

रेलवे के खिलाड़ियों ने खो-खो चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुरी, ओडिशा में 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित 57वीं सीनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में भारतीय रेलवे की पुरुष खो-खो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के चार उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने भारतीय रेलवे की टीम का प्रतिनिधित्व कर इस रेलवे को गौरवान्वित किया। प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में अरुण अशोक गुणकी, सीनियर टेक्नीशियन, बिलासपुर, अभिनंदन महादेव पाटिल, टेकनीशियन-॥ बिलासपुर, आदित्य सुनील कुडाले, टेकनीशियन-॥।/ बिलासपुर, अक्षय प्रशांत गणफुले, जूनियर टीएनसी, बिलासपुर। इस वर्ष भारतीय रेलवे पुरुष टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से चैंपियनशिप जीत भारतीय रेलवे का मान बढ़ाया है। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 में रेलवे की पुरुष टीम उपविजेता रही थी जबकि महिला टीम विजेता बनी थी। उपरोक्त सफलता पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सहित अपार महाप्रबंधक एवं खेलसंघ के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

पार्टी स्थापना दिवस आज, भाजपा मंडल की बैठक में बनी रणनीति

सीपत/नवप्रदेश। भाजपा मंडल सीपत का संगठनात्मक बैठक शुक्रवार को स्थानीय विश्रामगृह में सम्पन्न हुई। जिसमे प्रमुख रूप से नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी उपस्थित रहे। बैठक में 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस व 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के भाजपा पार्टी के 6 कार्यक्रम में से प्रमुख कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल प्रभारी चंद्रप्रकाश सूर्या ने की। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की। चंद्रप्रकाश सूर्या ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी स्थापना दिवस और बाबा साहब की जयंती हमारे लिए गौरव के क्षण हैं। हमें इन अवसरों पर पार्टी की विचारधारा और बाबा साहब के संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुटें। जिला पंचायत अध्यक्ष सूर्यवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा बाबा साहब अंबेडकर ने समानता और सामाजिक न्याय के लिए जो संघर्ष किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। हमें उनके सिद्धांतों का पालन करते हुए समाज की सेवा करनी चाहिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुका है। लेकिन इसकी शुरूआत करने वाले लोगों को भी याद किया जाना चाहिए। अप्रैल को स्थापना दिवस पर हर कार्यकर्ता अपने घरों में पार्टी का झंडा जरूर लगाएं। बैठक में 6 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और विचार गोष्ठी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं,14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके योगदान को याद किया जाएगा।

डॉ. अंबेडकर जयंती मनाने बैठक में चर्चा

समाजसेवी प्रवीण झा का भूमिहार ब्राम्हण समाज ने किया सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। भूमिहार ब्राम्हण समाज बिलासपुर द्वारा उद्योगपति समाजसेवी धार्मिक कार्यो में सराहनीय भुमिका के कारण प्रवीण झा को सम्मानित किया गया। प्रवीण झॉ का योगदान बिलासपुर में आयोजित होने वाले छठ पूजा में सराहनीय रहता है। विगत दो वर्षो से लगातार एक हजार राम भक्तों को आयोध्या धाम में रामलला के दर्शन निःशुल्क करा रहे है। प्रवीण झॉ के द्वारा किया जा रहा यह कार्य अनुकरणीय है, समाज ने उन्हें साल स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक आर.पी सिंह ,अध्यक्ष नवीन सिंह, उपाध्यक्ष अभयनारायण राय, सचिव राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश दीक्षित, कार्यकारणी सदस्य प्रशांत सिंह उपस्थित रहे।

संगोष्ठी

राजभाषा विभाग ने किया जोनल रेलवे में प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण संगोष्ठी

संस्कृत और हिंदी भाषा की अवहेलना राष्ट्र की उपेक्षा: डॉ. दीक्षित

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में राजभाषा विभाग द्वारा प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण विषय के अंतर्गत संगोष्ठी आयोजित की गई । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में संस्कृत साहित्य की विदुषी महामहोपाध्यायाचार्या डॉ. पुष्पा दीक्षित तथा मुख्य अतिथि के रूप में अपर महाप्रबंधक, द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर विजय कुमार साहू उपस्थित रहे ।

सर्वप्रथम अपर महाप्रबंधक, विजय कुमार साहू द्वारा विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पा दीक्षित एवं प्रोफेसर शिवप्रसाद दीक्षित का तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक- प्रथम, शिवशंकर लकड़ा द्वारा अपर महाप्रबंधक का स्वागत किया गया । इसके पश्चात अपर महाप्रबंधक ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि डॉ. पुष्पा दीक्षित बिलासपुर नगर की ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष की गौरव हैं । वे संस्कृत भाषा और साहित्य की विदुषी होने के साथ ही इस प्राचीन और पवित्र भाषा के संरक्षण और संवर्द्धन के प्रति समर्पित हैं । उन्होंने डॉ. दीक्षित द्वारा किए गए पाणिनीय व्याकरण शास्त्र एवं अन्य विषयों पर शोध कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये शोध कार्य न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने में सहायक हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी संस्कृत भाषा के प्रति जागरूक और प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश की प्रायः सभी आधनुिक भाषाएँ संस्कृत से जुड़ी हैं । हिन्दी, मराठी, गुजराती, बंगला,उड़िया, असमिया, पंजाबी, सिन्धी आदि भाषाएँ भी इससे विकसित हुई हैं । दक्षिण भारत की तमिल, तेलगु, कन्नड़ तथा मलयालम में भी संस्कृत के बहुत से शब्द मिलते हैं । संस्कृत भाषा ने राष्ट्र की एकता के लिए बहुत बड़ा कार्य किया है । यही कारण है कि पृथक भाषा परिवारों से होने के बावजूद भी सभी भाषाओं का संस्कृत के साथ परस्पर सामंजस्य है।

मूल संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति हावी

डॉ. दीक्षित ने राजभाषा हिंदी की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी की उपेक्षा करने से राष्ट्र की उपेक्षा होती है। वर्तमान में अंग्रेजी शिक्षा के व्यापक प्रभाव के कारण भारत की मूल संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति हावी हो रही है और संस्कृत और हिंदी भाषा की उपेक्षा के परिणाम स्वरूप सभी पुराने उच्चादर्श, परंपरा, मानवीय मूल्य और नैतिकता कमजोर पड़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि आधुनिक विषयों को पाणिनीय महाशास्त्र की वैज्ञानिकता से जोड़कर पढ़ाया जाये तो राष्ट्र में अत्यन्त मेधावी पीढ़ी उत्पन्न की जा सकती है, जो आज लुप्तप्राय हो रही है।

न्यूज गैलरी

जनता को सरकार ने दी राहत, पीपीएफ अकाउंट में अब फ्री में चेंज करवाएं नॉमिनी का नाम

मुंबई। पब्लिक प्रोविडेंट फंड अकाउंट में नॉमिनी को अपडेट या बदलना अब बिल्कुल फ्री होगा। इसके लिए खाताधारकों को कोई चार्ज नहीं देना पड़ेगा। यह जानकारी खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। दरअसल कई वित्तीय संस्थान नॉमिनी अपडेट करने के लिए फीस ले रहे थे, लेकिन अब नियमों में बदलाव करके इसे पूरी तरह हटा दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ङ्क पर पोस्ट कर कहा, हाल ही में मुझे बताया गया कि वित्तीय संस्थाओं द्वारा क्क्र खातों में नामांकित व्यक्ति के विवरण को अपडेट/संशोधित करने के लिए शुल्क लगाया जा रहा है। अब सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम 2018 में गजट अधिसूचना 02/4/25 के माध्यम से आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं, ताकि क्क्र खातों के लिए नामांकित व्यक्ति के अपडेट पर कोई भी शुल्क हटाया जा सके। पुराने नियम के अनुसार बैंक खातों और क्क्र में केवल एक व्यक्ति को ही नॉमिनी बनाया जा सकता था। नए कानून के लागू होने के बाद अकाउंट होल्डर अब एक बैंक अकाउंट के लिए 4 नॉमिनी ऐड कर सकते हैं। यह बदलाव अनक्लेम्ड अमाउंट को सही उत्तराधिकारी तक पहुंचाने के लिए किया गया है। मार्च 2024 तक बैंकों में लगभग 78,000 करोड़ रुपए की ऐसी राशि है, जिस पर कोई दावा नहीं किया गया है।

विनिर्माण हब बनेगा भारत, बड़े स्तर पर वैश्विक कंपनियां आएंगी

नई दिल्ली। भारत को टैरिफ का लाभ उठाने के लिए फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल्स पर जोर देना चाहिए। टेक्सटाइल्स को पीएलआई और अन्य योजनाओं के जरिये बढ़ाना चाहिए। सरकार ने निर्यात बढ़ाने के लिए कई योजनाएं घोषित की है, फिर भी और काम की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए 2.7 अरब डॉलर का पीएलआई है। इन सेक्टर की दक्षता और प्रदर्शन को बढ़ाने पर लगातार फोकस होना चाहिए। अमेरिका की ओर से 26 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बावजूद भारत दुनिया के प्रमुख लाभार्थियों की तुलना में शीर्ष पर रहेगा। इससे एक तो भारत को विनिर्माण में अपनी महारत हासिल करने में मदद मिलेगी। दूसरे, वैश्विक स्तर पर वे कंपनियां भारत की ओर रुख कर सकती हैं जो अमेरिका और चीन के साथ वियतनाम जैसे देशों के भारी टैरिफ से जूझ रही हैं। वेंचुरा सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर जो टैरिफ दर लगाई है, वह दर अन्य वैश्विक व्यापारिक भागीदारों पर लगाए गए भारी जुर्माने की तुलना में मामूली है। यह अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य रणनीतियों के पुनर्मूल्यांकन के बीच वैश्विक व्यापार गतिशीलता में भारत की बढ़ती अनुकूल स्थिति को रेखांकित करता है। यह दर्शाता है कि बातचीत के चैनल खुले हैं। यह सतर्क निष्पादन वैश्विक व्यापार भावना में नए व्यवधानों के बजाय रचनात्मक विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। ट्रंप की टैरिफ रणनीति अमेरिका में मांग को झटका दे सकती है। इससे वैश्विक आपूर्ति में वृद्धि हो सकती है। भारत पर अपेक्षाकृत कम टैरिफ से चीन को नुकसान उठाना पड़ सकता है।?चीन और वियतनाम में एपल या जो बड़ी कंपनियों के कांट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर हैं, वे अब भारत का रुख कर सकते हैं। इससे भारत को विनिर्माण तंत्र खड़ा करने में मदद मिलेगी।?ट्रंप से पहले बाइडेन प्रशासन ने भी चीन से बाहर विनिर्माण की पहल की थी। यह रुझान और तेज होगा। भारत का वर्तमान निर्यात 750-800 अरब डॉलर है और चीन का 3.3 लाख करोड़ डॉलर। इस स्थिति में भारत के पास वृद्धि के लिए पर्याप्त गुंजाइश है।

पिछले सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया की क्लोजिंग 85.44 से 40 पैसे अधिक

रुपये में तेजी जारी, डॉलर के मुकाबले 3 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली। डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी का दौर जारी है। शुक्रवार को यह 85 के नीचे पहुंच गया, जो कि अमेरिकी मुद्रा के खिलाफ तीन महीने का सबसे उच्चतम स्तर है। कारोबारी सत्र की शुरुआत में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.04 पर खुला और शुरुआती कारोबार में ही यह 84.99 पर पहुंच गया है, जो पिछले सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया की क्लोजिंग 85.44 से 40 पैसे अधिक है।

डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ से डॉलर के कमजोर होने और कच्चे तेल में गिरावट को माना जा रहा है। ट्रंप द्वारा टैरिफ के ऐलान के बाद से दुनिया के छह बड़े देशों की मुद्रा के खिलाफ अमेरिकी मुद्रा की मजबूती दर्शाने वाले डॉलर इंडेक्स में बड़ी गिरावट देखी गई

है। यह कमजोर होकर 101.69 के करीब आ गया है। टैरिफ ऐलान के समय गुरुवार को डॉलर 104 के आसपास था। जानकारों का कहना है कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ उम्मीद से ज्यादा हैं, जिसके कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का खतरा है और इस कारण डॉलर में कमजोरी देखी जा रही है। डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती की एक वजह कच्चे तेल में बड़ी गिरावट होना है। ब्रेंट क्रूड 69.64 डॉलर प्रति बैरल के करीब बना हुआ है।

भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, ऐसे में जब भी कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आती है तो देश को बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचत करने में मदद मिलती है और इससे रुपये को सहारा मिलता है। एलकेपी सिक्योरिटी में वीपी रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी और करेंसी), जतिन त्रिवेदी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में तेज रिकवरी देखने को मिली है। वैश्विक संकेतों और एफआईआई फ्लो के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया 85 से 85.90 के बीच में रह सकता है।

क्रिएटिविटी और एआई अपनाने के मामले में भारत दुनिया से आगे निकल रहा है

भारत में एआई अपनाने को लेकर जो हो रहा है, वह देखना आश्चर्यजनक: सैम

नई दिल्ली। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने हाल ही में भारत की तारीफ करते हुए कहा कि क्रिएटिविटी और एआई अपनाने के मामले में भारत दुनिया से आगे निकल रहा है।उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कंपनी के लेटेस्ट 4ओ इमेज जेनरेशन टूल की मांग तेजी से बढ़ रही है, जो स्टूडियो घिबली-स्टाइल के एनिमेशन बनाता है।इस फीचर को पिछले सप्ताह चैटजीपीटी के लिए प्रोडक्ट अपडेट के तहत लाया गया है।ओपनएआई के सीईओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत में एआई अपनाने को लेकर जो हो रहा है, वह देखना आश्चर्यजनक है।उन्होंने कहा, हमें क्रिएटिविटी का एक्सप्लोजन देखना बेहद पसंद है और भारत दुनिया से आगे निकल रहा है।भारत के एआई को लेकर इस उत्साह की तारीफ करने के साथ ही ऑल्टमैन ने खुद का एक क्रिकेट थीम- बेस्ड पोर्ट्रेट इंडियन क्रिकेट प्लेयर के रूप में पेश किया,

जिसे एआई ने जनरेट किया था।इस पोर्ट्रेट के लिए उन्होंने प्रॉम्प्ट भी शेयर किया, पोर्ट्रेट के लिए ऑल्टमैन का प्रॉम्प्ट 'सैम ऑल्टमैन एज अ क्रिकेट प्लेयर इन एनिमे स्टाइल' था।ऑल्टमैन ने घिबली यूजर्स को इस फीचर के दूसरे वर्जन के बारे में भी बताया, जिसके लिए उन्हें लगता है कि लोग तैयार नहीं हैं।इस बीच, ऑल्टमैन ने बताया कि चैटजीपीटी को लेकर यूजर्स की भारी मांग देखने को मिल रही है, जो कि घिबली-स्टाइल एआई आर्ट ट्रेंड के इंटरनेट पर तेजी से वायरल होने की वजह से है। ऑल्टमैन ने बताया कि क्षमता चुनौती की वजह से ओपनएआई की ओर से अपकमिंग रिलीज को लेकर देरी हो रही है।उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, हम स्थिति को अपने नियंत्रण में करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ओपनएआई द्वारा अपकमिंग रिलीज को लेकर कुछ देर होगी। कुछ सर्विस स्लो भी होंगी, ऐसा क्षमता चुनौती की वजह से हो रहा है।इस बीच, सैम ऑल्टमैन की भारत को लेकर की गई इस पोस्ट को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने ओपनएआई के सीईओ को अमरावती आने का निमंत्रण दिया है। वे चाहते हैं कि ऑल्टमैन राज्य में विजिट करें और एआई-ड्रिवन एडवांसमेंट को लेकर राज्य के अवसरों पर अपना दृष्टिकोण साझा करें।

सीनेट जीओपी ने पूरी रात चले सत्र के बाद ट्रंप के कर छूट व खर्च कटौती के प्लान को दी मंजूरी

नई दिल्ली। ट्रम्प की व्यापक टैरिफ घोषणाओं के बाद अमेरिकी शेयर बुरी तरह से पिट गए हैं और अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है। विशेषज्ञ घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बढ़ती लागत और संभावित मंदी के खतरों की चेतावनी दे रहे हैं। इस मसले पर कुछ रिपब्लिकन ने भी चिंता व्यक्त की है।

इस बीच, सीनेट रिपब्लिकन ने देर तक चली बैठक के एक ट्रंप प्रशासन के एक अहम प्रस्ताव के ढांचे को मंजूरी दे दी है। अमेरिका के सीनेट रिपब्लिकन (जीओपी) ने रात भर और शनिवार सुबह तक काम किया और ट्रंप प्रशासन के कई खरब डॉलर के कर छूट और खर्च में कटौती के ढांचे को मंजूरी दे दी। डेमोक्रेटिक विपक्ष के कड़े रुख को दरकिनार करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस मसौते को ÷बड़ा, सुंदर विधेयक÷ बताया। ट्रंप प्रशासन के प्रस्ताव को 48 के मुकाबले 51 वोटों से मंजूरी दी गई। ट्रम्प की व्यापक टैरिफ घोषणाओं के बाद अमेरिकी शेयर बुरी तरह से पिट गए हैं और अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है। विशेषज्ञ घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बढ़ती लागत और संभावित मंदी के खतरों की चेतावनी दे रहे हैं। इस मसले पर कुछ रिपब्लिकन ने भी चिंता व्यक्त की है। सीनेट रिपब्लिकन की मंजूरी मिलने से आने वाले महीनों में रिपब्लिकन के लिए रास्ता साफ हो गया है कि वे डेमोक्रेट्स की आपत्तियों के बावजूद कांग्रेस के दोनों सदनों से कर कटौती विधेयक को पारित कराने की कोशिश करें। सीनेट के बहुमत नेता जॉन थून, आर.एस.डी. ने शुक्रवार की रात कहा, ÷मतदान शुरू हो जाने दीजिए।÷ शुक्रवार की शाम को वोट-ए-रामा नामक प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान, पैकेज में लगभग दो दर्जन संशोधनों पर वोटिंग की गई। जिसका बचाव जीओपी सीनेटरों को अगले वर्ष के मध्यावधि चुनावों से पहले करना होगा। दूसरी ओर, डेमोक्रेट्स ने रिपब्लिकन पर मेडिकेड और पोषण सहायता जैसे प्रमुख सुरक्षा कार्यक्रमों में कटौती करने का आधार तैयार करने का आरोप लगाया, ताकि 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के कर कटौती के लिए भुगतान किया जा सके।

कमजोर वैश्विक संकेतों से भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला

मुंबई। कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत शुक्रवार को गिरावट के साथ हुई। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी जा रही है। सुबह 9ः 41 पर सेंसेक्स 334 अंक या 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,960 और निफ्टी 168 अंक या 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,081 पर था।बाजार में गिरावट का कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ के ऐलान को माना जा रहा है, जिससे वैश्विक बाजारों में बिकवाली का दौर शुरू हो गया है। एशिया के बड़े बाजार जैसे टोक्यो, बैंकॉक और सोल लाल निशान में हैं। यूएस के बाजारों में गुरुवार को भारी बिकवाली हुई। डाओ करीब 4 प्रतिशत और टेक्नोलॉजी इंडेक्स नैस्डैक करीब 6 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।देश में लार्जकैप के साथ स्मॉलकैप और मिडकैप में भी बिकवाली देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,003 अंक या 1.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,173 पर था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 326.15 अंक या 2.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,929 पर था।सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स में बड़ी गिरावट देखी जा रही है। केवल फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स में ही तेजी बनी हुई है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर निवेशकों का रुझान नकारात्मक बना हुआ है। 1,625 शेयर लाल निशान में और 440 शेयर हरे निशान में हैं।पीएल कैपिटल ग्रुप ङ्क प्रभुदास लीलाधर की टेक्निकल रिसर्च वाइस प्रेसिडेंट वैशाली पारेख ने कहा कि कमजोर संकेतों के बीच निफ्टी ने 23,150 के स्तर के 50ईएमए सपोर्ट लेवल से अच्छी रिकवरी दिखाई, जिससे आगे भी ऊपर की ओर बढ़ने की उम्मीद है।

आत्मनिर्भर भारत :सोया वैल्यू चेन को मिला नया दृष्टिकोण

इंदौर/नवप्रदेश। भारत की खाद्य सुरक्षा, पोषण जरूरतों और सतत कृषि प्रणाली को ध्यान में रखते हुए, इंदौर में आयोजित 'सोया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 2025' के दूसरे दिन विचार-विमर्श का दायरा और भी विस्तृत रहा। दो दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन ने न केवल सोया आधारित उत्पादों की उपयोगिता को रेखांकित किया, बल्कि इससे जुड़े व्यापक सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहलुओं को भी विमर्श का हिस्सा बनाया। कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन का फोकस मुख्यतः सोयाबीन के चुनाव, उत्पादन, प्रोसेसिंग और व्यापार से संबंधित जागरूकता फैलाने और संपूर्ण वैल्यू चेन को विकसित करने की दिशा में रहा।

सीएसआईआर सीएफटीआरआई की डायरेक्टर डॉ.श्रीदेवी अन्नपूर्णा सिंह ने कहा ÷आज भारत कई सोया उत्पादों और प्रोसेस्ड सामग्री के लिए अन्य देशों पर निर्भर है। यदि हम अपने देश में ही पर्याप्त मात्रा में प्रोसेसिंग सुविधाएं विकसित करें, किसानों को बाजार से सीधे जोड़ें और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करें, तो भारत एक आत्मनिर्भर सोया अर्थव्यवस्था की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकता है। अब समय आ गया है कि हम सोया को सिर्फ एक फसल नहीं, बल्कि समग्र विकास का माध्यम समझें। इसके माध्यम से न केवल पोषण, बल्कि रोज़गार, महिला सशक्तिकरण और निर्यात अवसर भी पैदा हो सकते हैं।

आईसीएआर-नेशनल सोयाबीन रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. कुंवर हरेन्द्र सिंह के अनुसार, ÷किसानों के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और गुणवत्ता युक्त बीजों का चयन उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित और पोषणयुक्त उत्पादों की उपलब्धता। किसानों में अब जागरूकता बढ़ रही है और वे बेहतर खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। साथ ही, उपभोक्ता भी अब यह जानना चाह रहे हैं कि वे जो खा रहे हैं वह उनके स्वास्थ्य के लिए कितना लाभकारी है और किस स्रोत से आया है। हालांकि, यह केवल कृषकों की जिम्मेदारी नहीं मानी जा सकती। प्रोसेसिंग यूनिट्स, फूड इंडस्ट्री, वैज्ञानिक समुदाय और नीति निर्माताओं की साझा भागीदारी ही इस पूरे इकोसिस्टम को सफल बना सकती है। सोया से जुड़ी एक समर्पित 'वैल्यू चेन' का निर्माण अत्यंत आवश्यक है जिसमें उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक की प्रत्येक कड़ी मजबूत और पारदर्शी हो।

खेल

75 लाख के खिलाड़ी ने कैंसिल किया अपना हनीमून

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा. लेकिन, अपने आईपीएल डेब्यू मैच में सनराइजर्स के हरफनमौला खिलाड़ी कामिंदु मेंडिस ने इतिहास रच दिया. वह आईपीएल इतिहास में एक ही ओवर में दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले और विकेट हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बन गए। केकेआर की पारी के 13वें ओवर में कामिंदु मेंडिस ने 3 गेंद लेफ्ट आर्म स्पिन फेंकी. वहीं, 3 गेंद राइट आर्म ऑफ स्पिन फेंकी. इस ओवर की चौथी गेंद पर उन्होंने अंगकृष रघुवंशी को हर्षल पटेल के हाथों कैच आउट कराकर अपना पहला विकेट लिया. इसके साथ ही वह आईपीएल के इतिहास में विकेट लेने वाले पहले उभयलिंगी (लेफ्ट और राइट दोनों हाथों से गेंदबाजी) गेंदबाज भी बन गए। कामिंदु मेंडिस एक प्रतिभाशाली युवा श्रीलंकाई

क्रिकेटर हैं, जो न केवल अपने हरफनमौला खेल के लिए जाने जाते हैं, बल्कि एक दुर्लभ और उल्लेखनीय कौशल - उभयलिंगी गेंदबाजी भी करते हैं. मेंडिस ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों क्रिकेट में प्रभावित किया है. वह चल रहे आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं। 30 सितंबर, 1998 को श्रीलंका के गॉल में जन्मे कामिंदु मेंडिस ने रिचमंड कॉलेज में पढ़ाई की. कॉलेज से ही उनका क्रिकेट का सफर शुरू हुआ. कम उम्र से ही वह दुर्लभ दोनों हाथों से गेंदबाजी करने लगे थे। कामिंदु ने 2015 में लिस्ट ए में डेब्यू किया और शानदार खेल दिखाया. फिर 2018 में उन्होंने श्रीलंका की अंडर-19 विश्व कप टीम की कप्तानी की और उसी साल इंग्लैंड के खिलाफ अपना अंतर्राष्ट्रीय टी20ह्व डेब्यू किया. इसके बाद 2019 में उनका वनडे डेब्यू हुआ और 2022 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में, कामिंदु मेंडिस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 75 लाख रुपये में खरीदा था. फ्रैंचाइज को बल्ले और गेंद दोनों से उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रभावित किया. वह दाएं हाथ की ऑफ स्पिन और बाएं हाथ की ऑर्थोडॉक्स लेग स्पिन दोनों तरह की गेंदबाजी कर बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। कामिंदु मेंडिस ने सनराइजर्स हैदराबाद कैंप में शामिल होने के लिए मार्च 2025 में अपने हनीमून के प्लान को कैंसिल कर दिया था. मेंडिस ने श्रीलंका में लंबे समय तक डेटिंग के बाद अपनी गर्लफ्रैंड निशनी से शादी की थी. शादी के बाद, कपल ने अपने देश में ही हापुटाले में एक छोटे हनीमून का आनंद लिया. लेकिन, आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के कैंप से जुड़ने के लिए उन्होंने हनीमून के लिए बाहर जाने के अपने फैसले को टाल दिया।

वेंकटेश अय्यर की पारी के कायल हुए इयोन मार्गन

नईदिल्ली। पूर्व इंग्लैंड कप्तान इयोन मॉर्गन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर की 60 रन की धमाकेदार पारी, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 80 रन की बड़ी जीत में अहम रही और यह पारी आईपीएल 2025 में उनके लिए एक नया मोड़ ला सकती है। पहले दो मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद यह पारी उनके आत्मविश्वास को बढ़ा सकती है।

वेंकटेश अय्यर को इस बार की नीलामी में कोलकाता ने 23.75 करोड़ रुपये में फिर से खरीदा था। लेकिन शुरुआती दो मैचों में वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के खिलाफ सिर्फ 6 और 3 रन ही बना सके थे। फिर हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने 29 गेंदों में 60 रन ठोक डाले, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे।मॉर्गन ने कहा, हमने कई बार देखा है कि जब खिलाड़ियों पर बड़ी कीमत का दबाव होता है, तो वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते। लेकिन वेंकटेश की यह पारी दिखाती

है कि शायद अब उनका सीजन सही रास्ते पर आ जाए और कोलकाता की बल्लेबाजी को मजबूती मिले। इसके साथ ही मॉर्गन ने अजिंक्य रहाणे की शांत और सोच-समझकर की गई कप्तानी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, रहाणे शानदार थे। मैदान पर फैसले लेते समय भावनाओं को एक तरफ रखना एक अच्छे कप्तान की पहचान होती है, और उन्होंने ऐसा ही किया। जब शुरुआती विकेट मिले, तो उन्होंने सही समय पर गेंदबाजी में बदलाव किए, जिससे मैच को अपने पक्ष में कर लिया। शुरुआती झटकों के बाद अंग्कृष रघुवंशी और वेंकटेश अय्यर के अर्धशतकों की मदद से केकेआर ने 20 ओवर में 200 रन बनाए। फिर गेंदबाजों ने कमाल कर दिया और हैदराबाद की पूरी टीम को सिर्फ 120 रन पर आउट कर दिया। वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 विकेट झटके।मॉर्गन ने केकेआर के इस प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा, केकेआर ने सनराइजर्स को पूरी तरह से दबोच लिया। जब आप कोई मैच बुरी तरह हारते हैं, खासकर बाहर के मैदान पर, तो वापसी करना आसान नहीं होता। लेकिन केकेआर ने हार मानने के बजाय आत्मविश्वास दिखाया। बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी ली और गेंदबाजों ने हर मौका भुनाया।

उन्होंने आगे कहा, जब आप विरोधी टीम के अहम बल्लेबाजों को शुरू में आउट कर देते हैं, तो मैच पर पकड़ बन जाती है। रहाणे की कप्तानी इसमें अहम रही। उन्होंने आंद्रे रसेल को सही समय पर इस्तेमाल किया, मोइन अली और वेंकटेश अय्यर से गेंदबाजी नहीं करवाई और जीत की रणनीति अपनाई। यह वही सोच है जिसकी जरूरत एक संघर्ष कर रही टीम को होती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com